* *

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 04 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 147 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरा दक्षिणी छोटानागपुर
की लाखों माता-बहनों को

खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार

सम्मान राशि का
करेंगे हस्तांतरण

4 सितम्बर, 2024 | अपराह्न 01:00 बजे से
ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम, रांची

दक्षिणी छोटानागपुर (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा) की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

48 लाख
से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख
बहनों के आवेदन स्वीकृत

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 04 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुल्क पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 147 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.6 | 25.8 |
| जमशेदपुर | 33.5 | 25.0 |
| डालटनगंज | 34.7 | 25.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.







स्मार्ट सिटी

# पहले जमीन रजिस्ट्री में फंसा पेंच, अब नक्शे ने अटकाया

## परेशान हैं स्मार्ट सिटी के इन्वेस्टर्स, तीन साल में कुछ भी न कर सके

आकर्ष अनिकेत। रांची

रांची स्मार्ट सिटी न जाने कब तक स्मार्ट बन पाएगा. यहां जिन निवेशकों ने जमीन ली है, वे अपने भूखंड पर एक ईंट भी नहीं रख सके हैं. पिछले चार साल के दौरान जिन निवेशकों को एडीबी एरिया में जमीन का आबंटन हुआ, वे पैसे जमा करने के बाद भी परेशान ही रहे. पहले जमीन का पैसा जमा किया, तो स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने जमीन रजिस्ट्री में विलंब कर दी. और जब जमीन की रजिस्ट्री हो गयी, तो अब नगर विकास विभाग नक्शा ही पास नहीं कर रहा है. छह महीने पहले ही निवेशकों ने नगर विकास विभाग के टाउन प्लानर के पास नक्शा जमा कराया था, लेकिन फाइल अबतक वहीं पड़ी है.

निवेशकों का कहना है कि जब नक्शा ही पास नहीं हो रहा तो भला अपने भूखंड पर कोई काम कैसे करा पाएंगे. इसके विपरित खास लोगों के लिए स्मार्ट सिटी में खास ध्यान रखा जा रहा है. एक ओर जहां आम लोग अपने प्लॉट पर एक ईंट भी नहीं रखे सके, झारखंड के मंत्रियों के रहने के लिए बंगले फटाफट तैयार कर दिए गए. हालांकि स्मार्ट सिटी सूत्रों का कहना है कि नक्शे में नियमों और शर्तों का पालन नहीं किया गया. डेविएशन पाया गया है, इसलिए निवेशकों को उसमें सुधार करने को कहा गया है. किसी नक्शे को जानबूझ कर पेंडिंग नहीं रखा गया है. स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के जीएम राकेश नंदक्योलियार का कहना है कि शीघ्र ही नक्शा क्लीयर कर दिया जाएगा.

### एडीबी एरिया में 16 निवेशकों को जमीन का आवंटन

रांची स्मार्ट सिटी की नींव पड़े लगभगा सात साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन जिन निवेशकों ने जमीन ली है, वो आज तक कोई काम नहीं रा सके हैं. 2021 से 2024 तक ई-ऑक्शन के जरिए 16 निवेशकों को स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया में जमीन का आवंटन हुआ था. 2021 में पहले चरण के ऑक्शन में निवेशकों को नौ प्लॉट आवंटित किए गए थे. इनमें से विष्णु अग्रवाल के तीन प्लॉट को छोड़कर बाकी प्लॉट के निवेशकों ने प्लॉट आवंटित होने के एक साल के दौरान ही सारे पैसे जमा करा दिए थे, लेकिन इसके बाद भूखंड की रजिस्ट्री में पेंच फंसा रहा. हालांकि साल भर पहले छह प्लॉट की रजिस्ट्री हो गई. निवेशकों को एनवायरमेंटल और एयरपोर्ट क्लीयरेंस तो मिला, लेकिन नक्शा अब तक पास नहीं हो सका है.



**09** प्लॉट आवंटित किए गए थे 2021 में पहले चरण के ऑक्शन में निवेशकों को

### पांच बिल्डरों ने पांच हजार फ्लैट के लिए नक्शा जमा किया

ई-ऑक्शन के पहले चरण में पांच बिल्डरों को लगभग 52.19 एकड़ भूमि का आबंटन हुआ था. इन बिल्डरों ने लगभग पांच हजार फ्लैट निर्माण के लिए नक्शा डाला था, लेकिन छह माह बाद भी स्वीकृत नहीं हो सका. बिल्डरों का दावा है कि उनका नक्शा परफेक्ट है, जनबूझ कर नक्शा लटकाया गया है. लेकिन स्मार्ट सिटी प्रबंधन का दावा है कि किसी भी नक्शे को लटकाया नहीं गया है, बल्कि उसमें नियमानुसार सुधार कर पिर से जमा करने को कहा गया है. सुधार होते ही नक्शा स्वीकृत कर दिया जाएगा.

### इंटीग्रेटड इंफ्रास्ट्रक्चर का 98 प्रतिशत काम पूरा

स्मार्ट सिटी प्रेजेक्ट में इंटीग्रेटड इंफ्रास्ट्रक्चर का 98 प्रतिशत काम लघभग पूरा हो चुका है. ई-ऑक्शन में कुल 16 निवेशकों को जमीन आवंटित की गयी है. सबसे पहले मार्च 2021 में जमीन की ऑनलाइन नीलामी में सात बिल्डरों को नौ प्लॉट आवंटित किये गये थे. इसके बाद हुई दो फेज की नीलामी में केवल दो निवेशकों को जमीन का आवंटन किया जा सका था. बाद में चौथे फेज में पांच निवेशकों को जमीन दी गयी है. वहां आवासीय और व्यावसायिक प्लॉटों के अलावा स्कूल, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट और मिक्स यूज के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है.

### बैंक, नाबार्ड, आईटी विभाग सहित केंद्रीय एजेंसियों ने भी दिया है आवेदन

रांची स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया में इनकम टैक्स विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा और नाबार्ड बैंक समेत कई केंद्रीय एजेंसियां भी जमीन तलाश रही हैं. इन एजेंसियों और बैंकों ने रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन से एडीबी एरिया में ऑफिस और रेसिडेंशियल यूज के लिए जमीन के लिए पहल तो की है और स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ और सीएमडी के नाम से आवेदन दिये हैं. मुख्अय सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इसपर फैसला लिया जाएगा. गौरतलब है कि इससे पहले स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने रांची नगर निगम को अपोलो अस्पताल के लिए स्मार्ट सिटी में 2.75 एकड़ जमीन मुहैया कराया है. अपोलो यहां 250 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियिलिटी अस्पताल खोलेगा. वहीं यातायात विभाग के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक पार्क बनाने के लिए 3.5 एकड़ जमीन दी है, जबकि जुडको को मंत्री बंग्ला बनाने के लिए 9 एकड़ जमीन दी गई थी, जिस पर बंग्ला बन कर तैयार है.



**हेमंत, कल्पना और जोबा मांझी ने किया नृत्य :** सांसद जोबा मांझी और विधायक कल्पना सोरेन ने संताली नृत्य के दौरान मंच पर पहुंच गईं और कलाकारों के साथ नृत्य करने लगीं. इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन भी खुद को रोक नहीं सके.

हेमंत सोरेन ने दिल्ली में नवनिर्मित झारखंड भवन का किया उदघाटन, कहा

# झारखंड के लोगों को होगा फायदा

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में झारखंड भवन का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में ये जगह काफी खास है. उन्होंने झारखंड वासियों की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा है कि एक झारखंड भवन पहले से बसंत कुंज में है. लेकिन वह बहुत छोटा है। उसमें मात्र 16-17 कमरे हैं. आपको पता है कि देश की राजधानी है दिल्ली. कई सारे लोग सरकारी कार्यक्रम के लिए यहां आते हैं. कई सारे लोग स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए आते हैं. अलग अलग कारणों से झारखंड के लोगों का यहां आना जाना होता है. बहुत कम कमरे होने की वजह से बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और आखिरकार 60-65 कमरों का एक झारखंड भवन बनकर तैयार हुआ है.

**सुगमता से होंगे कार्य :** सीएम ने कहा कि बड़े लंबे समय से इस भवन के तैयार होने की इंतजार में सभी थे. आज विधिवत ये उद्घाटन हो गया है. आने वाले समय में मुझे लगता है कि हमारे झारखंड के विधायक, मंत्री, सांसद, पूर्व विधायक, आम आदमी जो इलाज के लिए आते हों उनको भी सरकार के द्वारा उनके ठहरने की व्यवस्था की जाएगी.

-शेष पेज 11 पर



झारखंड भवन के उद्घाटन के बाद सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन.

### क्या है खास

झारखंड भवन सात मंजिला है. यहां अतिथियों को ठहरने के लिए 50 गेस्ट रूम बनाए गए हैं. राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्य सचिव के लिए अलग सुइट बनाए गए हैं. वीवीआईपी के लिए विशेष कमरे बनाए गए हैं. बिल्डिंग को आधुनिक लुक दिया गया है. इंटीरियर भी शानदार हैं.

**कब हुआ था झारखंड भवन का भूमि पूजन :** 18 जनवरी 2016 को झारखंड की तत्कालीन राज्यपाल और वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने झारखंड भवन का भूमि पूजन किया था.दिल्ली में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड भवन का उद्घाटन किया.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,000 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### दंतेवाड़ा में मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ की दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर स्थित पुरंगेल के लोहा गांव में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम नौ नक्सली मारे गये हैं. मौके से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और बंदूकें भी बरामद की गई हैं. यह ऑपरेशन डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों द्वारा किया गया था, जिन्हें नक्सलियों के बड़े जमावड़े की सूचना पर रात में सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था. यह घटना किरंदुल थाना क्षेत्र के तहत आती है. एसपी गौरव राय ने बताया कि मंगलवार सुबह गश्त के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी.

#### नीतीश से मिले तेजस्वी सियासी हलचल तेज

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में आठ महीने बाद मिले. इस मुलाकात को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई. हालांकि तेजस्वी ने बाद में बताया कि सूचना आयुक्त के पद पर होने वाली नियुक्ति को लेकर सीएम से मुलाकात हुई.

#### पाक में बारिश का कहर, 293 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हो रही मॉनसून की बारिश से 293 लोग मारे गए हैं और 564 अन्य घायल हुए हैं. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अधिकांश क्षति और हताहतों की सूचना पूर्वी पंजाब प्रांत से मिली है.

**बड़ी पहल :** बंगाल विधानसभा से अपराजिता बिल हुआ पास

# रेपिस्ट के लिए सजा-ए-मौत का प्रावधान

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया. इस कानून के तहत बलात्कार और हत्या के मामलों में या बलात्कार के ऐसे मामलों में जहां पीड़िता को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है, आरोपी को मौत की सजा का प्रावधान है.

विधानसभा में भाजपा ने वादे के अनुसार, विधेयक का समर्थन किया और मत विभाजन की मांग नहीं की. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि प्रधानमंत्री वह काम नहीं कर सके जो उनकी सरकार ने किया. उन्होंने कहा कि चूंकि प्रधानमंत्री महिलाओं की सुरक्षा में कोई पहल नहीं कर सके, इसलिए उन्हें और केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए. देश भर में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के खिलाफ जारी विरोध के बीच ममता सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर यह विधेयक विधानसभा में पेश किया और पारित कराया.



**महिलाओं को मिलेगा अदालत से न्याय: ममता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सीबीआई से पीड़िता के लिए न्याय चाहती हैं, जो फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि गवर्नर को विधेयक को जल्दी मंजूरी देनी चाहिए, ताकि यह राष्ट्रपति के पास भेजा जा सके. मुख्यमंत्री ने कहा, उसके बाद इसे लागू करना और प्रभावी बनाना हमारी जिम्मेदारी होगी. इसलिए मैं विपक्ष के नेता से अनुरोध कर रही हूं कि गवर्नर को विधेयक को शीघ्र मंजूरी देने के लिए कहें. इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी.

# ऐसी कौन सी नौकरी, जहां सैलरी से ज्यादा पेंशन

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर नया हमला बोला है और पूछा है कि आखिर वो कौन सी नौकरी करती थीं, जिसमें उन्हें सैलरी से ज्यादा पेंशन मिलती है. कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेन्स में आरोप लगाया कि सेवानिवृत्ति के बाद आईसीआईसीआई बैंक ने सेबी चीफ को लाभ पहुंचाया, जो हितों का टकराव है.

▪ **सेबी चीफ से कांग्रेस ने पूछा**

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर 2014-15 में माधवी बुच और बैंक के बीच सेटलमेंट हो गया था और 2015-16 में उन्हें आईसीआईसीआई से कुछ नहीं मिला तो 2016-17 में पेंशन फिर से क्यों शुरू हो गई? उन्होंने सैलरी से ज्यादा पेंशन मिलने पर भी सवाल उठाया. खेड़ा ने पूछा कि अगर साल 2007-2008 से 2013-14 तक की माधवी पुरी बुच की औसत सैलरी निकाली जाए, जब वो आईसीआईसीआई में थीं, तो वह करीब 1.30 करोड़ थी. लेकिन माधवी बुच की पेंशन का औसत 2.77 करोड़ है. कौन सी नौकरी है, जिसमें पेंशन, सैलरी से ज्यादा है. कांग्रेस की तरफ से एक ट्वीट में पवन खेड़ा की बात दोहराई गई है, जिसमें कहा गया है, हमने सोमवार को पीएम मोदी, सेबी चीफ और आईसीआईसीआई बैंक से सवाल पूछे थे. अब आईसीआईसीआई बैंक का खुलासे पर जवाब आया है.

### बुच जैसी नौकरी सबको मिलनी चाहिएः कांग्रेस



पवन खेड़ा ने कहा, ऐसा कहीं होता है कि पेंशन शुरू होती है और फिर बंद होती है और फिर चालू हो जाती है. कौन सी ऐसी सैलरी है, जिससे पेंशन ज्यादा होता है. माधवी पुरी बुच को सैलरी से ज़्यादा पेंशन मिलती है. ये कैसे हो सकता है. ऐसी नौकरी सबको मिलनी चाहिए, जहां सैलरी से ज़्यादा पेंशन हो. उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के अलावा भाजपा के एक पूर्व सांसद भी माधवी बुच पर भ्रष्ट होने का आरोप लगा रहे हैं. सरकार उनके आरोप पर जवाब दे.

### आईसीआईसीआई बैंक ने दी सफाई

आरोपों पर आईसीआईसीआई बैंक ने सफाई दी है. कहा कि उसने अक्टूबर, 2013 में सेबी प्रमुख के रिटायरमेंट के बाद से उन्हें कोई भी वेतन या लाभ नहीं दिया है. आरोप पर बैंक ने कहा, उसकी समूह कंपनियों ने बुच को रिटायरमेंट लाभों के अलावा कोई वेतन या कोई ईएसओपी नहीं दिया है. बुच ने 31 अक्टूबर, 2013 से रिटायर का विकल्प चुना था. समूह में अपने कार्यकाल के दौरान बुच को बैंक की नीतियों के अनुरूप वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, बोनस और ईएसओपी के रूप में पारिश्रमिक मिला. बैंक ने कहा, हमारे नियमों के तहत ईएसओपी आवंटित किए जाने की तारीख से अगले कुछ वर्षों में मिलते हैं.

**गुड न्यूज** विश्व वैंक ने आर्थिक मोर्चे पर बढ़ाया जीडीपी ग्रोथ अनुमान, कहा

# 7 फीसदी की तेज रफ्तार से दौड़ेगी इंडियन इकोनॉमी

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए सितंबर की शुरुआत में ही विदेश से एक गुड न्यूज आई है, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई है. दरअसल, विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत के जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 40 बेसिस पॉइंट बढ़ाते हुए अब 7 फीसदी कर दिया है.

वर्ल्ड बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान को बढ़ाते हुए 7% कर दिया है. इससे पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6% की दर से आगे बढ़ने की उम्मीद जताई थी, जिसे अब अपडेट कर दिया है. वर्ल्ड बैंक का कहना है कि कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में वृद्धि से भारत की इकोनॉमी को समर्थन मिलेगा. रिपोर्ट में कहा गया कि कृषि में सुधार से उद्योग में मामूली नरमी आंशिक रूप से कम हो जाएगी. यह भी कहा गया है कि सर्विस सेक्टर मजबूत बना रहेगा और कृषि में अपेक्षित सुधार की बदौलत ग्रामीण निजी खपत में सुधार होगा. बता दें कि जीडीपी में गिरावट की वजह लोकसभा चुनावों के दौरान सरकारी खर्च में कमी व खपत रुकना मानी जा गई. रिजर्व बैंक ने जून तिमाही के लिए 7.1% की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था.



**यहां से मिलेगा सपोर्ट :** वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एग्रीकल्चर सेक्टर में सुधार और रूरल डिमांड में इजाफे से इंडियन इकोनॉमी को सपोर्ट मिलेगा. इसमें कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी का दौर जारी है. जीडीपी ग्रोथ अनुमान बढ़ाने के साथ ही वर्ल्ड बैंक ने ये उम्मीद भी जताई है कि भारत का सर्विस सेक्टर मजबूत बना रहेगा.

**अभी भी सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा भारत :** वर्ल्ड बैंक द्वारा जीडीपी ग्रोथ अनुमान में किया गया ये पॉजिटिव बदलाव भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन को प्रदर्शित करने वाला है. जो कि एफवाई24 में जोरदार ग्रोथ के साथ दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था रही है. भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा है कि भारत वित्त वर्ष 24 में 8.2 फीसदी की जीडीपी ग्रोथ के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी था और अब भी यह अच्छी तेजी से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसा तब है जबकि कोरोना महामारी से पहले के स्तरों की तुलना में ग्लोबल ग्रोथ धीमी है.

**पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ में आई थी गिरावट :** विश्व बैंक की तरफ से इंडियन इकोनॉमी को लेकर ये अच्छी खबर ऐसे समय में आई है, जबकि एफवाई25 की पहली तिमाही में इसमें गिरावट दर्ज की गई है.

जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट पिछले 5 तिमाही में सबसे कम रहा है. अप्रैल-जून 2024 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.7% दर्ज की गई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी थी.

सुप्रीम कोर्ट की अधीनस्थ अदालतों को सख्त हिदायत

# जल्दी सुनवाई की शर्त पर बेल रद्द नहीं कर सकतीं अदालतें

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सख्त हिदायद दी कि हाईकोर्ट निचली अदालतों के लिए केसों की जल्दी सुनवाई के लिए समय सीमा तय कर रहे और सिर्फ इस आधार पर जमानत देने से इनकार सही नहीं है. यह शीर्ष कोर्ट के फैसले के खिलाफ है क्योंकि ऐसी समयावधि निर्धारित करना असाधारण मामलों में ही सही है.लेकिन हर मामले में सही नहीं है.

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा केसों के निपटान और सुनवाई के लिए बेल देने से इनकार करना शीर्ष कोर्ट की संविधान पीठ के फैसलों के खिलाफ है. बार एंड बेंच के मुताबिक, पीठ ने कहा, संविधान पीठ की घोषणा के बावजूद, देखा है कि कई हाईकोर्ट बेल खारिज करते वक्त केसों की जल्दी सुनवाई के लिए समय तय कर रहे हैं. ऐसा नहीं हो सकता. सिर्फ इस आधार पर बेल से इनकार किया जाए कि केस का निपटारा शीघ्रता से होगा. केस की सुनवाई की सीमा का ऐसा निर्धारण असाधारण मामलों में किया जाना चाहिए. न्यायमूर्ति ओका की अध्यक्षता में संविधान पीठ के पूर्व फैसले में कहा गया था कि अदालतों को किसी अन्य कोर्ट में लंबित मामलों के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तय करने से बचना चाहिए. पीठ ने दोहराया था कि हाईकोर्ट संवैधानिक कोर्ट हैं और उन्हें सुप्रीम कोर्ट के अधीनस्थ नहीं है.

### शहर में आज

1. मइयां सम्मान योजना, नामकुम में दोपहर 1 बजे
2. रिनपास का स्थापना दिवस, रिनपास में दिन के 11 बजे
3. प्रदेश कांग्रेस की बैठक, कांग्रेस भवन में दोपहर 12 बजे

### ब्रीफ खबरें

#### पुत्र की हत्या मामले में पिता दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को पुत्र की हत्या करने वाले पिता अर्द्धसैनिक बल के हवलदार राकेश राउत को दोषी करार दिया है. पिता ने राइफल से गोली मार कर पुत्र की हत्या कर दी थी. पुत्र राहुल राउत के जल्दी उठकर पढ़ाई नहीं करने पर गुस्साये पिता ने उसकी हत्या की थी. सजा की बिंदु पर नौ सितंबर को सुनवाई होगी. मामला वर्ष 2018 का गोंदा थाना क्षेत्र के टिकली टोला का है.

#### 501758 मामलों में 17 हजार निष्पादित

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल का अंतिम सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम भी अपनी सफलता की ओर अग्रसर है. 30 अगस्त से शुरू हुए इस कार्यक्रम में महज चार दिनों में 5,01758 लाख मामले आए. जिसमें से 17403 का निष्पादन किया जा चुका है. जबकि 484221 लंबित हैं. इस दौरान सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के आवेदन 399531 आए हैं. अबुआ स्वास्थ्य योजना, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र आदि के आवेदन आए.

#### हत्या का आरोपी गंगा साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्याययुक्त अरविंद कुमार की कोर्ट ने मंगलवार को हत्या के आरोपित गंगा साहू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. गंगा साहू पर कैलाश साहू की टांगी से मार कर हत्या करने का आरोप था. मामला लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा मुंडाटोली गांव का है. आपसी रंजिश के कारण हत्या की गयी थी. 10 जून 2019 को मृतक कैलाश साहू सुबह शौच के लिए गांव के नदी की ओर गया था. इसी वक्त उसकी हत्या की गयी थी.

#### राजद 22 सीटों पर लड़ेगा विस चुनाव

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद राजद का संगठन तेजी से प्रतिदिन मजबूत हुआ है. उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने संगठन नेताओं को स्पष्ट तौर पर कहा कि पार्टी का किसी भी हाल में कम से कम 22 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ना तय है. राज्य में राजद कार्यकर्ताओं का सम्मान और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं होगा.

#### रिनपास में किया गया लाखों का घोटाला

**कांके।** बीएयू के बाद रिनपास में निजी सुरक्षा एजेंसी समानता सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज प्राइवेट लि. का घोटाला सामने आया है. संस्थान के गार्डों ने बताया, उनको सफाईकर्मियों से भी कम वेतन 10600 रुपए मिलता है. 1900 ईपीएफ काटा जा रहा है. गार्डों का 9100 वेतन तथा 1500 ईपीएफ का अंशदान जमा हो रहा है. राज्य सरकार की 11 मार्च 2024 की अधिसूचना के अनुसार सफाईकर्मियों की मजदूरी 12168 व निजी गार्डों का 12766 प्रतिमाह है. मूल वेतन पर 8.33% बोनस की राशि का अलग से भुगतान एजेंसी को रिनपास प्रतिमाह दे रहा है.

**राजनीति :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने असम के मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

# सांप्रदायिकता-घुसपैठिया से ऊपर उठ कर ज्वलंत समस्याओं पर बोलें हिमंता

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री और भाजपा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा अपने झारखंड दौरे के क्रम में हमेशा सांप्रदायिकता को हवा दे रहे हैं, जो झारखंड के लोगों के लिए घातक है. सरमा सहित अन्य भाजपा नेताओं को झारखंड और यहां के आदिवासियों व मूलवासियों की इतनी ही चिंता है तो वे बताएं आदिवासी- मूलवासियों से लूटी गयी ज़मीन उन्हें कब और कैसे वापस मिलेगी? सांप्रदायिकता और घुसपैठिया रट लगाते हिमंता विस्वा सरमा की तथाकथित तांत्रिक बुद्धि को झारखंड नहीं चलने देंगे. उक्त बाते तिर्की ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.



#### एचईसी पर मुंह से एक बयान तक नहीं आया

तिर्की ने कहा की एचईसी आज बंद होने के कगार पर खड़ी है परंतु हिमंता विस्वा सरमा के मुंह से आज तक इस बारे कोई बयान तक नहीं आया. उल्टा एचईसी का अकाउंट फ्रीज कर दिया गया.

#### झारखंड की बकाया राशि दिलवाने की पहल करें हिमंता

तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार के पास झारखंड की बकाया 1 लाख 36 हज़ार करोड रुपए की राशि का अविलंब भुगतान करने के सन्दर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुनाये गये निर्णय के बाद लम्बा समय बीत चुका है. लेकिन केंद्र सरकार ने इस दिशा में कोई भी कदम नहीं बढ़ाया है.

#### खुद असम से कितने घुसपैठियों को बाहर निकाले बताएं

तिर्की ने कहा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात करनेवाले हिमंता विस्वा सरमा को यह बताना चाहिए कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान उन्होंने असम से कितने घुसपैठियों को बाहर निकाला. उन्हें केवल ध्रुवीकरण एवं सांप्रदायिकता के बलबूते झारखंड की सत्ता पर काबिज़ होने एवं यहां के लोगों या समाज में जहर घोलने से बाज़ जाना चाहिए.

#### अहम योजनाओं के खिलाफ कोर्ट जा रहे हैं लोग

तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मईया सम्मान योजना से घबराकर भाजपा नेता उल-जुलूल बयान दे रहे हैं और अब उनसे जुड़े लोग ही हाईकोर्ट गये है. यह योजना अब झारखंड की आधी आबादी की पहचान है. अगले 22 सितम्बर को राजधानी के पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित सम्मेलन में विभिन्न जिला से आये 10 हजार माताओं बहनो द्वारा द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया जाएगा.

#### आम बजट में झारखंड को क्या मिला बताएं

तिर्की ने सवाल उठाया कि आदिवासियों के सामाजिक-आर्थिक मुद्दे और झारखंड के हित में यदि भाजपा नेता इतने ही संवेदनशील हैं तो केंद्र सरकार के 2024-25 के वित्तीय बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश की तरह झारखंड के लिये विशेष प्रावधान क्यों नहीं किया गया जबकि झारखण्ड को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है.

#### असम में झारखंड से 150 साल पहले गए आदिवासियों के लिए क्या किया बताएं

श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के हितों पर लम्बी-चौड़ी बातें करनेवाले आसाम के मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि उन्होंने स्वयं वहां के मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासियों के लिये क्या-क्या किया और कौन से कदम उठाये. उन्होंने याद दिलाया कि झारखंड से 150 साल पहले पलायन कर आसाम गये आदिवासियों को वहां अबतक एमओबीसी अर्थात अप्रवासी अन्य पिछड़ा वर्ग का दर्जा प्राप्त है और जनजातीय के रूप में अबतक मान्यता नहीं मिली है. जिसके कारण आसाम में बसे झारखंड के उन आदिवासियों को न तो आरक्षण का लाभ मिल पा रहा है और ना ही सरकार की लाभकारी योजनाओ का ही.

#### मंडल डैम योजना का क्या हुआ बताएं

तिर्की में कहा कि 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू एवं गढ़वा में किसानों के हित में उत्तरी कोयल नदी पर मंडल डैम का शिलान्यास किया था लेकिन अबतक वह भी अधूरा है जिससे उन जिलों के किसानों को लाभान्वित करने की योजना आज ठंढे बस्ते पर चली गयी है.

सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया के मृतक अभ्यार्थियों के घर पहुंचे झामुमो नेता

# हम पीड़ित परिवार के साथ, सरकार हर संभव मदद को तैयार : विकास

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया के बहाली के मृतक अभ्यर्थियों के घर रांची जिले अंतर्गत नामकुम प्रखंड के रामपुर और ओरमांझी प्रखंड के जीराबार गांव जाकर पीड़ित परिवार से मिला और ढाढ़स बंधाया. हरसंभव मदद के लिए सरकार के स्तर पर बातों को रखने के लिए आश्वस्त किया.प्रतिनिधिमंडल में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा और झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम शामिल थे. मौके पर तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा किसी परिवार के व्यक्ति की मृत्यु अत्यंत दुखद होती है, हम पीड़ित परिवार के साथ है.



सरकार के स्तर से हम हर संभव मदद के लिए आश्वस्त करते हैं। अगर कोई दोषी होंगे उसका भी संज्ञान लेने के लिए मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दे दिया है.इसी क्रम मे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रांची के ओरमांझी प्रखंड के जीराबार ग्राम निवासी देवीलाल महतो जी के पुत्र अभ्यर्थी रहे अजय कुमार के घर गए.

**परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे सरकार :** पीड़ित परिवार के अभ्यर्थी रहे विकास लिंडा की मां ने कहा कि मेरा 22 वर्षीय बेटा साहिबगंज दौड़ के लिए गया था. जहां बेहोश होने के उपरांत जांच के दौरान हॉस्पिटल मे उसकी मृत्यु हो गई. वह रोज प्रैक्टिस और दौड़ के लिए तैयारी करता था. घर मे एक बड़ा बेटा है जो 25 वर्ष का है, उन्होंने घर के एक सदस्य के लिए सरकार से नौकरी की मांग की. इस मौके पर झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, मंटू लाला, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज, दिलबर सुरीन, राकेश वर्मा, हरीश महतो, नामकुम प्रखंड उपाध्यक्ष चामु बेक, साहिल यादव, राहुल वर्मा, ओमकार राय आदि उपस्थित थे.

**हम मुख्यमंत्री के निर्देश पर आए हैं :** जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम जी ने कहा यह बहुत ही दुखद घटना है. उत्पाद सिपाही की बहाली प्रक्रिया में भाग लेने गए लगभग 12 अभ्यर्थियों की मृत्यु होना हृदयविदारक घटना है. आज हम रांची के ही दोनो पीड़ित परिवार से मिले.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार हम यहां आए हैं और सरकार और सभी लोग पीड़ित परिवार के साथ है. परिवार के सदस्यों द्वारा कहीं गई बातों को हम मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और हर संभव मदद के लिए प्रयास करेगें.

## उत्पाद सिपाही दौड़ में हुई मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेवारः बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है. कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती में युवाओं की मौत हो रही और सरकार निश्चिंत है. परिजनों की सुधि लेने की भी राज्य सरकार को फुर्सत नहीं. हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिस प्रकार से नियमों का उल्लंघन किया, वह अभ्यर्थियों नौजवानों के मौत का कारण बन रही है. अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नही की गई. लंबी यात्रा करके नौजवान सेंटर पर पहुंचे. रात भर जागकर लाइन लगे और सुबह में धूप में उन्हें दौड़ाया गया. इसका सीधा असर नौजवानों के स्वास्थ्य पर पड़ा. ऐसे में स्वाभाविक है कि नींद पूरी नहीं होने से ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है। शरीर की कार्य क्षमता घटती है. फिर भी अभ्यर्थी दौड़ने को मजबूर हुए. उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब मृतकों के आश्रित को 50 लाख रुपए मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए.



- घायल अभ्यर्थियों के इलाज में बरती गई लापरवाही भी मौत का कारण बनी
- 50 लाख रुपये मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी दे राज्य सरकार

**पहले लिखित परीक्षा का था प्रावधान :** बाबूलाल ने कहा कि जहां तक नियमावली की बात है तो 2018 की बहाली नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि दौड़ के पहले अभ्यर्थियों की लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा हो. जो इसमें सफल हों उन्हीं को दौड़ में शामिल किया जाए. लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं किया. एक घंटा में 10 किलोमीटर की दौड़ उत्पाद विभाग के सिपाही के लिए अव्यावहारिक है. इतनी अनिवार्यता तो सेना की बहाली में भी नही है. स्व अजय कुमार महतो के इलाज में भी लापरवाही बरती गई. दौड़ में बेहोश हो जाने की स्थिति में परिजनों को सूचित किया गया. उनके पिताजी उनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में कराना चाहते थे, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करने दिया गया. उल्टे उन्हें फूड पाइप के द्वारा नाक से रिम्स में भोजन दिया गया. जबकि वे बोल रहे थे और खाने और पीने में सक्षम थे. इस प्रकार इलाज में भी लापरवाही बरती गई. राज्य सरकार पूरी तरह मौत की जिम्मेवार है.

### न्यूज अपडेट

#### युवा आजसू की सभा 8 को, जुटेंगे राज्यभर के युवा

**रांची।** युवा आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक अमित कुमार ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व और राज्य के युवाओं के साथ से हम नए झारखंड का निर्माण करेंगे. पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा आजसू 8 सितंबर को धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन करेगी. इस आयोजन में सरकार के क्रियाकलापों से प्रदेश भर के आक्रोशित युवा शामिल होंगे और उसकी वादा खिलाफियों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे. वह हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे.

#### प्रतिनिधिमंडल ने की नगर आयुक्त से मुलाकात

**रांची।** जवाहर लाल नेहरू बस सेवा और फुटपाथ दुकानदार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह से मुलाकात की. आयुक्त को उक्त बस सेवा के संचालन में हो रहे अनियमितता से अवगत कराया. दल ने 2010 से कार्यरत बस कर्मचारियों को स्थाई करना, मनमाने भाड़े की वसूली पर रोक लगाना, कोविड काल में काम करने वालों को भुगतान जल्द से जल्द करना, रंगरेज गली में बन रहे शौचालय को दूसरी जगह शिफ्ट करना आदि मांगें रखीं. इस दौरान सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह, झामुमो के पूर्व महानगर प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता,अजीत नायक, अकबर कुरैशी आदि मौजूद थे.

#### श्रीश्याम मंडल का चार दिनी श्याम महोत्सव पांच से

**रांची।** श्रीश्याम मंडल का चार दिनी 57वां श्रीश्याम महोत्सव पांच सितंबर से प्रारंभ होगा. पहले दिन सेवा प्रकल्प के कार्य किए जाएंगे. दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ से शाम चार बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. गाजे-बाजे और मनोहारी झांकी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर भक्ति रंग बिखेरते हुए वापस लौटेंगे. उक्त जानकारी मंगलवार को मंडल के चंद्रप्रकाश बागला ने अन्य पदाधिकारियों संग महोत्सव का पोस्टर जारी करते हुए दी. बताया कि तीसरे दिन शनिवार को खाटू नरेश की नयनाभिराम झांकी सजायी जाएगी.

#### आजसू विस क्षेत्रों में जन जागरण पदयात्रा करेगी

**रांची।**आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है. आज भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अलग अलग पंचायतों में विधानसभा प्रभारी और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया, पार्टी पदधारियों ने जनसभाओं और जन जागरण रथ में लगे एलईडी में चल रहे वीडियो के माध्यम से सरकार के झूठे वादों को जनता के सामने रखने का काम किया. पार्टी पदधारियों ने कहा कि सरकार ने जनता के विश्वास को तोड़ने का काम किया है, सरकार की वादाखिलाफियों का जवाब जनता देगी.

#### राज्य अवर वन सेवा संघ का धरना-प्रदर्शन जारी



**रांची।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2014 में अहितकारी संशोधन करके झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2024 बनाकर वनपाल के शत प्रतिशत प्रोन्नति के पदों में से कटौती करते हुए 50 फीसदी पदों पर सीधी नियुक्ति करने तथा अन्य अलाभकारी निर्णयों के विरुद्ध और विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राज्य के सभी वनरक्षी अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर 16 अगस्त 2024 से अपने प्रमंडल मुख्यालय/जिला मुख्यालय/जोनल मुख्यालय तथा वन भवन, डोरंडा, रांची में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे. फिर भी सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया जिससे कि वनरक्षियों की समस्याओं का हल हो सके.

#### टूटे पाइपों को ठीक नहीं किया तो बेमियादी धरना

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में रातु रोड कब्रिस्तान के समक्ष बड़ी आबादी फटे हुए पाइप की वजह से पीने के पानी के लिए काफी परेशान है, उनका हाल लिया. यह स्थिति पिछले माह से बनी हुई है. समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को लोगों ने प्रदर्शन किया. मालूम हो पाइप फटने की वजह से क्षेत्र के लाखों लोगों के घर में सप्लाई पानी नहीं आ रहा है. लोग लिए परेशान हैं. राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 48 घंटे के अंदर सप्लाई पाइपों को ठीक कर घर घर पानी नहीं पहुंचाया गया तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को बाध्य होंगे.

#### आदिवासी विकास परिषद ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, प्रदेश शाखा, हेहल के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष गीताश्री उरांव की अगवाई में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में राज्यपाल को झारखंड राज्य के आदिवासियों की विभिन्न समास्याओं से अवगत कराया गया है. उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जनगणना प्रपत्र सरकारी एवं गैर सरकारी उपयोग के लिए आदिवासी धर्म एवं अन्य मान्यताएं कोड कलम के पुनर्स्थापित करने, संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत सामाजिक शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिये आरक्षण को यथा यथावत बनाए पांचवी एवं छठवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य में आदिवासियों की जमीन को संरक्षित करने, एवं उच्च से मुक्त पांचवी एवं छठवीं अनुसूचित क्षेत्र के संबंध में उन्होंने बात रखी. प्रतिनिधिमंडल में भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गीताश्री उरांव, सुशील उरांव, पवन तिर्की, तेतरी उरांव, आकाश तिर्की, अनुज हेमरोम शामिल थे.

## बाबूलाल अभ्यार्थियों की मौत पर राजनीति चमकाने की कोशिश में

विशेष संवाददाता। रांची



विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दों की तलाश में भटक रहे भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उत्पाद सिपाही अभ्यर्थियों की मौत पर राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं. यह आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में हुई परीक्षार्थियों की मृत्यु की जांच सरकार कर रही है और सारी सच्चाई जनता के सामने आएगी. सिपाही भर्ती परीक्षा जिस नियमावली के तहत कराई जा रही है वह पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में लागू की गई थी, लेकिन जब परिस्थिति जन्य कारणों से परीक्षार्थियों की मृत्यु हुई तो इसके लिए बाबूलाल सरकार को दोषी ठहराने का प्रयास कर रहे हैं और भाजपा सरकार में लागू नीति से किनारा करने की कोशिश कर रहे हैं. आज भी भाजपा शासित कई राज्यों में ऐसी नीति लागू है.

#### सूबे में पहली बार ऐसी भर्ती आयोजन हुआ है

उन्होंने कहा कि घटनाओं की जानकारी सरकार के संज्ञान में आते हैं त्वरित गति से कार्रवाई की गई है भरती स्थल पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था, तीन दिनों के लिए भर्ती परीक्षा का स्थगन, समय सीमा का निर्धारण किया गया है. झारखंड गठन के पश्चात पहली बार इस तरह की भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है, नियमावली के तहत कराया गये दौड़ के दौरान ऐसी किसी घटना की आशंका नहीं थी. इस प्रकार की भर्ती परीक्षाओं के लिए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाए गए सारे नियमों की समीक्षा की घोषणा सरकार कर चुकी है बावजूद इसके बाबूलाल मरांडी शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देने की बजाय उनके नाम पर राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं. वर्तमान महागठबंधन की सरकार युवाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और ऐसी घटनाओं से मर्माहत है.

## विस चुनाव को लेकर कांग्रेस रेस, कल होगी 24 जिलाध्यक्षों की बैठक

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस रेस हो गयी है. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 5 सितंबर को कांग्रेस भवन में सभी 24 जिलाध्यक्षों को तलब किया है. सभी के साथ बैठक करेंगे. बैठक में कांग्रेस विधायकदल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव शामिल रहेंगे. इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जिलाध्यक्ष से संगठन को लेकर सभी से विस्तृत जानकारी लेंगे बूथ कमेटी में कार्य कितना हुआ है और कितना बचा इसकी चर्चा करेंगे. प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि यह बैठक जिला संगठन के निचले स्तर से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ताओं की मनोभावों, विचारों को जानने के लिए है ताकि उसके अनुसार पार्टी कार्यक्रम और नीतियां को तय कर सकें. चुनावी रण क्षेत्र तैयार है और ऐसे समय में हमें जरूरत है कि कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाएं. कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों तक संगठन के माध्यम से पहुंचाया जाए,

## पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं का कब तक फीता काटते रहेंगे सीएम

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड भवन के उद्घाटन पर कटाक्ष किया है. कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा की सरकार की शुरू की गई योजनाओं के फीता काटने वाले सीएम के रूप में याद किए जाएंगे. प्रतुल ने सीएम से जानना चाहा कि वो कब तक भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा शिलान्यास और फंड की गई योजनाओं का उद्घाटन करेंगे? उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक योजना का नाम बता दें जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने ही किया हो. झारखंड भवन का भी शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल और वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 18 जनवरी, 2016 को किया था.



#### यह पहली घटना नहीं है

प्रतुल ने कहा यह कोई पहली घटना नहीं कि जब भाजपा सरकार के द्वारा शुरू की गई योजनाओं को फीता काटकर मुख्यमंत्री अपनी पीठ खुद थप थपा रहे हैं. इससे पहले दुमका में मयूराक्षी नदी पर बने राज्य के सबसे लंबे पुल का शिलान्यास भाजपा की सरकार के समय हुआ था. फंडिंग भी हो गई थी. लेकिन उद्घाटन के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे अपनी उपलब्धि में जोड़ लिया. पलामू में कोयल सोन नदी पर बने पुल की भी यही कहानी है. फंडिंग और शिलान्यास भाजपा सरकार के समय हुआ. उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया. रांची नगर निगम के नए भवन और वेजिटेबल मार्केट की भी योजना और योजना की फंडिंग भाजपा सरकार के समय तैयार हुई थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ फीता काटा था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन सारी योजनाओं का पूरा क्रेडिट भी खुद ले रहे है.

**राजनीति** खूंटी में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में बनी चुनावी रणनीति

# संगठन से मिले कार्य को ईमानदारी पूर्वक करें : मुंडा

संवाददाता। रांची/खूंटी

पूर्व कंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन से मिले कार्य को ईमानदारी पूर्वक करें. अर्जुन मुंडा मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि बैठक पूरी तरह से कामकाजी बैठक है. भाजपा कार्यकर्ता कोई वेतनभोगी नहीं, वे स्वाभिमानी कार्यकर्ता हैं. सबको सहयोगी बना कर कार्य करें, निश्चित ही संगठन मजबूत होगा. हम सभी सशक्त तरीके से संगठन के विचारों को समझ कर कार्य करें. मुंडा ने



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिये. राज्य सरकार नीतियों पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की नीति है, पहले परीक्षा लिखो, फिर दौड़ो और झारखंड सरकार की नीति है पहले दौड़ो फिर परीक्षा लिखो. ये तो यही हुआ.कि पहले मरो, बचोगे तो करोगे.

**सोशल मीडिया का उपयोग करें कार्यकर्ताः केदार कश्यप :** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री और क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग मिलकर पार्टी को चला रहे हैं. इसलिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं. मंत्री ने कार्यकर्ताओं का सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करना है, इसे विस्तार पूर्वक बताया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करने के दौरान जो समस्या उत्पन्न हो, उसे मिलजुल कर त्वरित समाधान करने का प्रयास करना है.

#### हेमंत सरकार जनता को ठग रहीः नीलकंठ सिंह मुडा

प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि किसी क्षेत्र में काम करना हो, तो संगठन की आवश्यकता है और हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं जो देश हित के बारे में सोचता है. उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार राज्य में थी तो हम आम जनता के हित में काम करते थे. अभी हेमंत सरकार है, राज्य की जनता से जो बोल कर सत्ता में आइ थी, उसमें सरकार पूरी तरह नाकाम रही है.



मुंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा था कि नौकरी देंगे, रोजगार देंगे, स्थायी नीति बनाएंगे, भत्ता देंगे सभी क्षेत्र में हेमंत सरकार ठगने का काम किया है..जल्द ही विधानसभा चुनाव आने वाला है. आप सभी कार्यकर्ता क्षेत्रों में जाकर पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का काम करते हैं. इसी का परिणाम है कि खूंटी विधानसभा से एक कमल फूल झारखंड में सरकार बनाने के लिए भेजते रहे हैं. सभी को जिल प्रभारी सत्यनारयण सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षत जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की.

#### ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को केंद्र को भेजे : ओबीसी मोर्चा

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के आरक्षण को बढ़ाकर नई सूची में डालने व जाति जनगणना के लिए पुनः क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे. पहले चरण में राज्य के सभी सांसदों, सभी पार्टियों के अध्यक्षों को इस बाबत मांग पत्र सौंपेंगे. राजभवन के समक्ष 10 सितंबर को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि ओबीसी को छोड़ कर सभी वर्गों को उसके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण प्राप्त हो गया है तो फिर ओबीसी के साथ भेदभाव क्यों? जब राज सरकार ने ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर नई अनुसूची में डालने के लिये राज्यपाल को भेजा गया है जिसे कार्य रूप नहीं दिया जा रहा है.

तापमान
30.5° अधिकतम | 23.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, बुधवार 04 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 147 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 10

# सुपरवाइजरों के साथ काम पर लौटे सफाईकर्मी, 250 कर्मियों की हड़ताल अब भी जारी

संवाददाता। रांची

नगर निगम के सफाईकर्मियों एवं सुपरवाइजरों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर दी. निगम के अधिकारियों से वार्ता के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की गई. हालांकि हड़ताल खत्म होने के बाद भी रातू रोड स्थित वेजीटेबल मार्केट में लगभग 250 सफाई कर्मी धरना प्रदर्शन करते दिखे.

धरना दे रहे सफाईकर्मियों ने बताया कि निगम के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में सफाई कर्मियों के वेतन बढ़ाने की बात नहीं हुई. सिर्फ सुपरवाइजरों के हित में बातचीत हुई. जानकारी के मुताबिक मुख्य मांगों में समान काम के बदले सामन वेतन, 10 साल से अधिक समय से काम करने वालों का स्थायीकरण समेत अन्य मांगे थीं. निगम के अधिकारियों ने वार्ता में सरकार तक मांगों को पहुंचाने की बात कही.

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी हड़ताल के कारण लोगों के घरों से कूड़े का उठाव नहीं हुआ. नगर निगम के 2300 से अधिक सफाईकर्मी, वाहन चालक, सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी. इसके बाद पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई थी. करीब 2.25 लाख घरों से कूड़े का उठाव नहीं हुआ. मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाले वाहन नहीं गए. शहर के 53 वार्ड की सड़कों पर 600 मीट्रिक टन से अधिक कचरा फैला था.

**असामाजिक लोगों के बहकावे में आकर काम पर नहीं लौटे कुछ कर्मी:** उधर, नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव ने बताया कि कुछ असामाजिक लोगों बहकावे में आकर कुछ सफाई कर्मी काम पर वापस नहीं लौटे. उन्होंने बताया कि अब सफाई काम बाधित नहीं रहेगा.

### देश हित में करेंगे काम और लेंगे पूरा दाम

हड़ताल खत्म होने के बाद भी धरने पर बैठे सफाईकर्मियों ने जोर-शोर से नारेबाजी की. उन्होंने कहा कि देश हित में करेंगे काम और पूरा लेंगे दाम. इस दौरान बताया गया कि उन्हें 10,500 रुपये वेतन मिलता है, जिसे जल्द से जल्द बढ़ाया जाए, वरना हम काम पर नहीं लौटेंगे. सफाईकर्मियों ने कहा कि आगे-आगे काम हम करते हैं और लाभ सुपरवाइजरों का होता है.



रातू रोड स्थित वेजिटेबल मार्केट में बैठीं रांची नगर निगम की महिला कर्मचारी. (फोटो : रमीज)

### वार्ता में इन 12 बिंदुओं पर बनी सहमति

- एमपीएस के मानदेय एवं भत्ता में वृद्धि के लिए संचिका बढ़ाने का निर्णय.
- **संविदा के आधार पर नियुक्त 13 एमपीएस को विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप हितलाभ दिया जाएगा.**
- सफाई कर्मियों का बकाया भुगतान करने के लिए पूर्व में कार्यरत एजेंसी को नोटिस भेजा जाएगा.
- **सहायक प्रशासक की अध्यक्षता में हेल्प डेस्क का गठन किया जाएगा.**
- संघ के पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के कार्य निबटाने के लिए निगम भवन में क्यूबिकल उपलब्ध कराया जाएगा.
- **दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत चालक को दैनिक वेतन भोगी के अनुरूप अवकाश लाभ दिया जाएगा.**
- कोरोना काल की तीन माह की प्रोत्साहन राशि देने को लेकर विचार करने का निर्णय लिया गया.
- **ओवर टाइम करने पर अतिरिक्त राशि भुगतान करने के लिए प्रक्रिया का निर्धारण किया जाएगा.**
- आपात स्थिति से निपटने को लेकर सफाईकर्मियों के लिए एम्बुलेंस क्रय.
- **निगम कर्मी की मृत्यु की स्थिति में क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने के लिए संचिका उपस्थापित करने का निर्देश.**
- स्वच्छता शाखा में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर धनंजय कुमार का मानदेय कम्प्युटर ऑपरेटर के समतुल्य होगा.
- **नगर विकास से बातचीत कर मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन.**

## ब्रीफ खबरें

### दीप्ति ने देश को दिलाया 16वां पदक

**पेरिस।** भारत को पैरालंपिक्स 2024 में 16वां मेडल मिल गया है. दीप्ति जीवांजी ने टी20 कैटेगरी में महिलाओं की 400 मीटर रेस के फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता है. उन्होंने 55.82 सेकेंड में रेस पूरी करके मेडल पर निशाना साधा है. यह पहला मौका है जब दीप्ति पैरालंपिक खेलों में भाग लेने पहुंची थीं. चूंकि फिलहाल वर्ल्ड रिकॉर्ड उन्हीं के नाम है, इसलिए उन्हें गोल्ड जीतने की प्रबल दावेदार माना जा रहा था. एक तरफ भारत की दीप्ति ने 55.82 सेकेंड में रेस पूरी की. सिल्वर मेडल तुर्की की एसेल ओंडेर ने जीता.

### बड़ा पहाड़ से युवक का सड़ा गला शव बरामद

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई स्थित बड़ा पहाड़ से एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है. पड़ाड़ के ऊपर एक पेड़ से शव लटका हुआ था. शव को देखने प्रतीत हो रहा है कि एक सप्ताह पहले ही युवक की मौत हुई है. युवक ने आत्महत्या की या फिर हत्या कर उसका शव पेड़ से लटा दिया गया, यह जांच का विषय है. ग्रामीणों से घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### कांग्रेस नेता से एक करोड़ रंगदारी मांगी

**रांची।** कांग्रेस नेता ईश्वर आनंद से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है. इसको लेकर कांग्रेस नेता ने जगन्नाथपुर थाना में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है. ईश्वर आनंद झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं और पेशे से बिल्डर हैं. उनके मोबाइल पर 62895423800908 नंबर से कॉल कर के रंगदारी की मांग की गई है. शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. बता दें कि झारखंड में सक्रिय आपराधिक गिरोहों में इन दिनों अमन साहू गिरोह का उत्पात काफी बढ़ा है. इस गिरोह के द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद मयंक सिंह नाम का व्यक्ति घटना की जिम्मेदारी भी लेता है.

**मंईयां सम्मान योजना :** तीन लाख वर्गफीट में लाभुकों के बैठने की है व्यवस्था

# पांच जिलों की महिलाओं को आज सौगात देंगे सीएम

- प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम नामकुम में, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के लिए तीन गेट
- महिलाओं के बीच सम्मान राशि का स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

संवाददाता। रांची

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में पांच जिलों की महिलाओं को सौगात देंगे. कार्यक्रम में मंत्री, विधायक और कई गणमान्य के साथ लाखों लोग शामिल होंगे. विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पूरे दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सात लाख महिला लाभुकों के बीच अगस्त महीने की सम्मान राशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है, जिसमें सिर्फ रांची जिले की 3.5 लाख महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरित की जा चुकी है.

वहीं बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन महिलाओं को सांकेतिक रूप से सम्मान राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे. इधर, प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है. इस क्रम में रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा एवं आईपीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बक्शी ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान सदर एसडीओ उत्कर्ष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

**तीन लाख वर्ग फीट में लाभुकों के बैठने की व्यवस्था :** प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में पांच जिलों की महिला लाभुक शामिल होंगी. नामकुम के खोजाटोली स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में तीन लाख वर्ग फीट क्षेत्र में लाभुकों के बैठने की व्यवस्था की गयी है. वहीं, कार्यक्रम स्थल पर तीन गेट बनाये गये हैं, जहां से लाभुक प्रवेश करेंगे. हर गेट पर मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही लोगों को अंदर प्रवेश मिलेगा.



नामकुम में कार्यक्रम स्थल पर तैयारी का जायजा लेते रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा व अन्य पदाधिकारी.

### लाभुकों को लेकर आनेवाली बसों का रूट निर्धारित

*कार्यक्रम में रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों एवं अन्य जिलों से लाभुकों को लेकर आनेवाली बसों के लिए रूट निर्धारित किया गया है. संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो. उपायुक्त द्वारा आगंतुकों से रिंग रोड का सहारा लेकर आने को कहा गया है, ताकि शहर में किसी तरह की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो.*

#### विभिन्न जिलों से आनेवाली बसों के लिए रूट

- लोहरदगा एवं गुमला जिला से आने वाली बसें तिलता चौक/ ललगुटवा चौक से दाएं मुड़ कर रिंग रोड भाया दलादली चौक, तुपुदाना, खरीसदाग से बाएं मुड़ कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.
- **सिमडेगा और खूंटी जिला से आने वाली बसें तुपुदाना से दाएं मुड़ कर रिंग रोड खरसीदाग होते हुए होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.**
- बेड़ो, इटकी, नगड़ी एवं लापुंग प्रखंड से आने वाली बसें ललगुटवा ओवरब्रिज से दाएं मुड़ कर रिंग रोड भाया दलादली, तुपुदाना, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.
- **बुढ़मू, मांडर, खलारी, चान्हो, कांके, रातू एवं ओरमांझी प्रखंड से आने वाली बसें तिलता चौक से बाएं मुड़ कर रिंग रोड, नेवरी चौक होते हुए रामपुर, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.**
- बुंडू, सोनाहातू, तमाड़, राहे प्रखंड से आने वाली बसें एनएच-33 रामपुर चौक, रिंग रोड, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.
- **अनगड़ा व सिल्ली प्रखंड से आने वाली बसें टाटीसिल्वे चौक से वाया रिंग रोड, रामपुर चौक, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.**
- नामकुम प्रखंड से आने वाली बसें नामकुम चौक वाया रिंग रोड, रामपुर चौक, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.

#### नगर निगम क्षेत्र से निकलने वाली बसों का रूट

- बड़गाई चौक, बूटी मोड़, खेलगांव चौक, बरियातु मैदान, कोकर चौक, हातमा बस्ती, कांके क्षेत्र से निकलने वाली बसें- वाया रिंग रोड नेवरी चौक से रामपुर चौक, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.
- **चुटिया, इंद्रा चौक, चुटिया थाना, सिरमटोली, स्टेशन चौक, कांटाटोली चौक, राजकीय हाई स्कूल, जब्बार बस्ती, नामकुम स्टेशन, लोआडीह चौक, संत जोसेफ स्कूल एवं लालपुर क्षेत्र से निकलने वाली बसें- दुर्गा सोरेन चौक वाया नामकुम चौक, रिंग रोड, रामपुर-खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.**
- पुंदाग, धुर्वा, अरगोड़ा एवं हरमू क्षेत्र से निकलने वाली बसें- वाया तुपुदाना रिंग रोड से बाएं मुड़ कर खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.
- **डोरंडा क्षेत्र से निकलने वाली बसें- तुपुदाना रिंग रोड से बाएं मुड़ कर खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.**
- पिस्का, रातू रोड एवं पंडरा क्षेत्र से निकलने वाली बसें- तिलता चौक/ कटहल मोड़ होते वाया तुपुदाना, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी.


### कार्यक्रम को लेकर रांची शहर के रूट में बदलाव

- रांची शहर की ओर आने वाली सड़कों से कार्यक्रम में भाग लेनेवाले वाहनों को छोड़कर सुबह आठ से रात आठ बजे तक सभी प्रकार के वाहनों (आकस्मिक सेवा की वाहनों को छोड़ कर) का कार्यकम स्थल/ मार्गों में प्रवेश वर्जित रहेगा.
- **ओल्ड हाईकोर्ट गेट, घाघरा रोड, सदाबाहर चौक तक सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों एवं बसों का का प्रवेश वर्जित रहेगा.**
- नामकुम चौक से सदाबहार चौक, खरसीदाग तक सभी प्रकार की वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा.
- **एयरपोर्ट रोड से कुटियातू चौक की ओर जानेवाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा.**
- खरसीदाग से एयरपोर्ट रोड की ओर जानेवाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा.
- **कार्यकम स्थल की ओर आने वाली सभी सड़कों पर भारी एवं समान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा.**
- वीवीआईपी/ वीआईपी वाहन सदाबहार चौक से सीधे खरसीदाग ओपी की ओर जाने वाले मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक जा सकेंगे.

# अलकायदा के चार आतंकियों से फील्ड वेरिफिकेशन कराया

संवाददाता। रांची

झारखंड एटीएस ने अलकायदा से जुड़े पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था. इनमें चार रांची और एक हजारीबाग का हैं. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम ने मंगलवार को चारों संदिग्ध आतंकियों को फील्ड वेरिफिकेशन के लिए रांची लाया. चारों पर आरोप है कि ये लोग झारखंड में अलकायदा का मॉड्यूल तैयार कर रहे थे. स्पेशल सेल की टीम डॉक्टर इश्तियाक अहमद सहित अन्य चार गिरफ्तार आरोपियों को लेकर रांची के चान्हो पहुंची थी. मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम और झारखंड एटीएस की टीम ने गिरफ्तार आरोपियों के साथ उन जगहों का फील्ड वेरिफिकेशन किया है जहां ट्रेनिंग के साथ-साथ युवाओं को आतंकी बनने के लिए उकसाया जाता था.



### मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए चान्हो के खलारी रोड बीजूपाड़ा स्थित अल्ट्रासाउंड संस्थान मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है. साथ ही संस्थान में अल्ट्रासाउंड कार्य बंद रखने और यूएसजी मशीन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ व स्थानांतरण नहीं करने का आदेश दिया है. संस्थान का ऑनर व चिकित्सक अलकायदा मॉड्यूल का संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक अहमद है. वह आतंकी गतिविधियों में शामिल बताया गया है और अलकायदा के झारखंड मॉड्यूल को बढ़ा रहा था. वह इसी संस्थान में चिकित्सक के रूप में कार्यरत था. इस आंतकी मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद बीते दिनों झारखंड एटीएस की टीम ने उसे गिरफ्तार किया था.

- रांची डीसी ने की कार्रवाई डॉ इश्तियाक का था अल्ट्रासाउंड सेंटर

### योगेश कुमार ने अपर न्यायायुक्त प्रथम का पद संभाला

**रांची।** योगेश कुमार ने मंगलवार को अपर न्यायायुक्त प्रथम का पदभार ग्रहण किया. राजीव रंजन के स्थानांतरण के बाद से पद रिक्त था. अपर न्यायायुक्त प्रथम के साथ योगेश कुमार पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश भी होंगे. जिले से संबंधित जितने भी मनी लाउंड्रिंग का केस ईडी द्वारा किया जाता है उसकी सुनवाई अपर न्यायायुक्त प्रथम सह पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में होती है.

### रांची स्टेशन से अवैध शराब के साथ दो धराए

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ दो युवकों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है. दोनों युवक शराब खरीदकर बिहार ले जा रहे थे. ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ रांची की टीम ने यह कार्रवाई की. बरामद शराब की कीमत 1.52 लाख रुपये बताई गई. गिरफ्तार युवक में बिहार के पटना जिला के महुआर निवासी रविशंकर कुमार और भोजपुर जिले के दुलारपुर निवासी मनीष कुमार सिंह का नाम शामिल है. आरपीएफ के अनुसार, बीती रात सूचना मिली कि रांची स्टेशन पर शराब की बोतलों को कुछ लोग ट्रेन से लेकर जानेवाले हैं. रांची पोस्ट के निरीक्षक डी शर्मा ने अपनी टीम के साथ रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर तलाशी ली. दो संदिग्ध को हिरासत में लिया. जांच में ट्रॉली बैग से 121 बोतलें मिलीं.

### रांची से पुणे व हैदराबाद के लिए विमान सेवा जल्द

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रांची-पुणे और रांची-हैदराबाद के लिए जल्द ही नयी विमान सेवा शुरू की जाएगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा दोनों शहरों के लिए विमान सेवा शुरू की जाएगी. इसके लिए डीजीसीए से अनुमति मिल गयी है. जल्द ही समय-सारिणी उपलब्ध करायी जाएगी. यह जानकारी एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने मंगलवार को दी. उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने थर्ड लेन का निर्माण होगा. साथ ही वीआइपी वाहनों के लिए अलग से निकासी द्वार बनाया गया है. इसके लिए पार्किंग निकासी से पूर्व 100 मीटर पहले हेथू रोड में एक गेट लगाया जाएगा, जहां से वीआइपी वाहनों की निकासी करायी जाएगी.

**परामर्श** उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को डॉ अनुज का सुझाव

# सावधानी बरतें, नशापान न करें, तो कोई समस्या नहीं

संवाददाता। रांची

डॉ. अनुज ने उत्पाद बहाली की दौड़ में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सुझाव दिया है. डॉ अनुज ने बताया है कि दौड़ से पहले क्या तैयारी करें. दौड़ के दौरान क्या करें और दौड़ के बाद क्या सावधानियां बरतें. इसके अलावा डॉ. अनुज ने आयोजकों को भी सुझाव दिया है. साथ ही सीएम हेमंत सोरेन से भी आग्रह किया है कि जो भी छात्र दौड़ में हिस्सा लेंगे, उन्हें दौड़ से पहले और दौड़ वाले दिन क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, वो मैसेज के जरिए भेज दें.



डॉ अनुज

रेस से पहले वार्मअप ज़रूर करें

### रेस से पहले की तैयारी

- रेस से पहले या पिछली रात को शराब, कैफीन, या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन न करें.
- **सुबह भाग लेने से पहले नाश्ता ज़रूर करें. कम से कम 2 घंटे पहले नाश्ता कर लें. नाश्ता ऐसा हो कि वसा कम से कम हो और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक हो.**
- अंडा अगर लेते हैं तो उसका सेवन कर सकते हैं. ओट्स, ब्रेड टोस्ट, सैंडविच, फल इत्यादि आसानी से उपलब्ध हो जाएगा.
- **पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें. ख़ुद को हाइड्रेटेड रखें. दौड़ में भाग लेने से पहले पर्याप्त मात्रा में पानी पी लें. एक साथ ज़्यादा मात्रा में पानी ना लें. धीरे-धीरे पानी का सिप लें.**



### रेस के दौरान क्या करें

- दौड़ने के दौरान भी पानी पीने की आवश्यकता पड़ सकती है.
- **कभी भी ज़रूरत महसूस हो तो ठहर कर फिर पानी पियें. ख़ुद को हाइड्रटेड रखें.**
- कभी भी सांस लेने में दिक्कत हो, सांस फूलने लगे, बेहोशी जैसा लगे, सीने में असहजता लगे, सर घूमने लगे या मस्तिष्क में दर्द हो तो रुक कर चिकित्सा सहायता लें.

### रेस के बाद क्या करें

- रेस ख़त्म होने के बाद तुरंत न रुकें. रफ़्तार धीमी कर लें और कुछ देर तक चलते रहें.
- **उसके बाद आराम से बैठ जाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी या ग्लूकोज पीएं.**
- पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस लें.
- **30-60 मिनट के भीतर कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन युक्त कुछ भोजन कर लें.**

केंद्र की योजना के तहत मिल रहे आटा की दो माह से अपूर्ति नहीं

# भारत ब्रांड का आटा आउट ऑफ स्टॉक

शुभम किशोर। रांची

केंद्र सरकार की योजना के तहत किफायती दरों पर बिक्री किये जानेवाला भारत ब्रांड का आटा स्टॉक आउट हो चुका है. रांची शहर में पिछले दो माह से भारत आटा की आपूर्ति नहीं हो रही है.

केंद्र सरकार ने नवंबर 2023 में 27.50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से गेहूं के आटे की बिक्री शुरू की थी. किफायती दर और बेहतर क्वालिटी होने के कारण बाजार में इस ब्रांड के आटा की आपूर्ति भी बढ़ी थी. लेकिन पिछले दो महीने से भारत आटा आउट ऑफ स्टॉक होने के कारण लोगों को फिर से दूसरे ब्रांड का मंहगा आटा खरीदना पड़ रहा है.




**27.50** रुपये प्रति किलो की दर पर मिलता था भारत आटा

मजबूरी में दूसरे ब्रांड का मंहगा आटा खरीद रहे लोग

**आटे की औसत खुदरा कीमत 36 रुपये :** देश भर में आटे के कई ब्रांड मौजूद हैं. सभी का न्यूनतम मूल्य प्रति किलो 40 रुपये से अधिक है. वहीं देश में आटे की औसत खुदरा कीमत 36 रुपये प्रति किलो है. भारत आटा ब्रांड के तहत सरकारी एजेंसियां आम लोगों 27.50 रुपये प्रति किलो के भाव पर आटा उपलब्ध कराती थी.

केंद्र सरकार ने ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस- डी) के अंतर्गत 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गेहूं को आटा में परिवर्तित करने और बेचने का काम एनसीसीएफ और नैफेड को आवंटित किया था. जानकारी के अनुसार, अभी किसी को भी गेहूं का आवंटन नहीं किया गया है, जिस कारण पुराना स्टॉक खत्म हो गया.

**अभियान : जंगल क्षेत्र की 2595.914 किलोमीटर सड़क की हुई मरम्मत, सबसे अधिक पीटीआर क्षेत्र में कार्य**

# वन विभाग ने राज्य की 6269 एकड़ जमीन पर किया पौधरोपण

प्रमुख संवाददाता। रांची

वन विभाग ने राज्य को हरा-भरा बनाने के लिए हजारों एकड़ जमीन पर पौधरोपण किया है. विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में कुल 6268.300 हेक्टेयर वन भूमि पर प्रतिपूरक पौधरोपण किया है. वहीं जंगल में आवागमन की सुविधा के लिए पहले से मौजूद सड़कों की मरम्मत करने का काम भी पूरा कर लिया है. जंगल क्षेत्र में आने वाली 2595.914 किलोमीटर सड़क की मरम्मत की गई है. सबसे अधिक सड़क की मरम्मत पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के क्षेत्र में की गई है. पीटीआर नार्थ में 265.337 और पीटीआर साउथ में 250.00 किलोमीटर सड़क की मरम्मत की जा चुकी है.

**1555.96** हेक्टेयर में पौधरोपण हुआ गिरिडीह पूर्वी क्षेत्र में

**515.337** किलोमीटर सड़क की मरम्मत पीटीआर क्षेत्र में

### गिरिडीह पूर्वी में सबसे अधिक, रांची में 333.110 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण

गिरिडीह पूर्वी क्षेत्र में सबसे अधिक प्रतिपूरक पौधरोपण हुआ है. यहां पर 1555.960 हेक्टेयर में पौधरोपण किया गया है. बोकारो में 528.790 एकड़, हजारीबाग दक्षिणी में 501.730 एकड़, लातेहार में 527.00 एकड़, मेदिनीनगर में 195.589 एकड़, खूंटी में 248 एकड़ और रांची में 333.110 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण किया गया है.

### किस जिला और वन क्षेत्र में कितने हेक्टेयर में पौधरोपण

| जिला/वन प्रमंडल | वन क्षेत्र (हेक्टेयर में) | जिला/वन प्रमंडल | वन क्षेत्र (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 528.790 | कोडरमा | 50.00 |
| गिरिडीह पूर्वी | 1555.960 | चाईबासा | 50.00 |
| धनबाद | 50.00 | पोड़ैयाहाट | 100.00 |
| रामगढ़ | 231.689 | सरायकेला | 170.00 |
| देवघर | 56.440 | गढ़वा उत्तरी | 100.324 |
| दुमका | 55.652 | गढ़वा दक्षिणी | 50.00 |
| गोड्डा | 50.00 | लातेहार | 527.00 |
| जामताड़ा | 50.00 | मेदिनीनगर | 195.589 |
| पाकुड़ | 141.240 | गुमला | 63.420 |
| साहिबगंज | 53.240 | खूंटी | 248.00 |
| चतरा उत्तरी | 174.00 | लोहरदगा | 50.00 |
| चतरा दक्षिणी | 464.00 | रांची | 333.110 |
| हजारीबाग पूर्वी | 165.00 | सिमडेगा | 50.000 |
| हजारीबाग पश्चिमी | 501.730 | कुल | 6268.300 |

### कहां कितने किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार

| जिला/वन प्रमंडल | सड़क (किमी में) | जिला/वन प्रमंडल | वन क्षेत्र (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 45 | कोल्हान | 200.00 |
| धनबाद | 72 | सारंडा | 68.00 |
| गिरिडीह पश्चिमी | 25 | गढ़वा दक्षिणी | 64.00 |
| देवघर | 23 | गुमला | 70.00 |
| दुमका | 87.777 | खूंटी | 10.00 |
| गोड्डा | 04.00 | लोहरदगा | 152.00 |
| जामताड़ा | 31.90 | रांची | 10.00 |
| चतरा उत्तरी | 104.50 | सिमडेगा | 103.00 |
| चतरा दक्षिणी | 85.50 | पीटीआर उत्तरी | 265.337 |
| हजारीबाग पूर्वी | 68.90 | पीटीआर दक्षिणी | 250.00 |
| हजारीबाग दक्षिणी | 68.20 | हजारीबाग वाइल्ड लाइफ | 219.00 |
| कोडरमा | 38.50 | एलिफेंड प्रोजेक्ट, जमशेदपुर | 70.00 |
| चाईबासा | 88.00 | कुल सड़क | 2595.914 |
| जमशेदपुर | 107.00 | | |

### राजेंद्र सिंह मुंडा की जयंती मनायी गयी

**सोनाहातू** । पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह मुंडा की 94 वां जयंती राजेन्द्र सिंह मुंडा प्रतिमा स्थल बरसालडीह गांव में सम्मान पूर्वक मनाया गया. राजेन्द्र सिंह मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने संबोधित करते हुए कामरेड राजेन्द्र सिंह मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की राजेन्द्र सिंह मुंडा जीवनपर्यंत किसान -मजदरों के लिए बड़े-बड़े आंदोलन किया है. . इस अवसर पर जिला किसान कौंसिल सदस्य रतन महतो,धुरन पातर, राज्य किसान कौंसिल सदस्य निलकांत सिंह मुंडा, राधामोहन मुंडा,डोमन मुंडा,बसंत मुंडा, त्रिलोक मुंडा कलेश्वर मुंडा, शंकर मुंडा, सोहनलाल मुंडा,लालसिह गोझू, शोभा मुंडा , विकास मुंडा आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### फाइनांस अफसर से 35 हजार रुपये लूटे

**मझिआंव**। थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-बिशुनपुरा मुख्य सड़क पर भारत फाइनांस कंपनी के फील्ड अफसर से अज्ञात लुटेरों ने 35 हजार रुपये लूट लिया. जानकारी के अनुसार, फील्ड अफसर जमील अंसारी सोमवार की रात किस्त की राशि संग्रह कर मझिआंव ब्रांच आ रहे थे. इस बीच नगर पंचायत सिवान स्थित छोटी नहर के समीप तीनमुहान चौक पर एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने फील्ड ऑफिसर की बाइक में पीछे से जोरदार धक्का मारा. फील्ड ऑफिसर के गिरने के बाद पिस्तौल की नोंक पर रुपये से भरा बैग छीन कर तीनों लुटेरे फरार हो गए.

### भुवनेश्वर हत्याकांड पत्नी व पुत्र गिरफ्तार

**लातेहार**। सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव में गत 31 अगस्त को भुवनेश्वर उरांव की हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी कलावती देवी व पुत्र सुचित उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. जानकारी के अनुसार, भुवनेश्वर उरांव का एक महिला के साथ अवैध संबंध था. इस कारण पत्नी और बेटे से उसका अक्सर झगड़ा होता रहता था. घटना के दिन जब भुवनेश्वर उरांव शाम को घर पहुंचा और पत्नी व बेटे से उसका विवाद हो गया. इसके बाद मां-बेटे ने मिल कर भुवनेश्वर की लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी.

### छात्राओं ने लिया स्वच्छता की शपथ

**सोनाहातू**। प्रखंड के जाड़ेया स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने विद्यालय परिसर, क्लासरूम ,शयन कक्ष,किचन, लैब,जिम रूम,की साफ सफाई किया. इस विद्यालय की सभी छात्राएं सामूहिक रूप से विद्यालय के परिसर में उपस्थित होकर स्वच्छता रखने का शपथ लिया. ज्ञात हो कि 2023 में पूरे भारतवर्ष में यह विद्यालय 19 वां स्थान में था. और विद्यालय पीएम श्री विद्यालय के नाम से चयनित हुआ.

### आजसू ने की जन जागरण पदयात्रा

**रातू**। आजसू पार्टी रातु प्रखंड समिति के तत्वाधान में मंगलवार की शाम जन जागरण पदयात्रा अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम हेमंत सरकार के वादाखिलाफी के विरुद्ध किया गया. हेमंत सोरेन सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध लोगो को जागरूक किया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी भारत काशी, केंद्रीय सदस्य राजीव मिश्रा, महिला प्रखंड अध्यक्ष बीना सिंह, एसटी मोर्चा अध्यक्ष रमेश उरांव, सुशील घोष, पंकज मुंडा, देवेंद्र पाहन, चंद्र दीप उरांव, सुचिता तुंबिल, शीला देवी,अरविंद केरकेट्टा,अविनाश लोहरा, अन्नू देवी,विशाल साहू, दिनेश बैठा, मुकेश साहू, दीपक साहू, रूपा देवी आदि शामिल थे.

### छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**रातू**। शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को रातू प्रखंड मुख्यालय में उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरहुरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुटकल टोली,उत्क्रमित मध्य विद्यालय रातू राज चट्टी एवं राजकीय उत्क्रमित कन्या पाठशाला रातू चट्टी के 300 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया. साइकिल पाकर छात्र-छात्राएं बहुत खुश हुई मगर देखते ही देखते उनके चेहरे पर मायुसी छा गई क्योंकि साइकिल के पहियों में हवा नहीं था और उन्हें पैदल साइकिल लेकर इस कड़ाके की धूप में कई किमी दूर अपने घर जाना पड़ा.

# जमीन विवाद में की चाचा की हत्या

- तीन भतीजों ने मिल कर घटना को दिया अंजाम
- टांगी से की हत्या, सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार

संवाददाता। गिरिडीह

जमुआ थाना क्षेत्र के बाराडीह गांव में जमीन विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी. घटना मंगलवार की सुबह की है. मृतक की पहचान गांव के ही ताजो अंसारी (40) के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, ताजो अंसारी का अपने भाई और भतीजे आयूब रशुल, दाउद और शाहबाज से कई वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था.

इस बीच मंगलवार की सुबह ताजो अपने पुराने घर से नये घर शौचालय के लिये जा रहा था, तभी आरोपियों ने उसे दबोच लिया और अपने घर ले गये. इसके बाद उसके सिर पर टांगी से वार किया, जिस पर ताजो जोर से चिल्लाया. आरोपियों के घर से चिल्लाने की आवाज सुन उसकी पत्नी गुलशन खातून और बहन दौड़ कर पहुंची. ताजो अंजासी का खून से लथपथ जमीन पर पड़ा शव देख पत्नी ने शोच मचाया, तो सभी आरोपी मौके से फरार हो गये. ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद जमुआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.



गिरिडीह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने पहुंची पुलिस और मौजूद परिजन.

### शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या

**बुढ़मू**। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के मुड़लाटोली गांव में मंगलवार देर शाम लगभग सात बजेनशे में धुत पुत्र ने चाकू से गोदकर अपने पिता साधु उरांव की हत्या कर दी. ग्रामीणों ने बताया कि शाम पांच बजे पिता-पुत्र ने एक साथ घर में बैठकर शराब का सेवन किया था. सूचना मिलने पर पुलिस नेआरोपी अमित उरांव को हिरासत में ले लिया. वहीं हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू घटनास्थल से बरामद कर लिया और हत्या के कारणों का पता लगा रही है. इधर, मृतक साधु के दामाद ने पुलिस को फोन पर ससुर की हत्या उसके बेटे अमित द्वारा करने की सूचना दी. पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. हालांकि प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बेटा अमित उरांव लगातार पिता की हत्या से इनकार कर रहा था. थाना प्रभारी विनीत कुमार ने मामले का जल्द खुलासा करने की बात कही है. बताया जाता हैकि दोनों गांव में स्थित एक ईंट भट्ठा के पास होटल चलाते थे.

## प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर पति ने की पत्नी की हत्या

संवाददाता। चतरा

हंटरगंज प्रखंड की जोलडीहा पंचायत के ग्राम सुरहुद में एक वहशी पति ने अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया. घटना रविवार देर रात की ही बताई जा रही है. इस संबंध में मृतका के पिता सोमरा गंझू ने वशिष्ठ नगर थाना में मामला दर्ज कराया है.

जानकारी के मुताबिक, सुरहूद निवासी पिंटू गंझू का प्रेम प्रसंग गांव में ही एक अन्य महिला के साथ चल रहा था. इसको लेकर हमेशा पति-पत्नी के बीच लड़ाई और विवाद होते रहता था. इसी बीच रविवार को पिंटू को मोबाइल पर किसी महिला से बात करते हुए पत्नी कुंती देवी (27) ने पकड़ लिया और मोबाइल छीन लिया. इससे आक्रोश में आकर पिंटू ने अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी और शव को



- शव को फंदे से लटका आत्महत्या का रूप देने की कोशिश
- मृतका के पिता ने दर्ज कराया केस, हत्यारोपी पति गिरफ्तार

फंदे से लटका दिया. ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मिलने के बाद वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. हत्यारोपी पति को मौके से गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चतरा भेज दिया. कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी पिंटू गंझू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### बहेरवा डैम में डूबने से युवक की मौत

**भवनाथपुर**। थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत स्थित भीतरी टोला के बहेरवा खाड़ी डैम मे डूबने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान बनखेता गांव निवासी श्याम बिहारी यादव के पुत्र मनोज यादव (32) के रूप में हुई है. वह अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाते हुए डैम में कूद गया था. घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक के शव को डैम से बाहर निकलवाया. पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया गया.



बहेरवा डैम में उपलाता युवक का शव.

**बेड़ो में छह दिवसीय गणपति महोत्सव की तैयारियां शुरू**

## गंगा आरती की तर्ज पर होगा गणपति बप्पा की भव्य आरती



बेड़ो में गणेश पूजा का भव्य पंडाल बनाने की तैयारी शुरू

संवाददाता। बेड़ो

श्री राधेकृष्ण यूथ संगम बेड़ो के तत्वावधान में गणेश पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई हैं. प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजा बेड़ो थाना परिसर में भव्य व आकर्षक 90 फीट लंबी 45 फीट चौड़ी भव्य पंडाल में गणपति बप्पा विराजंगे. जिसमें विधुत तोरणद्वार व आकर्षक विधुत सज्जा से पंडाल परिसर जगमगाईगी. वहीं पंडाल में श्रद्धालुओं को कलाकृतियो से पंडाल को सजाया जा रहा है जो श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगा पंडाल के अंदर बंगाल के कारीगरों द्वारा विशेष विद्युत सज्जा भी की जा रही है. जिससे रात्रि में पंडाल की भव्यता देखते ही बनेगी.

**डॉक्टर ने पुलिस पर लगाया जमीन माफिया से मिलीभगत का आरोप**

## माफिया ने झूठे केस में भेजवाया जेल

संवाददाता। रांची

जमीन माफिया ने पुलिस के साथ मिलीभगत कर झूठे केस में डॉक्टर को जेल भेजवाने का काम किया. यह आरोप रांची के हिनू के गांधी नगर कॉलोनी में रहने वाले शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध कुमार ने जगन्नाथपुर थाना की पुलिस पर लगाया है. डॉ सुबोध ने बताया कि इन्होंने 27 अप्रैल 2018 को पटेल नगर, हटिया में अपनी कंपनी सुकृति अस्पताल और आरसीपीएल के लिए जमीन और भवन रजिस्टर्ड पट्टे पर लिया था. यहां 100 बेड के अस्पताल और उपकरण में करोड़ों रुपये खर्च किए. इसके बाद कथित जमीन मालिकों ने जमीन के आवश्यक दस्तावेज नहीं दिये. इसका मुख्य कारण यह था कि जमीन गैरमजरूआ नेचर का था. नतीजतन, अस्पताल संचालन में नहीं हो सका.

### पुलिस ने बिना जांच किये गिरफ्तार कर लिया

डॉ सुबोध ने कहा कि इस मामले के बाद मेरे द्वारा जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. लेकिन, जमीन माफिया और पुलिस की मिलीभगत से केस को सिविल प्रकृति में बदल कर बंद कर दिया गया. इसके बाद सविता श्रीवास्तव नाम की महिला द्वारा जगन्नाथपुर थाने में उनके (डॉक्टर) खिलाफ छेड़छाड़ और पांच हजार रुपये व सोने की चेन की छिनतई का झूठा आरोप लगा कर केस दर्ज कराया गया. इसके बाद पुलिस ने बिना जांच किए उन्हें 10 दिसंबर 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. वहीं, जमीन माफिया आज भी सुरक्षित हैं.

### गुंडों ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की

डॉ सुबोध ने यह भी बताया कि 23 दिसंबर 2019 को जमानत पर रिहा होने के बाद अस्पताल परिसर में कथित तौर पर 10-15 गुंडों द्वारा अभद्र व्यवहार और गाली गलौज कर सभी नर्सों को अस्पताल से बहार निकाल कर ताला लगा दिया गया. इस मामले में उन्होंने जगन्नाथपुर थाने में फिर प्राथमिकी दर्ज कराई, लेकिन, आज तक मामले को लंबित रखते हुए पुलिस द्वारा माफिया से मिलीभगत कर इसे झूठा करार देने की साजिश रची जा रही है.

**खेलकूद** | **शदीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाऩल और फाइनल कल**

# ओल्ड इज गोल्ड रांची की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

संवाददाता। मांडर

शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में तीन सिंतबर को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के तीसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि मो. साकिब, शिक्षक सुदीप कुमार, मो. अबदुल्ला सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. साथ ही खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया. ग्रुप सी का पहला मैच जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा बनाम एनएफसी पोखरटोली के बीच खेला गया. इसमें बुढ़ाखुखरा की टीम 1-0 गोल जीतक अगले राउंड में प्रवेश किया. वहीं ग्रुप सी के अन्य मैचों में द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी ने ट्राइबल एफए झिंझरी को ट्राइब्रेकर में 3-2, जय सरना संघ मुरजुली ने ब्लू टाईगर एफसी को ट्राइब्रेकर में 4-3 और ओल्ड इज गोल्ड रांची ने सरना नव युवक संघ गुड़गुड़जाड़ी ने ट्राइब्रेकर में 3-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया.मंगलवार को ही दूसरे राउंड के पहले मैच में जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा ने रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी को ट्राइब्रेकर में 4-3 और ओल्ड इज गोल्ड रांची ने जय सरना संघ मुरजुली को 2-0 गोल से हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया. मंगलवार को सातवां और अंतिम मैच तीसरा क्वाटर फाइनल जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा और ओल्ड इज गोल्ड रांची के बीच खेला गया. इसमें ओल्ड इज गोल्ड की टीम ट्राइब्रेकर में बुढ़ाखुखरा को 7-6 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली. इससे पहले सुमित ब्रदर्श और तिग्गा परिवार एफसी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है. चार सितंबर का उद्घाटन मैच रोहित ब्रदर्स महुआजाड़ी बनाम पुना हीरा नागपुर संघ तिगड़ा के बीच खेला जाएगा. टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाऩल और फाइनल पांच सितंबर को खेला जाएगा. मैच के सफल संचालन में मैच के स्कोरर रंजीत खलखो, समाजसेवी अनैसुल अंसारी, विनोद खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथिगण.

## न्यूज अपडेट

### शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बुढ़मू**। प्रखंड क्षेत्र मे डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग को लेकर डिग्री कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि लगातार प्रयासरत है, बुढ़मू मे शिक्षा का स्तर को ऊंचे मापदंडों पर ले जाने, ग्रामीणों को उच्च शिक्षा मिले इसके लिए मंगलवार को डिग्री कॉलेज निर्माण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से की मुलाकात,इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा व डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग रखी. मुलाकात के दौरान समिति के सदस्यों ने कॉलेज निर्माण की आवश्यकता और इसके महत्व से शिक्षा मंत्री को अवगत कराते हुए कहा की बुडमू और खलारी क्षेत्र में शिक्षा की घोर कमी है .

### हैंडपंप खराब,पानी के लिए तरस रहे लोग

**सोनाहातू**। प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी गांव के बीच चबूतरा (हरिमन्दिर) के समीप विगत तीन महीने से चापाकल खराब होने के कारण पीने का पानी को लेकर ग्रामीण काफ़ी परेशान हैं. इस टोली में करीब 60 घर है. ग्रामीणों का कहना है कि दूर के कुएं से पानी लाकर पीते हैं. पीने का पानी को लेकर काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों के द्वारा चापाकल खराब होने की सूचना मुखिया को दिया गया था, लेकिन मुखिया के द्वारा भी किसी भी तरह का पहल नहीं किया गया. इस संबध में पेयजल विभाग के कनीय अभियंता अनिल लिंडा ने कहा की गांव में चापानल खराब होने की सूचना है. लेकिन विभाग के पास कोई मिस्त्री नही है. पंचायत के आसपास भी कोई मिस्री नही है .

### बच्चों का भविष्य बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम : बंधु

**इटकी**। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अपनी सच्ची समृद्धि और जीवन में उन्नयन के लिये अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना सबसे ज्यादा जरूरी है. श्री तिर्की ने कहा कि बच्चों के ख़ुशहाल भविष्य पर ध्यान देना किसी भी निवेश की तुलना में सबसे ज्यादा कीमती व महत्वपूर्ण है .सभी मां-बाप एवं अभिभावकों को अपनी सभी जिम्मेदारियों के बीच इस बात पर ध्यान देना चाहिये कि कहीं उन्हीं के कारण उनके बच्चों का भविष्य हाथों से फिसल न जाये. बाद में उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भी अलग से बैठक कर विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और परेशानियों पर विचार किया और जरूरी दिशानिर्देश दिये.

### बीटेक और डिप्लोमा का नया सत्र हुआ शुरू

**ओरमांझी**। आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीटेक और डिप्लोमा का नए सत्र की शुरुआत हुई. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी, रांची के पूर्व कुलपति एवं सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वर्त्तमान डायरेक्टर जनरल डॉ गोपाल पाठक थे. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई. प्राचार्य डॉ ऐन हरिबाबू ने अभिभावकों एवं नए विद्यार्थियों का आरटीसीआईटी परिवार में स्वागत किया. मुख्य अतिथि डॉ गोपाल पाठक ने छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई निरंतरता बनाये रखने की सलाह दी.

### शिविर में 225 आवेदन का आन द स्पॉट निष्पादन

**खलारी**। आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन खलारी प्रखंड के बुकबुका पंचायत सचिवालय में किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ख़लारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ ने किया. कार्यक्रम में कल्याण विभाग से गोपाल रामदास, प्रखंड समन्वयक असित कुमार,कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार,प्रवीण उरांव,शिक्षा विभाग से शर्वरी नाथ चौरसिया एवम मनोज कुमार मिश्रा,महिला पर्यवेक्षिका सरिता लकड़ा,प्रखंड समन्वयक पेयजल स्वच्छता एवम प्रमोद कुमार,दीपांकर कुमार, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी उपस्थित थे. इस शिविर में आवेदन फार्म 305 जमा किया गया.

### विकास लिंडा की मौत सरकार की लापरवाही :आरती कुजूर

**नामकुम**। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व जिप सदस्य आरती कुजूर,नामकुम एफपीओ की एमडी और पूर्व पंसस अंजली लकड़ा रामपुर गांव पहुंचे,रामपुर गांव में उत्पाद सिपाही की दौड़ के दौरान मृत विकास लिंडा के परिजनों से मुलाकात किया.समाज के कई लोगों के साथ दोनों नेत्री कल विकाश के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुई थीं. मंगलवार को परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया और घटना क्रम के संबंध में जानकारी लिया,समुचित देखभाल करने पर विकास अपने परिजनों के पास होता . श्री कुजूर ने विकास लिंडा सहित उत्पाद सिपाही की दौड़ में हुए तमाम मौत के लिए झारखंड सरकार को दोषी ठहराया सभी मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी और समुचित मुआवजा देने,दोषियों पर कड़ी करवाई करने की मांग की.

### आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल

**लापुंग**। लापुंग प्रखंड के ककरिया और लतरातु पंचायत सचिवालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ककरिया पंचायत सचिवालय में बीडीओ उषा मिंज, सीओ पंकज कुमार तथा पूर्व जिप सदस्य बांदे हेरेंज की देखरेख में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर जेंडर समन्वयक बिरजिनिया बालमोच, लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की बीआरपी सरिता देवी, जेआरपी अजय राम ने महिला समूह की महिलाओं को बेहतर काम करने की नसीहत दी. वहीं लतरातु पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिव महेंद्र साहु आदि सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### आदिवासी मूलवासी ने किया प्रखंड मुख्यालय का घेराव

**नामकुम**। आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति रांची के तत्वावधाम में नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया गया.कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने किया . श्री लकड़ा ने बताया अंचल कार्यालय में बिना लेनदेन का कोई काम नहीं होता है भूमि का म्युटेसन प्लॉट एन्ट्री व परमिशन में मनमानी जनता से पैसा का वसुली किया जाता है . 15 दिनों के भीतर यदि सुधार नहीं हुआ तो पदाधिकारियों का कार्यालयों में ताला लगा दिया जाएगा . मौके पर डॉ बंसी ठाकुर मुन्ना बड़ाइक नन्हे कच्छप समेत सैंकड़ो बाकी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहें .

### लापुंग प्रखंड में एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन का शुभारंभ

**लापुंग**। लापुंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा की मुखिया सविता उरांव एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता लकड़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. बीसीजी का पहला टीका लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप उरांव को दिया गया. बीसीजी के लाभार्थियों में चिंतामणी उरांव, लैब टेक्नीशियन जगन्नाथ बडाईक, एक्स-रे टेक्निशियन मारकस सुरीन, सुकुरहुटू की साउनी मुंडाइन, सापुकेरा के मछु साहु एवं मनकी देवी, मालगो के बिरसा मुंडा, लापुंग की सहिया सुबंती देवी शामिल हैं.

श्रद्धालुओं ने किये पूजन-हवन, गायक कलाकारों ने बहायी भजनों की गंगा, वृहत रूप में चला भंडारा, संध्या काल में हुई महाआरती

# शनि मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया भादो अमावस्या महोत्सव

संवाददाता । रांची

राजधानी के शनि मंदिरों में भादो अमावस्या मंगलवार को श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनायी गयी. सनातनी व्रत धारण कर घरो में श्रीशिव और माता पार्वती संग सूर्य पुत्र शनि देव जी की नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना तो की ही. मंदिरो में भी दर्शन-पूजन को देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा. सजे-धजे मंदिरो में कहीं पूजन-हवन और भंडारा चला तो कहीं इसके साथ भजन संध्या का खास आयोजन किया गया. स्थानीय और बाहर से आए भजन गायकों ने भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित कर सब को झुमाया. माना जाता है कि इस दिन नेम-निष्ठा से पूजन करने वालो को शनि दोष नहीं सताता. जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है. इसी भाव से बड़ी संख्या में भक्तगण व्रत-उपवास कर शनि देव की भक्ति में रमे रहे.



भादो अमावस्या पर शनिदेव का मनोहारी श्रृंगार के बाद पूजा करते पुजारी.

## पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर मनोहारी श्रृंगार

पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार पर दिन के दस बजे तेल से अभिषेक कर सूर्य पुत्र शनिदेव जी का मनोहारी श्रृंगार किया गया. इसके बाद भक्तों ने नवग्रह हवन-पूजन कर श्रद्धा अर्पित की. दोपहर 12 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं के बीच महाभोग बांटा गया. पुजारी केशर देव महाराज के सान्निध्य में अमित शर्मा, प्रकाश शर्मा, सोनू शर्मा ने अनुष्ठान संपन्न कराया. शाम सात बजे बड़ी संख्या में भक्तों ने शनिदेव जी की महाआरती उतारी, फिर भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला. मां कात्यायनी मंडल के भजन गायक राज निगम, खुशबू गुप्ता, करिश्मा राठौर, शंभूजी आदि ने गणेश वंदना से शुरुआत कर भजनों की लड़िया लगा दीं. श्रद्धालु नाचते-झूमते और जयकारा लगाते रात डेढ़ बजे तक भक्ति आनंद के महासागर में डुबकी लगाते रहे. विकास मिश्रा, प्रेम और दीपक ने बाद्ययंत्रों पर कलाकारों की संगत की.

## गाड़ीखाना में शनि देव का अभिषेक

इधर शनि मंदिर गाड़ीखाना में सुबह छह बजे दैनिक पूजन-आरती के बाद शनि देव जी का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया. इसके साथ ही दर्शन-पूजन का शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक चला. भक्तों ने हवनादि कर सूर्य पुत्र से मंगल कामनाएं की. ग्रह आदि दोषो से छुटकारा पाने का आशीर्वाद मांगा. शाम सात बजे पुन: भगवान की महाआरती उतारी गयी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. गंगाधर और लीलाधर महाराज के सान्निध्य में मनोज शर्मा, भगवती शर्मा, आरके भारद्वाज ने पूजन-अनुष्ठान और हवन कराया. इसके अलावा खादगढ़ा सब्जी मार्केट, रातू रोड, अपर बाजार, थड़पखना, हीनू चौक आदि स्थित मंदिरो में भी भादवी अमावस्या महोत्सव धूमधाम से मनाया गया.

## न्यूज अपडेट

### मनाया गया स्वामी प्रज्ञानंद गिरी का जन्मोत्सव



**रांची।** ब्रह्मलीन अनंत श्री विभूषित श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य स्वामी प्रज्ञानन्द गिरी महाराज का जन्मोत्सव मंगलवार को पूरे भारत वर्ष में प्रज्ञा दिवस के रूप में मनाया गया. इसी क्रम में स्वामी जी का जन्मोत्सव रातू रोड के इंद्रपुरी रोड नंबर 6 में प्रज्ञा दिवस के रूप में मनाया गया. इस पावन अवसर पर उनके शिष्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर शक्ति वंदना, सूर्य मंत्र, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, आदित्य हृदय स्तोत्र का सामूहिक पाठ कर समस्त देशवासियों के लिए मंगलकामनाएं की. पाठ में मुख्य रूप से मनोज कुमार पुटू , ऋषभ कुमार, मुन्ना कुमार, प्रेरणा कुमारी, पूनम मिश्रा, श्रुति कुमारी, अनुषा कुमारी, स्वेता कुमारी, प्रीति कुमारी एवं अन्य भक्तगण उपस्थित थे.

### भौमवती अमावस्या पर बाला जी मंदिर में हुए अनुष्ठान

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर बाला जी मंदिर में मंगलवार को भौमवतीअमावस्या पर विशेष अनुष्ठान किया गया. सुबह दैनिक-पूजन आरती के बाद अर्चक गोपेश आचार्य और नारायण दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. श्रद्धालुओ ने भी पूजन कर बालाजी के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प भी चढ़या. माना जाता है कि इस दिन पितरों को परमगति देने वाले श्रीमन्नारायण की पूजा अक्षय हो जाती है. इसी भाव से बड़ी संख्या में भक्तगण नाम और गोत्र से युक्त संकल्प कराया. आराधना कर भक्ति में रमे रहे. रंजन कुमार झा, राम अवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, अनीष अग्रवाल, शारदा नारसरिया, रंजन सिंह, मुकेश टिवड़ेवाल आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

### अर्थशास्त्र विभाग में संगोष्ठी का आयोजन



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा फादर प्रूस्ट हॉल में मंगलवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित मर्सर कंसल्टिंग की एचआर टैलेंट और ट्रांसफॉर्मेशन कंसल्टेंट ने अपने अनुभव विभाग के छात्रों के साथ साझा किये और जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने टिप्स देते हुए बताया कि तनावग्रस्त स्थिति में खुद को उत्कृष्ट के तौर पर स्थापित करें. कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र भी चला. विभागाध्यक्ष डॉ. मारकुस बारला ने कहा कि विषय सम्बंधित ज्ञान ही उसे उनके मुकाम तक पहुंचा सकता है. निरंतर अभ्यास करने में कोई कोताही नहीं करनी चाहिए.

### राज्यपाल से मिला लायंस ग्लोबल के प्रतिनिधि



**रांची ।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के पदधारियों ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की और आगामी सामाजिक कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन लिया. अध्यक्ष अमित शर्मा व चार्टर अध्यक्ष शैलेष अग्रवाल के नेतृत्व शामिल प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के क्रम में क्लब के वर्तमान सत्र 24-25 में किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी और अपनी भावी योजनाएं भी महामहिम से साझा की. लायंस द्वारा प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल में जरूरमंदों के बीच खिचड़ी बांटने के प्रयास को राज्यपाल ने सराहा. प्रतिनिधिमंडल मे उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, खुशबु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### डॉ. नरेश त्रेहान से मिले रक्षा राज्य मंत्री

**रांची।** देश-विदेश में 50 हजार से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी करने वाले, प्रख्यात चिकित्सक और कई रोगों के विशेषज्ञ मेदांता के निदेशक पद्मश्री डॉ. नरेश त्रेहान से मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मुलाकात हुई. इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री ने डॉ. त्रेहान को सम्मानित किया और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए आभार प्रकट किया. रांची में न्यूरो व कैंसर के बेहतर इलाज की सुगम व्यवस्था हो. इसके साथ ही रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो सके, इन मुद्दों पर रक्षा राज्यमंत्री और डॉ नरेश के बीच सकारात्मक बातचीत हुई.

### प्रकृति पर्व करमा पूजा 14 को, तैयारियां शुरू

**रांची ।** झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों का प्रकृति पर्व करमा को लेकर केंद्रीय सरना समिति की बैठक हुई. जिसमें करम पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई. समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि करमा त्यौहार प्राकृतिक पूजा एवं परंपरा संस्कृति पर आधारित त्यौहार है. अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि इस वर्ष 14 सितंबर को उपवास एवं रात्रि 8:00 बजे पूजा, 15 सितंबर को परना एवं 16 सितंबर को करम डाली का विसर्जन होगा. बैठक में प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की, विनय उरांव, पंचम तिर्की आदि उपस्थित थे.

कहीं भव्य दरबार तो कहीं पर्वतों पर विराजेंगे भगवान श्रीगणेश

# राजधानी में सात से मचेगी गणपति महोत्सव की धूम

संवाददाता । रांची

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि सात सितंबर से गणपति महोत्सव की धूम रहेगी. राजधानी में भी अब महाराष्ट्र के तर्ज पर घरों से लेकर विविध स्थानों पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. शहर में इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. छोटे-बड़े पंडाल का निर्माण कर आकर्षक साज-श्रृंगार किया जा रहा है. कहीं भव्य दरबार तो कहीं पहाड़-पर्वत में विराजमान मंगल मूर्ति श्रीगणेश की प्रतिमा बरबस ही लुभाएगी. चुटिया और रेलवे कॉलोनी में इस बार भी मेला लगाया जाएगा.

आचार्य अजय मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को दिन के 03:01 बजे से सात सितंबर शाम 05:37 मिनट तक चतुर्थी तिथि रहेगी. उदीयमान तिथि में चतुर्थी मिलने से शनिवार को ही गणेश प्रतिमा की स्थापना और पूजा की जाएगी. इस दिन गणेश चतुर्थी की पूजा दिन के 11: 03 मिनट से दिन के 01:34 मिनट तक होगी. आचार्य ने बताया कि 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन उत्सव का समापन होगा.

**व्हाइट हाउस के भव्य दरबार में विराजेंगे श्रीगणेश :** न्यू स्टार गणेश पूजा समिति, चुटिया की ओर से इस बार भी दस दिनी गणेश उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है. व्हाइट हाउस के प्रारूप पर आधारित पंडाल के भव्य दरबार में 12 फीट उंची गणपति जी की प्रतिमा मन मोहेगी. आकर्षक विद्युत सज्जा से पूजास्थल जगमगाएगा. अध्यक्ष नवीन कुमार साहू ने बताया कि दर्शनार्थियों के मनोरंजन को ध्यान में रख मेला भी लगाया जा रहा है. छोटे-बड़े झूले और खाने-पीने के स्टालों का आकर्षण रहेगा. उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को शोभायात्रा के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा. छत्रधारी महतो, कृष्णा शर्मा, राधेश्याम सिंह, सुनील सिंह, राजा कुमार, आशु कुमार आदि इसके सफल आयोजन में योगदान दे रहे हैं.

## चुटिया और रेलवे मैदान में लुभाएगा भक्ति का मेला



संवाददाता सम्मेलन में महोत्सव की तैयारियों की जानकारी देते हुए गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति के पदाधिकारी.

## अशोक नगर में होगा लाल बाग के राजा का दर्शन

गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति अरगोड़ा,अशोक नगर के पूजा पंडाल में इस बार बाल बाग के राजा के रूप में श्रीगणेश प्रतिमा का दर्शन होगा. समिति के तीन दिनी गणेश महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार को दिन के साढ़े दस बजे कलश स्थापना पूजन से होगी. पुजारी शेखर पंडित सहयोगियों संग पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराएंगे. शाम पांच बजे से भक्तों के बीच विशेष भोग बांटा जाएगा. रविवार को संध्या महाआरती के बाद हलुआ प्रसाद बटेगा. अंतिम दिन नौ सितंबर को खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. शाम चार बजे गाजे-बाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी. अरगोड़ा तालाब में बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा. इसके सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित की गयी है, जिसमें राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और ऐश्वर्या सेठ को संरक्षक बनाया गया है. साथ ही संस्थापक और संयोजक पंकज कुमार, अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह,सुनील कुमार, उपाध्यक्ष राजू कुमार सिंह और विकाश चौबे ,मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा को चयन किया गया है.

### पहाड़ी मंदिर की सुरक्षा को लेकर रक्षा मंत्री ने लिखा पत्र

**रांची ।** पहाड़ी मंदिर के संरक्षण, संवर्द्धन और इसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. सीएम को लिखे पत्र में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व साथ-साथ है. ऐसे ही स्थानों में है रांची का पहाड़ी मंदिर. हिमालय से भी पुरानी इस पहाड़ी पर साक्षात भगवान शिव का वास है, यहां आदिवासी समुदाय से जुड़े बंधु भी पूजा करते हैं, इनके पाहन यहां पूजा करवाते हैं. सबसे बड़ा ऐतिहासिक महत्व यह है, कि कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी की सजा दी गई है, इसलिए इसे फांसी टुंगरी के नाम से भी जानते है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में इस पहाड़ी की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है. झारखंड के प्रसिद्ध पर्यावरणविद नीतिश प्रियदर्शी ने कई बार इस मुद्दे पर रिपोर्ट की है.

### वासुपूज्य जिनालय में प्रतिमाओं का मज्जन

**रांची।** वासुपूज्य जिनालय, रातू रोड में मंगलवार को भगवान जीनेंद्र देव की प्रतिमाओं का मज्जन किया गया. दिगंबर जैन धर्मावलंबियो का दस दिनी पर्वराज पर्युषण आठ सितंबर से प्रारंभ होगा. इसके मद्देनजर सुबह भगवान की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गयी. श्रावकों ने भगवान का अभिषेक-पूजन और शांतिधारा कर श्रीजी के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. अरविंद जैन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया.

## साईं नाथ विवि ने 25 संस्थानों के साथ किया एमओयू

संवाददाता। रांची



साईं नाथ विश्वविद्यालय (एसएनयू) रांची के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने 28 अगस्त को दिल्ली में देश के 25 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ किया एमओयू किया. बताया गया कि एमओयू का उदेश्य शिक्षा के क्षेत्र में शोध व नवाचार, सहयोग और साझेदारी, शिक्षा की गुणवता में सुधार, प्रशिक्षण और विकास, प्रभावी नीतियों के निर्माण, संस्थागत विकास, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक तथा निजी दोनों तरह के संस्थाओं के साथ साझेदारी को शामिल किया गया है. इस एमओयू के अंतर्गत संकाय विनिमय, छात्र आदान-प्रदान, शैक्षणिक संसाधनों और सूचनाओं को साझा करना, कार्यक्रमों और सम्मेलनों में भागीदारी आदि के लिए भारत के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएग, जिससे शिक्षा एवं औद्योगिक-अकादमिक संबंधों में सहयोग के एक नए युग का सूत्रपात हो सकेगा.

इस दौरान विश्वविद्यालय के वीसी अग्रवाल ने सार्वजनिक तथा निजी संस्थाओं तथा कम्पनियों के साथ समझौता किया है. इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली है. दूसरा डीवाई पाटिल इंटरनेशन यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र है. तीसरा एडवेक्ट स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा है. चौथा आरवीएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, तमिलनाडु है. पांचवां संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा है. छठा सुशांत यूनिवर्सिटी, हरियाणा है. सातवां जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशिएटिव्स, कोलकाता है. आठवां एसेट चेन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली और नौवां सोनेट माइक्रोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली प्रमुख है.

इसक अलावे पूर्व में शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने, मूलभूत सुविधाओं को साझा और पारस्परिक सहयोग कर विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक गुणवता में वृद्धि लाने के लिए अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं तथा कम्पनियों के साथ MoU पर हस्ताक्षर किया गया है. इसमें एक मीडिया और मनोरंजन कौशल परिषद, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली है. दूसरा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र कौशल परिषद, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली है. तीसरा ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली है. चौथा गृह प्रबंधन और देखभालकर्ता क्षेत्र कौशल परिषद, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली एवं जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नमामि गंगे प्रोजेक्ट शामिल है. इनके साथ एमओयू अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है. एमओयू से विद्यार्थियों के प्लसेमेंट में मदद मिलेगी.

### श्रीराणी सती मंदिर में अमावस्या महोत्सव का समापन

**रांची ।** श्रीराणी सती मंदिर कमेटी का दो दिनी भादो बदी अमावस्या महोत्सव मंगलवार को महाआरती के साथ संपन्न हो गया. अंतिम दिन सुबह पांच बजे मंगला आरती से शुरुआत हुई, इसके बाद दर्शन-पूजन का दौर शुरू हुआ. सिलसिला देर शाम तक चला. इस बीच श्रद्धालुओं ने श्रीराणी सती दादी को सवामनी और छप्पन भोग भी लगाया. भक्ति गीतों की सुमधुर स्वरलहरियों के साथ जयकारों से मंदिर गूंजता रहा. श्रीराम दरबार और मुख्य मंड में विराजमान अपने इष्ट का दर्शन करते श्रद्धालुओ का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रहा था. रात आठ बजे राजस्थानी वेष-भूषा में सुहागिनों ने श्रीदादी की महाआरती उतारी. इसी के साथ महोत्सव संपन्न हो गया.

### झारखंड के चार खिलाड़ी कोयंबटूर के लिए रवाना



**रांची।** इंडियन पारा क्रिकेट प्रीमियर लीग गैलेक्सी कप के लिए झारखंड के चार दिव्यांग खिलाड़ी कोयंबटूर के लिए मंगलवार को रवाना हुए. बता दें कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कोयंबटूर के 22 यार्ड स्टेडियम में छह से आठ सितंबर तक होना है. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों में जामताड़ा के मुदस्सर खान देवघर के शोएब अंसारी, रामगढ़ के बबलू साह और साहिबगंज के मो. नजीर अंसारी शामिल हैं. टूर्नामेंट के लिए रवाना होने से पहले रांची स्टेशन में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया. खिलाड़ियों को बधाई वालों में चंदन तिवारी, रीमा सिंह, स्मृति ऐश्वर्या व दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के चेयरमैन एमएम सिद्दीकी, निर्देशक मो अतहर अली, प्रदीप कुमार, नेहाल अहमद, औरंगजेब खान, समेंद्र लाल, शेरखान समेत अन्य लोग शामिल थे.

## रिटायर्ड सैनिकों के लिए रोजगार मेला 6 को

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री के साथ मंगलवार को चैंबर भवन में भारतीय सेना के अधिकारियों ने बैठक की. इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय महानिदेशालय द्वारा 6 सितंबर को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में भारतीय सेना के रिटायर्ड सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन पर चर्चा की गयी. मालूम हो इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रमुख भागीदारी निभायेगा. इस पर बैठक में सहमति बनी. सभी पूर्व सैनिकों का पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक होगा. रोजगार मेला से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मुखर्जी से 9516848211 संपर्क किया जा सकता है. रोजगार मेले में शामिल होने के लिए कंपनी/ कॉर्पोरेट/ नियोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं और अपना स्टॉल बुक कर सकते हैं. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने भारतीय सेना के इस आयोजन में झारखंड के व्यापारियों व उद्यमियों की सहभागिता का भरोसा दिलाया. रोजगार मेले के माध्यम से अपने प्रतिष्ठान/औद्योगिक इकाई में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फैसीलिटी मैनेजर, स्टोर कीपर, कैटरिंग स्टॉफ, ड्राइवर एंड मैकेनिक्स, हॉस्पिटैलिटी मैनेजर, सप्लाई चेन स्टॉफ, कम्पयूटर ऑपरेटर, सिविल मैकेनिकल, टेलिकॉम टेक्निशीयन, इंडस्ट्रीयल फायर सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट समेत विभिन्न सेक्टर में सेवानिवृत्त सैनिकों को रोजगार देने का सुनहरा अवसर है.



### सशक्त सेना समृद्ध भारत प्रदर्शनी छह से

**रांची ।** राजधानी में 6 से 8 सितंबर तक सशक्त सेना समृद्ध भारत प्रदर्शनी आयोजित होने वाली है. आयोजन दिन के 9 बजे से आरंभ होगा, इस प्रदर्शनी के जरिये इच्छुक लोग भारतीय सेना को करीब से उनके हैरतअंगेज कारनामों का जीवंत नजारा कर पायेंगे. यह खूबसूरत आयोजन रांची का मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है. इसका मकसद है स्थानीय लोगों के साथ संबंधों को सुदृढ़ करना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य की ओर प्रेरित करना. इस प्रदर्शनी में ना सिर्फ मॉडर्न सैन्य उपकरण देखने को मिलेंगे बल्कि सेना के जांबाज अपना जौहर भी दिखाएंगे. डेयरडेविल्स मोटरसाइकिल शो, डॉग शो, एरियल डिस्प्ले, हॉट एयर बैलूनिंग, मार्शल डांस समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे. इस सप्ताह को यादगार बनाने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा. घर के बुजुर्गों के साथ बच्चे और युवा भी इस प्रदर्शनी का आनंद लेंगे.

संस्कार भारती | बच्चों को सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने का प्रयास, राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता की आकर्षक प्रस्तुति

# 70 छात्र एवं छात्राओं ने किया हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन

संवाददाता। रांची

कला, साहित्य एवं संस्कृति को समर्पित संस्कार भारती की रांची महानगर इकाई एवं भारती कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में कुल 70 छात्र एवं छात्राओं ने अपने हुनर एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन किया. इस अवसर पर संस्कार भारती के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील अंकन ने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों एवं सनातन संस्कृति की परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने को प्रतिबद्ध संस्कार भारती पूरे वर्ष समाज के लिए इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है. इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी धरोहर की ओर मुड़ें और अपनी संस्कृति से जुड़े रहें.



सम्मान पत्र के साथ राधाकृष्ण प्रतियोगिता की प्रतिभागी एवं अन्य गणमान्य.

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के तीन वर्गों में, पहले वर्ग में 1 से 5 वर्ष के प्रतिभागी, दूसरे वर्ग में 5 वर्ष से अधिक और 12 वर्ष तक के प्रतिभागी तथा तीसरे वर्ग में 12 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागियों ने राधा कृष्ण की रूप सज्जा में अपनी प्रस्तुति दी. इसमें प्रथम वर्ग में राध्वी पाठक प्रथम स्थान, अन्यतम गुप्ता द्वितीय स्थान तथा प्रणव कुमार तृतीय स्थान पर रहे. दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान निशि मालाकार, द्वितीय स्थान शिवम कुमार तथा तृतीय स्थान ईशा कुजूर ने प्राप्त किया. प्रतियोगिता के तीसरे वर्ग में प्रथम स्थान सांची शिवम, द्वितीय स्थान विदुषी श्रेष्ठा तथा तृतीय स्थान सृष्टि कुमारी ने प्राप्त किया. इन्हें संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किये गए. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत गायन से हुआ. कार्यक्रम में कृष्ण भजन, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति एवं राधा कृष्ण की रूप-सज्जा में सजे प्रतिभागियों की सामूहिक महाआरती ने समारोह की गरिमा में चार चांद लगा दिया.

कार्यक्रम में प्रदेश नाट्य संयोजक राकेश रमण, रांची महानगर इकाई के अध्यक्ष रामानुज पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष प्रसाद, उपाध्यक्ष जेपी सिंह, मंत्री शशिकला पौराणिक, सहमंत्री जयदीप सहाय, कोषाध्यक्ष अनूप मजूमदार, संगीत संयोजिका सुजाता मजूमदार, प्रबंध कारिणी सदस्य कुमकुम गौड़, गौरव शर्मा तथा जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती रांची महानगर के संगीत संयोजक सुशील कुमार मिश्र ने किया.

## सीसीएल में अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संवाददाता। रांची

केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो गृह मंत्रालय के तत्वावधान में सीसीएल मुख्यालय स्थित उमंग सभागार में मंगलवार को पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 सितंबर तक चलेगा . इसका मुख्य उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में सरलता, सहजता और शब्दावली की एकरूपता के साथ-साथ कार्मिकों के अनुवाद कौशल को बढ़ाना है. प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने किया. आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो से आए सहायक निदेशक लेखा सरीन एवं सहायक निदेशक जगत सिंह रोहिल्ला ने संघ की राजभाषा नीति के साथ-साथ कार्यालयीन अनुवाद की मूलभूत प्रक्रियाओं के बारे में बताया.



अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए निदेशक हर्षनाथ मिश्र.

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कार्यालयीन कार्य में ऐसी हिंदी का प्रयोग करना चाहिए जो सभी को समझ में आये और मुझे यह विश्वास है कि यह कार्यक्रम निश्चय ही लाभदायी होगा. उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुये कहा कि इस अवसर का पूर्ण लाभ लें और हमारे आंतरिक रिसोर्स बनकर अपने साथी कर्मी से भी इस ज्ञान को साझा करें. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक (अधि.स्था./ राजभाषा) संजय ठाकुर, डॉ. दिविक दिवेश, बलिराम सिंह एवं अन्य के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है.

# जाति जनगणना दूर नहीं!

जाति जनगणना का सवाल भारतीय राजनीति के केंद्र में है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी जाति जनगणना के लिए हरी झंडी दिखा दी है. अब बारी भाजपा और केंद्र सरकार की है. राहुल गांधी ने पिछले दिनों कहा था कि जाति जनगणना के लिए आदेश आ गया है. प्रधानमंत्री इस दिशा में ठोस निर्णय लें, अन्यथा अगला प्रधानमंत्री इसे अंजाम देगा. देश की बदलती राजनीतिक फिजा में जाति जनगणना का सवाल संपत्ति के असमान वितरण, पर्याप्त भागीदारी और वंचित समूहों की सशक्तीकरण से जुड़ गया है. लोकसभा चुनाव के समय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, ने अमीर, गरीब, किसान और महिला को ही चार जाति बताते हुए कहा था कि जाति जनगणना देश के लिए घातक कदम है, लेकिन आरएसएस के केरल के पलक्कड़ में लिए गए निर्णय के बाद परिदृश्य बदलता हुआ नजर आ रहा है. आरएसएस के प्रवक्ता ने कहा है कि जाति जनगणना कल्याणकारी कार्यो के लिए होनी चाहिए न कि राजनीति के लिए. देश में जाति जनगणना के सवाल आलोड़न है. हाल ही में हुए दो सर्वेक्षणों में भी जाति जनगणना के पक्ष में बहुमत ने राय दी है. जाति जनगणना के सवाल ने पिछले तीन बरस के भीतर देश की राजनीति को क्रांतिकारी ढंग से बदला है. राहुल गांधी ने संविधान और सामाजिक न्याय के एजेंडे को भारतीय राजनीति के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया. इसने भारतीय जनता पार्टी की हिंदुत्व की राजनीति पर ग्रहण लगा दिया. भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की नई राजनीतिक यात्रा शुरू हुई. बिहार में महागठबंधन की सरकार ने जिस जनगणना को पूरा किया और उससे समाज में वंचना के नए मामले सामने आए. इसी तरह कनार्टक में जाति जनगणना पूरी हो चुकी है और उसके डाटा का सार्वजनिक होना शेष है. तेलंगाना ने जाति जनगणना के लिए एक आयोग बनाया है. झारखंड में चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्रित्व काल में कैबिनेट से जाति जनगणना कराने का प्रस्ताव पारित हुआ था. एनडीए के भी कई घटक दलों की राय जाति जनगणना के पक्ष में है. इस सवाल पर केंद्र सरकार भारी दबाव में है. केंद्र सरकार जनगणना के साथ जाति जनगणना भी करा दे तो अचरज नहीं होगा. 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भारत की राजनीति बहुत ज्यादा बदल गयी है और वंचित समूहों की आवाज आज पहले से कहीं ज्यादा बुलंद है. आरएसएस ने जनभावना और जन दबाव को महसूस किया है. उसके प्रवक्ता के वक्तव्य से यही अहसास होता है. 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया था. 1990 के बाद से आज तक की राजनीति इसी नरेटिव के इर्दगिर्द सक्रिय है. भाजपा ने सामाजिक इंजीनियरिंग का प्रयोग किया. इसका हिंदी भाषी इलाकों में उसे लाभ भी मिला.

> तेलंगाना ने जाति जनगणना के लिए एक आयोग बनाया है. झारखंड में चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्रित्व काल में कैबिनेट से जाति जनगणना कराने का प्रस्ताव पारित हुआ था. एनडीए के भी कई घटक दलों की राय जाति जनगणना के पक्ष में है.

## सुभाषित

**पातितोऽपि कराघातै रुत्पतत्येव कन्दुकः।**
**प्रायेण साधुवृत्तानाम स्थायिन्यो विपत्तयः॥**

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है. इसलिए यदि समय प्रतिकूल हो जाये तो धैर्य का त्याग नहीं करना चाहिए. कविवर रहीम ने भी कहा है-साईं चुप ह्वै बैठिए देखि दिनन का फेर, जब नीके दिन आइहें बनत न लगिहें देर.

# लोकतंत्र के कंधे पर सवार दागी

**दागियों को लेकर सर्वोच्च अदालत कितना गंभीर है वह इसी से समझा जा सकता है कि वह प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्रियों को भी ताकीद किया कर चुका है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले दागी लोगों को मंत्री पद न दिया जाए. क्योंकि इससे लोकतंत्र को क्षति पहुंचती है. सर्वोच्च अदालत यह भी कह चुका है कि भ्रष्टाचार देश का दुश्मन है और संविधान की संरक्षक की हैसियत से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं चुनेंगे.**

• देश-काल



अरविंद जयतिलक

**करीने से अजब आरास्ता कातिल की महफिल है,**
**वो किस दावे से कहते हैं हमारा ही तो ये दिल है.**


मशहूर शायर दाग देहलवी का यह शेर सियासी दलों के ऐसे सभी तकरीरों और नेक-नियति को बेपर्दा करता है, जो सैद्धांतिक तौर पर राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ तो हैं, लेकिन व्यवहारिक तौर पर दागियों के ही बगलगीर हैं. आज यह बगलगीरी और पैरोकारी सिर पर सवार नहीं होती तो लोकतंत्र के कंधे पर भी दागी सवार नहीं होते. इसे लेकर देश की अदालतों और जनमानस को चिंतित नहीं होना पड़ता और न ही संसद और विधानसभाओं में पहुंचकर दागियों की फौज जनतंत्र को मुंह चिढ़ाती. हाल ही में एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) द्वारा अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है. इनमें 16 मौजूदा सांसद और 135 विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामलों की जानकारी दी है. ऐसे मामलों में दस साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है. इन माननीयों में भाजपा के 54, कांग्रेस के 23, तेलुगु देशम के 17 सांसद-विधायकों के अलावा कई अन्य दलों के भी माननीयगण शामिल हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 25 सांसदों और विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है. अर्थात राज्य के तौर पर सर्वाधिक दागी इसी राज्य से हैं. उल्लेखनीय है कि चुनाव सुधार के लिए काम करने वाली संस्था एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग को सौंपे गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4809 हलफनामों में से 4693 की जांच की, जिसमें यह तथ्य सामने आया है. यह बिडंबना देखिए कि दागी जनप्रतिनिधियों को लेकर सर्वोच्च अदालत लगातार चेतावनी दे रहा है इसके बावजूद संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले दागी जनप्रतिनिधियों की संख्या में कमी नहीं आ रही. मतलब साफ है कि राजनीतिक दलों का ऐसे लोगों से परहेज नहीं है और न ही निर्वाचित करते समय जनता इसे तवज्जो दे रही है. यह स्थिति किसी भी संसदीय लोकतंत्र की जीवंतता के लिए भयावह और खतरनाक है. याद होगा गत वर्ष पहले



सर्वोच्च अदालत ने पूर्व और मौजूदा सांसदों और विधायकों के खिलाफ उन लंबित आपराधिक मामलों का निपटारा दो महीने के दरम्यान करने को कहा था, जिनके ट्रायल पर रोक लगी हुई थी. तब जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने दो टूक कहा था कि इस मामले में सुनवाई रोजाना हो और इसे बेवजह न टाला जाए. पीठ ने सभी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को भी ताकीद किया था कि इन निर्देशों के पालन में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए. वे इसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी निपटाएं. सर्वोच्च अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि अगर किसी मुकदमे में उच्च न्यायालय ने रोक लगा रखी हो तो उसे जल्द से जल्द हटाया जाए. अच्छी बात है कि देश की सभी अदालतें ऐसे मामलों में तेजी से सुनवाई करते हुए निर्णय सुना रही हैं. देखा भी जा रहा है कि तमाम माननीयों को संसद और विधानसभाओं की सदस्यता से हाथ धोना पड़ रहा है. सदन की शोभा बढ़ाने वाले जेल की सलाखों के भीतर जा रहे हैं. दागियों को लेकर सर्वोच्च अदालत कितना गंभीर है वह इसी से समझा जा सकता है कि वह प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्रियों को भी ताकीद किया कर चुका है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले दागी लोगों को मंत्री पद न दिया जाए. क्योंकि इससे लोकतंत्र को क्षति पहुंचती है. सर्वोच्च अदालत यह भी कह चुका है कि भ्रष्टाचार देश का दुश्मन है और संविधान की संरक्षक की हैसियत से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं चुनेंगे. लेकिन विडंबना है कि अदालत के इस नसीहत का सियासी दलों पर कोई खास असर पड़ता नहीं दिख रहा. इसका प्रमुख कारण है कि सर्वोच्च अदालत ने दागी सांसदों और विधायकों को मंत्री पद के अयोग्य मानने में सीधे हस्तक्षेप के बजाए इसकी नैतिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के विवेक पर छोड़ दिया है. उसने व्यवस्थापिका और कार्यपालिका में हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझा. यहां ध्यान देना होगा कि दागी माननीयों को लेकर सर्वोच्च अदालत एक-दो बार नहीं, बल्कि अनगिनत बार सख्त टिप्पणी कर चुका है. लेकिन हर बार देखा जाता है कि राजनीतिक दल अपने दागी जनप्रतिनिधियों को बचाने और उन्हें टिकट देने के लिए कुतर्क गढ़ते नजर आते हैं. याद होगा गत वर्ष पहले जब सर्वोच्च अदालत ने जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के जरिए दोषी सांसदों व विधायकों की सदस्यता समाप्त करने और जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगायी तो राजनीतिक दलों ने किस तरह बखेडा खड़ा किया. अकसर राजनीतिक दलों द्वारा सार्वजनिक मंचों से मुनादी पीटा जाता है कि राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है. वे इसके खिलाफ कड़ा कानून बनाने और चुनाव में दागियों को टिकट न देने की हामी भरते हैं. लेकिन जब उम्मीदवार घोषित करने का मौका आता है तो दागी ही उनकी पहली पसंद बनते हैं. दरअसल राजनीतिक दलों को विश्वास हो चुका है कि जो जितना बड़ा दागी है उसके चुनाव जीतने की उतनी ही बड़ी गारंटी है. देश की जनता को समझना होगा कि किसी भी राजनीतिक व्यवस्था में नेताओं के आचरण का बदलते रहना स्वाभावगत प्रक्रिया है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जड़मति-सम्मति

एक गांव में एक महिला, तालाब पर पानी भरने गई. उसका पति भी स्नान और कपड़े धोने के उद्देश्य से उसके साथ था. गांव का बुजर्ग सरपंच भी वहां था. पानी भरती हुई महिला का पैर फिसला और वह तालाब में जा गिरी. हाथ पैर पटकने से वह किनारे से दूर हो गई. उसने पानी से बाहर निकलने का बहुत कोशिश की, लेकिन जितनी कोशिश करती, वह और डूबती जाती थी. किनारे पर खड़े बजुर्ग सरपंच से रहा नहीं गया. उसने उसके पति को हांक लगायी- ₹अरे बचाओ उसे.₹ पति ने लाचारी व्यक्त की, उसे तैरना नहीं आता था.उसने कहा-"सरपंच जी मुझे तैरना नहीं आता. उसे बचाने के लिए अगर तालाब में छलांग लगाता हूं तो डूब जाऊंगा. इसलिए आप ही कुछ कीजिए. सरपंच असमंजस में पड़ गये, क्योंकि तैरना तो सरपंच भी नहीं जानते थे." उन्होंने कहा-"अरे भाई तैरना तो मुझे भी नहीं आता है, लेकिन इसे इस प्रकार मरने के लिए छोड़ा भी नहीं जा सकता है. अच्छा चलो, मैं ही कुछ सोचता हूं कि अब क्या किया जाय. सहसा सरपंच को एक उपाय सूझा. संयोग की बात है कि उस समय तालाब में भैसें तैर रही थीं. सरपंच ने उसके पति से कहा, "अपनी पत्नी को हांक लगाओ कि, 'भैंस की पूंछ पकड़ ले' वह डूबने से बच जाएगी और भैंस के साथ बाहर भी निकल आएगी." उसके पति ने आवाज लगाई, "भैंस की पूंछ मत पकड़ना." सरपंच ने कुपित नज़रों से उसे देखा, किन्तु तब तक महिला भैंस की पूंछ पकड़ चुकी थी. उसने अपने पति की बात नहीं मानी और सरपंच की बात को मानती हुई भैंस की पूंछ पूरी ताकत लगा कर पकड़े रही. सरपंच चिल्लाया, "भैंस की पूंछ छोड़ना मत.₹ उसके पति ने सरपंच को चुप रहने का इशारा करते हुए पत्नी को आवाज दी, " भैंस की पूंछ मत पकड़े रखना. उसे जल्दी से छोड़ दो. तभी तुम बच पाओगी, वरना भैंस के साथ ही तुम भी डूब मरोगी." उसकी यह बात सुनकर पति को गुस्सा आ गया. उसने कहा-"तुम्हारी पत्नी को बचाने का एक मात्र उपाय भैंस की पूंछ पकड़ना ही है, लेकिन उसे भी तुम करने नहीं दे रहे. आखिर तुम चाहते क्या हो?" पति ने मुस्करा कर कहा-"मेरे कहने से वह भैंस की पूंछ नहीं छोड़ेगी. वह मेरी पत्नी है, उसे मैं अच्छी तरह से जानता हूं, बड़ी तुनकमिजाजी है. आदेश तो किसी भी दशा में उसे मंजूर नहीं, जो बोलो उसके उलट ही व्यवहार करेगी." उधर, देखते ही देखते उसकी पत्नी भैंस के साथ सकुशल बाहर आ गई. सरपंच अवाक् देखता ही रह गया!!

# अन्यथा प्रबल होती है भूख की ज्वाला

• सामयिकी

अयोध्या नाथ मिश्र

उत्पाद सिपाही बहाली अभियान में आठ अभ्यर्थियों ने आत्माहुति दे दी. राजनीतिक गलियारे से मांग उठेगी, आलोचनाएं होंगी और संवेदनशील सरकार की ओर से मृतकों के आश्रितों को कुछ सांत्वना राशि राज्य के संचित निधि से दे दी जाएगी. संभव है, घटनाओं की जांच के आदेश भी दे दिए जाएं और प्रतिवेदन भी आ जाएं, पर यह प्रश्न सदा ज्वलंत रहेगा कि राज्य में सिपाही की नौकरी के लिए युवक किस सीमा तक समर्पण को तैयार हैं. छोटी क्यों न हो सरकारी नौकरी कितना महत्वपूर्ण है? अभी हाल में उत्तर प्रदेश में सिपाही की नौकरी परीक्षा में लगभग आधा करोड़ युवाओं ने शिरकत की थी. एक युवक अपने भविष्य के लिए कितने सपने देखता है. उसके मां-बाप यदि अमीर ना हो तो अपने और बच्चे के सुखद भविष्य के लिए अनेक संपने सजोये हुए उसे जुआ दहलीज तक पहुंचने की प्रतीक्षा करते हैं. " पूत होइहें सेयाध : दुख जैहे परायः" कहावत है. लोग यह भी कहते हैं कि ' पीठ पर दोनों बच्चे जवान हो गए अब किस बात की चिंता'. पर यहां स्थिति विपरीत है. सिपाही (कनीय कोटि) के पद के लिए संघर्ष में बेटा प्राण गंवा देता है. उस मां-बाप के लिए ऊपर क्या बीतेगा, उसके परिवार के सपनों का क्या होगा? भैया की नौकरी की दुआओं के साथ पिछले दिनों कलाई में राखी बांधने वाली उस किशोरी बहना के अरमानों को कौन परवान चढ़ाएगा? युवा शव जब गांव में तंत्र द्वारा पहुंचाया जाएगा तो मातम का वह मर्मस्पर्शी दृश्य किस व्यवस्था की ओर उंगली उठाकर पूछेगा 'कहां तो तय था चिराग हरेक घर के लिए, कहां मयस्सर न हो सका शहर के लिए'! चिराग बुझ गया झंझा भी हंस रही है. पूछा जा रहा है 10 किलोमीटर की दौड़ आवश्यक थी क्या? क्या चयन के और तरीके थे या केवल इसी को आधार बनाकर छंटनी की जानी थी. व्यवस्था के पास सबका जवाब है, यह भी है कि जवाब देना जरूरी है या नहीं! जो शोर मचा रहे हैं उनके पास इसके और कितने विकल्प थे? उन्होंने क्या किया? सारे बयान राजनीतिक प्रेरित हैं. " तेरा मुंह काला तो तेरा मुंह काला". पर प्रश्न का समीचीन उत्तर समय तो जानना चाहेगा ही. राज्य में रोजगार के अन्य स्रोत सूख गए तो क्यों? खेती-बाड़ी, व्यवसाय, उद्यमिता, सरकारी योजनाओं में नियोजन के अवसर कहां चले गए? कौशल विकसित कर स्वरोजगार या स्वावलंबन के अन्य साधन क्यों विलुप्त हो गए? झारखंड अतुल संभावनाओं का गरीब राज्य है. रोजगार की संभावनाएं आज भी कम नहीं

> उत्पादित होने वाली खनिज संपदा आधारित एन्सीलरीज उद्योगों का जाल क्यों नहीं बढ़ा! बड़े उद्योगों के सहायक उद्यमों में गरीब युवा शक्ति के सहभागी उद्यमिता को अवसर क्यों नहीं मिला. युवा शक्ति के कौशल विकास एवं उद्यमिता सामर्थ्य के अनेक उदाहरण हैं.हमारे युवा हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर सकते हैं, बशर्ते प्रोत्साहक समर्थन चाहिए.

है. भारी भरकम उद्योग एवं केंद्र राज्य परियोजनाएं भी बहुतायत में खड़ी है और सबसे बढ़कर देश की 40- 42% खनिज संपदा राज्य को रोजगार देने के लिए पर्याप्त है. राज्य गठन के पूर्व के कालखंड को यदि छोड़ भी दिया जाए तो दो युगों (चौबीस वर्ष) की अवधि इसके लिए कम होती है क्या? युवा आबादी को उद्यम-उद्यमिता एवं संसाधन आधारित व्यावसायिकता के लिए आखिर कितना समय चाहिए. बेरोज़गारी इसी का प्रतिफल है. राज्य गरीबी, पलायन, अशिक्षा, कौशल के अभाव का दंश झेल रहा है तो कारण तो होंगे ही इसके पीछे! चिंतन और चिंता अपरिहार्य है. सरकार और समाज इस दायित्व से भाग नहीं सकते. उत्पादित होने वाली खनिज संपदा आधारित एन्सीलरीज उद्योगों का जाल क्यों नहीं बढ़ा! बड़े उद्योगों के सहायक उद्यमों में गरीब युवा शक्ति के सहभागी उद्यमिता को अवसर क्यों नहीं मिला. युवा शक्ति के कौशल विकास एवं उद्यमिता सामर्थ्य के अनेक उदाहरण हैं. हमारे युवा हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर सकते हैं, बशर्ते प्रोत्साहक समर्थन चाहिए. एक दशक पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कुछ सप्ताह के होटल मैनेजमेंट ट्रेनीज छात्राओं को प्रशिक्षण के तहत झारखंड भवन, दिल्ली में नियोजित किया और होटल मैनेजमेंट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिलाया. वे इतनी दक्षता पूर्वक कार्य संभालती थी कि अधिकांश दिल्ली के अच्छे-अच्छे होटलों में नियुक्त हो गई .पैन आईआईटी और टूल रूम प्रशिक्षितों का त्वरित नियोजन उदाहरण हैं. झारखंड में कृषि और उससे संबद्ध सेवाओं में इतनी संभावनाएं हैं कि ग्रामीण उद्यमिता का समग्र विकास हो सकता है. हर हाल में सफलता की अदम्य इच्छा कई सकारात्मक संदेश देता है. इसके निहितार्थ और प्रबल इच्छाशक्ति को समझना समय की चुनौती है. अन्यथा भूख की ज्वाला प्रबल होती है. 'बुभुक्षितः किम न करोति ....!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जरूरी है परमाणु ऊर्जा संयत्रों की रक्षा

• ऊर्जा

डॉ. अरुण मित्रा

पहले ज़ापोरिज्जिया और अब कुर्स्क में परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में हैं, जो अत्यधिक चिंता का विषय हैं. संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (एआईईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने 27 अगस्त को रूस के कुर्स्क परमाणु संयंत्र के दौरे के दौरान चेतावनी दी कि स्थिति बहुत गंभीर है, क्योंकि यह संयंत्र युद्ध क्षेत्र से मुश्किल से 50 किलोमीटर दूर स्थित है. आईएईए ने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए खतरे के बारे में कई चेतावनियां जारी की हैं, खासकर रूसी सेना द्वारा दक्षिणी यूक्रेन में ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर कब्ज़ा करने के बाद. आईएईए प्रमुख ने चेतावनी दी कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए. यह एक अत्यंत गंभीर चेतावनी है जो आईएईए प्रमुख के मुंह से निकली है. थ्री माइल आइलैंड, चेरनोबिल और फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र आपदाओं की भयानक यादें हमें उन क्षेत्रों में और उसके आसपास के क्षेत्रों में जीवन और बुनियादी ढांचे के भारी नुकसान की याद दिलाती हैं, साथ में विकिरणों के दीर्घकालिक परिणाम की भी. इसलिए वैश्विक समुदाय न केवल चिंतित है, बल्कि भयभीत भी है कि अगर यूक्रेन में युद्ध बढ़ता है, तो परमाणु दुर्घटना के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी संप्रभुता या क्षेत्र को खतरा हुआ तो उनका देश परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा. उन्होंने यह बयान 5 जून 2024 को दिया जब वे रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के वरिष्ठ संपादकों से व्यक्तिगत रूप से मिले. रूस-यूक्रेन क्षेत्र के अलावा, गाजा में महिलाओं और बच्चों पर चल रहा इजरायली आक्रमण दिल दहला देने वाला है. गाजा के नागरिकों को मवेशियों के झुंड की तरह इधर-उधर धकेला जा रहा है. इजरायली सुरक्षा बलों ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने या मौत का सामना करने के लिए कहा है. लेकिन तथाकथित सुरक्षित स्थानों पर भी हमले किये जाते हैं और बच्चों और महिलाओं को बिना किसी दोष के मार दिया जाता है. 7 अक्टूबर से, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर कुल 890 हमले दर्ज किये हैं, जिनमें से 443 गाजा में और 447 पश्चिमी तट पर हुए हैं. गाजा में गंभीर भीषण संकट है, क्योंकि गाजावासियों तक मानवीय सहायता पहुंचने में कई

> रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी संप्रभुता या क्षेत्र को खतरा हुआ तो उनका देश परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा. उन्होंने यह बयान 5 जून 2024 को दिया जब वे रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के वरिष्ठ संपादकों से व्यक्तिगत रूप से मिले.

बाधाएं हैं. डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ ने बीमारियों में वृद्धि के बारे में चेतावनी दी है. निवासियों में पोलियो वायरस का पता चलने से चिकित्सा बिरादरी हिल गयी है. 40,000 से ज़्यादा लोगों की मौत 1948 के नकबा की पुनरावृत्ति है, जब दर्जनों नरसंहारों में फ़िलिस्तीनी अरबों को निशाना बनाया गया था और 500 से ज़्यादा अरब-बहुल शहर, गांव और शहरी इलाके उजड़ गये थे, जिनमें से कई या तो पूरी तरह से नष्ट हो गये या यहूदियों ने उन्हें फिर से आबाद कर दिया और उन्हें नए हिब्रू नाम दिये.युद्धों का मतलब सैन्य औद्योगिक परिसरों के लिए बहुत बड़ा मुनाफ़ा है. कहा जाता है कि वर्तमान सैन्य गतिविधि के कारण पर्यावरण को होने वाला नुकसान कुल पर्यावरणीय गिरावट का लगभग 5.4प्रतिशत है. परमाणु हथियारों की मौजूदगी ही एक बड़ा खतरा है. अगर इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं भी किया जाता है, तो भी इनके रखरखाव में शामिल लागत का प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक जरूरतों पर किये जाने वाले निवेश पर पड़ता है. परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान (आईसीएएन) ने इन हथियारों के उत्पादन और रखरखाव पर बर्बाद किये गये धन की उपयोगिता की तुलना करते हुए आंकड़े पेश किए हैं. स्थायी शांति और परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रस्तावों को पारित करना और उन्हें लागू करना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का प्राथमिक कर्तव्य है. जी-20, जो शक्तिशाली देशों का एक समूह है, को परमाणु निरस्त्रीकरण सुनिश्चित करना चाहिए. असैन्य समाज को भी नौ परमाणुसंपन्न देशों पर परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संयुक्त राष्ट्र संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए पहले से कहीं अधिक मजबूती से अपनी आवाज उठानी होगी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# कृषि के दबाव में विकास दर में गिरावट

**राष्ट्रीय सांख्यिकी** कार्यालय ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अपने तिमाही आंकड़े जारी कर दिए हैं. अप्रैल और जून 2024 के बीच की अवधि में जीडीपी की वास्तविक सालाना वृद्धि 6.7 फीसदी रही. इसे गिरावट के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि पिछली तिमाही में जीडीपी में सालाना 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में यह 8.2 फीसदी अधिक थी. ताजा आंकड़े अनुमान से कम हैं, क्योंकि रिजर्व बैंक ने समान अवधि में वृद्धि के 7.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया था. यह सवाल स्वाभाविक तौर पर पूछा जाएगा कि क्या रिजर्व बैंक का 7.2 फीसदी सालाना वृद्धि का अनुमान हासिल हो सकेगा या नहीं? बहरहाल, अभी यह अनुमान लगाना बहुत आसान होगा कि हम वृद्धि की गति पूरी तरह खो चुके हैं. आंकड़ों की गहराई से पड़ताल कुछ आशाएं जगाती हैं कि इन अनुमानों को हासिल किया जा सकता है. सकल मूल्यवर्धन में इजाफा हुआ है. जीडीपी के दो सबसे प्रभावी घटक जिनकी वजह से तुलनात्मक मंदी आई है, वे हैं सरकारी व्यय और कृषि. इन दोनों के लिए क्षेत्रवार मुद्दे हैं. यह चुनावी साल था और यह संभव है कि आदर्श आचार संहिता ने सरकारी व्यय को उन सप्ताहों में प्रभावित किया हो, जब चुनाव प्रचार चल रहा था. जीडीपी में सरकारी व्यय की खपत इस तिमाही में एक अंक में रह गई. अनुमान के मुताबिक अब जबकि सरकार बन चुकी है और पूरे वर्ष का बजट भी पेश किया जा चुका है तो सरकारी व्यय भी सामान्य हो जाएगा. विशुद्ध कर वृद्धि भी इस तिमाही में कम रही. इसमें सालाना 4.1 फीसदी की धीमी वृद्धि दर्ज की गई. यह आकलन 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर किया गया. 2023-24 में समान तिमाही में यह वृद्धि 7.9 फीसदी थी. कृषि अवश्य मॉनसून पर निर्भर है. अगस्त के महीने में हमें कुछ अतिरिक्त बारिश देखने को मिली, लेकिन मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि सितंबर में सामान्य बारिश होगी. अच्छे मॉनसून से कृषि उत्पादन बेहतर होता है. वास्तविक डर कम बारिश का नहीं, बल्कि अतिवृष्टि या मॉनसून की वापसी में देरी है, क्योंकि ऐसी स्थिति में गर्मियों में बोई गई फसल प्रभावित हो सकती है. उत्तर-पश्चिम भारत से मॉनसून की वापसी 17 सितंबर से आरंभ हो जाएगी. इसमें किसी भी देरी पर करीबी नजर रखी जाएगी.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### रंक/गरीब/दरिद्र

**ये दुनिया** नहीं जागीर किसी की. राजा हो रंक यहां तो सब हैं चौकीदार, कुछ तो आकर चले गये कुछ जाने को तैयार खबरदार. 1972 में आयी फिल्म चौकीदार में राजेंद्र कृष्ण की लेखनी से निकल कर मदनमोहन के संगीत से सजधज कर मोहम्मद रफी के मधुर कंठ से प्रकट हुआ यह गाना खूब चला. इस गाने में भारतीय दर्शन का सार है. यह पूरा संसार मुसाफिरखाना है और हम सब चाहे राजा हों या रंक, उसके चौकीदार हैं. राजा और रंक दोनों शब्द एक दूसरे के विपरीतार्थ हैं. राजा का मतलब जहां समृद्धि का चरम है, वहीं रंक दरिद्रता की पराकाष्ठा. इस संसार में कोई रंक नहीं होना चाहता, लेकिन परिस्थितियां लोगों को रंक बना देती हैं. इसी प्रकार का एक गाना आया था-सोनी और मोनी की है जोड़ी अजीब, साजन अमीर सजनी गरीब. शब्दकोशों में रंक, गरीब और दरिद्रता तीनों के सामान्य अर्थ निर्धन ही बताया गया है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार रंक संस्कृत तत्सम विशेषण शब्द है. इसका अर्थ है गरीब, निर्धन, कृपण, कंजूस. दरिद्र संस्कृत तत्सम विशेषण शब्द है. इसका मतलब है जिसके पास धन न हो, निर्धन, कंगाल, गरीब, अभावग्रस्त. इसी प्रकार गरीब अरबी मूल का विशेषण शब्द है, जिसका मतलब है निर्धन, दरिद्र, कंगाल, विनम्र, दीनहीन, बेचारा, लाचार, निरुपाय, मुफलिस, अकिंचन. गरीब से अनेक शब्दों का निर्माण होता है. जैसे गरीबखाना, मतलब अपने घर, मकान या निवास के लिए किसी के सामने कहा जानेवाला नम्रता सूचक शब्द, दीन की कुटिया, साधारण घर. जो गरीबों पर दया करनेवाला दयालु है, उसे गरीब-नवाज कहते हैं. गरीब परवर का मतलब है गरीबों का पालन करनेवाला. अर्थ के दृष्टिकोण से एक लगने वाले इन तीनों शब्दों में सूक्ष्म अंतर है. दरिद्र और रंक संस्कृत मूल के हैं, जबकि गरीब अरबी मूल का. दोनों विशेषण हैं. गरीब का अर्थ निर्धन या दीन होता है। दरिद्र का अर्थ भी निर्धन, गरीब, दीन होता है, लेकिन दरिद्र का अर्थ कंगाल भी है. रंक और कंगाल गरीबी की चरम दशा हैं.

# रिश्वत लेना एक कला है

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

यह तो मानना पड़ेगा कि रिश्वत लेने के मामले में अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव है. रिश्वत लेना एक कला है. इस कला में जो व्यक्ति जितना पारंगत होगा, वह उतने ही निरापद रूप से रिश्वत ले पाएगा. रिश्वत ऐसे ली जानी चाहिए कि दाहिना हाथ रिश्वत ले और बाएं हाथ को भनक भी न पड़े. जिस प्रकार से एक योगी अपनी सांसों को अत्यंत सुगमता से बिना कोई आवाज किए लेता है, ठीक उसी प्रकार से रिश्वत लेने वाले को एक आदर्श योगी की तरह होना चाहिए. कुछ लोग इतने बेवकूफ होते हैं कि जब रिश्वत लेते हैं तो अति उत्साह में भर जाते हैं . जब रिश्वत लेकर घर लौटते हैं तो उनकी पैंट की दोनों जेबें फूल कर कुप्पा हुई साफ दिखती हैं. पूरे रास्ते लोग समझ जाते हैं कि आज साहब ने मोटी मुर्गी फांसी है. भई ! रिश्वत लेकर आए हो तो संयमित रूप से रोजमर्रा की तरह टहलते हुए चलो. हाथ में बैग लेकर रोजाना दफ्तर जाने और आने की आदत डालो. यह नहीं कि जिस दिन रिश्वत लेनी है, उस दिन बैग ले गए. बाकी दिन खाली हाथ दफ्तर आते-जाते रहे. बैग खाली हो या भरा हुआ हो, लेकिन हाथ में मजबूती से पकड़े हुए सधे कदमों से हमेशा सड़क पर चलते हुए दिखो. कोई पूछे भी कि इस बैग में क्या है? तो निडर होकर कह दो कि हमारा जीवन खुली किताब है. लेकिन इस बात का ध्यान रहे कि कभी भी अपना बैग खोलकर किसी को मत दिखाना. बैग भले ही खाली हो, लेकिन वह तुम्हारी रिश्वत लेने की नाव है, जो नदी के पार जाती है और फिर लौट कर आ जाती है. चतुर लोग कभी भी अपने हाथ से रिश्वत नहीं लेते. वह हमेशा बीच का एक दलाल सुनिश्चित कर लेते हैं. रिश्वत देने वाला दलाल को रिश्वत देता है. दलाल अपना कमीशन काटकर बाकी रुपया रिश्वत लेने वाले को पकड़ा देता है. इसमें कभी भी फंसने की गुंजाइश नहीं है, लेकिन इस प्रक्रिया में दिक्कत यह है कि कई बार दलाल जितनी धनराशि रिश्वत में लेता है, मालिक को उससे कम बताता है. इस तरह दलाल की आमदनी ज्यादा होती है, मालिक की आमदनी कम रह जाती है. कई रिश्वत लेने वाले इसीलिए दलाल के चक्कर में नहीं पड़ते. ऐसे लोगों ने या तो पूरी रिश्वत खुद ही निगल ली या फिर पुलिस ने पकड़ कर उन्हें जेल भेज दिया.





दुनिया मांगे अपनी मुरादें, मैं तो मांगू साजन, रहे सलामत मेरा सजना और सजना का आंगन... शादी के बाद स्त्री अपने साजन और साजन के आंगन की सलामती की दुआ अपनी हर सांस में करती है. उसे बचाने-संवारने के लिए कहां कोई कसर छोड़तीं. दिल की तसल्ली के लिए, अपने सुकून और आस्था के लिए कर्म के संग धर्म के रास्ते पर भी चलती हैं. तन-मन-धन के समर्पण का ही एक मासूम रास्ता तीज जैसे व्रत का भी है. आज की पढ़ी लिखी लड़कियां भी तीज को उतनी ही शिद्दत से करती नजर आती हैं जितनी शिद्दत से उनकी मां, नानी. हां, बदले में वह आज हक से पति से उतना ही विश्वास, उतना ही समपर्ण मांगती. तीज के पावन मौके पर महिलाएं याद कर रहीं अपनी पहली तीज के खूबसूरत अनुभव.

## जीवन साथी के लिए तीज का निर्जला उपवास, पहली-पहली बार

# पिया तुझको हमारी उमर लग जाए



### मिशिगन में विधि विधान से तीज



श्रुति तिवारी

यहां मिशिगन के कैंटन शहर में पहली बार तीज अपने बिहार-झारखंड की परंपरा के अनुसार पूरे विधि-विधान के साथ मनाई और आज भी ऐसे ही मनाती हूं. घर में पूजा के बाद यहां स्थित मंदिर में जाती हूं और पूजा करती हूं. मैं इस दिन नई साड़ी जरूर पहनती हूं और मेहंदी भी लगाती हूं. वो कहते हैं ना कि जहां चाह, वहां राह, सो परदेश की इस भूमि पर परंपरा निर्वाह में मुझे कभी अधिक दिक्कत नहीं हुई. पूरे विधि-विधान से पूजा, व्रत उपवास के बाद मेरा पारण भी परंपरा के अनुसार ही होता है. पारण के लिए मैं कढ़ी-बड़ी, चने का बचका...सब बनाती हूं. त्यौहार में वही उत्साह-माहौल मेरे घर यहां मिशिगन में भी होता जो रांची या पटना के किसी घर में होता होगा.

### मेरी लवमैरिज वाली तीज



पूनम निश्चल

बचपन की मोहब्बत से शादी करना आसान नहीं था. दोनों पक्षों की नाराजगी के बावजूद हमने शादी की. जल्द ही कम अंतराल पर दो बच्चे हुए. उसके बाद पति की लंबी आयु के लिए तीज करने की इच्छा मन में जागी. पर कैसे करूं. मनपसंद शादी के बाद मायके से नाता टूट गया तो ससुराल वाले भी तब बात नहीं करते थे. पर कहते हैं ना कि जहां चाह, वहां राह. मेरी सहकर्मी सरिता मैम ने मुझे तीज के विधि-विधान के बारे में बताया. मेरी घरेलू सहायिका ने भी बहुत जानकारी दी. पहली बार जब तीज करने की सोची तो पति बहुत उत्साह से मंगलसूत्र और साड़ी खरीद कर लाए. घरेलू सहायिका और पति की सहायता से भोग और आसपास बांटने के लिए प्रसाद तैयार हुआ. पिरुकिया-ठेकुआ बनने से घर में त्यौहार की खुशबू पसर सी गई. सरिता मैम ने मिट्टी के गौरी शंकर बनाने की बात कही तो याद आया कि मां मैदा से बनाती थीं गौरी-शंकर. सो, मां की बात याद कर मैंने भी मैदे से ही गौरी-शंकर बनाई. पहली बार निर्जला व्रत कर रही थी, सो पति बहुत ख्याल रख रहे थे. पूजा के बाद रात में उन्होंने पानी अपने हाथों से पिला दिया. बेशक मां और सासु मां की कमी खल रही थी, लेकिन पति के प्यार और सरिता मैम के साथ घरेलू सहायिका के सहयोग से पहली तीज यादगार बन गई.

### कहानी



शेफालिका सिन्हा

## निर्जला उपवास

सपना का पहला तीज है. सपना इस व्रत को लेकर काफी खुश है,लेकिन जब उसे अपनी माँ का तीज व्रत याद आ रहा तो वह परेशान हो रही है. मां को चाय न पीने के कारण भयानक सिरदर्द हो जाता था. बहुत कहने पर भी चाय पानी कुछ नहीं लेती, कहती कि शुरू से निर्जला ही किया है, मतलब चौबीस घंटे पानी नहीं पीना है.

सपना ने आज तक तो कभी उपवास नहीं किया है. मां ने कभी कहा भी नहीं. उसकी कुछ सहेलियां सावन सोमवारी को फलाहार व्रत करतीं, पर वह तो रोज की तरह ही खाना पीना खा लेती. अब तीज के उपवास के नाम से उसके प्राण सूख रहे हैं. तीन महीने ही शादी के हुए हैं, पति सूरज से कुछ कहने में संकोच हो रहा है.

मम्मी जी का उत्साह परवान पर है. वे तो तीन दिनों से तीज की तैयारी में लगी हैं. पिरुकिया, ठेकुआ, शकरपारा आदि बनाने में व्यस्त हैं. पिरुकिया भी कई तरह का, खोवा ,सूजी, नारियल सब भर कर बन रहा है. थोड़ी मदद खाना बनाने वाली कर रही है और कुछ सपना भी कर रही है.

बेटा ने टोका, "मां इतना सारा किसलिए? थोड़ा सा केवल पूजा के लिये बना लो. हमलोग तो इतना मीठा खाते भी नहीं."

उनका तर्क कि पहली बार बहू कर रही है. बिल्डिंग में इतने परिचित हैं, काम करने वाले हैं, सबको देना होगा या नहीं?

अब मम्मी जी के उत्साह के आगे सब फीका है. उन्होंने सपना के लिए लाल चुनरी की गोटेदार साड़ी अपने मायके से मंगाया है. सपना के यहां से भी सबके लिए कपडा एवं मिठाई आया है. तीज के एक दिन पहले मम्मी जी ने मेहंदी लगाने वाली को बुलाया. सपना को पूरे हाथ में भरकर खूब सुंदर मेहंदी लगवाई. खुद बस हल्का सा डिजाइन बनवाया. तीज के दिन तैयार होने, साड़ी पहनने के लिए पार्लर वाली को बुलाया. तीज के दिन मेकअप, साड़ी के बाद उसने टीका-नथ और सोने का सेट पहना. हाथ में भरी-भरी चूड़ियां, पैरों में बिछिया, पायल पहनाकर आलता लगवाया. सपना बिल्कुल दुल्हन ही लग रही थी. सूरज तो सपना को देख मंत्र मुग्ध हो गया. मोबाइल से जाने कितनी ही फोटो उसने ली.

नियत समय पर पंडित जी आए. पूजा की चौकी पर मंडप बना, उसमें बालू के शिव गौरा को प्रतिस्थापित कर विधिवत पूजा करवाई. बनाए गए पकवान भगवान को भोग लगाए गए. बांस की डलिया जो सास बहू के लिए अलग-अलग थी, उनको सजाया गया. एक डलिया में श्रृंगार के सारे सामान रखकर पार्वतीजी को चढाया गया. पहली तीज होने के कारण सपना की डलिया में साड़ी भी रखी गई. सासू मां की डलिया में एक ब्लाउज पीस के साथ सभी श्रृंगार के सामान रखे गए. एक और डलिया में खीरा, सेब, केला, अमरूद, अनार आदि फल और बनाए गए ठेकुआ, पिरुकिया रखकर पूजा की चौकी के पास सजाया गया.

पूजा खत्म होने पर सासू मां ने सपना को बताया कि अब सुबह सूर्योदय के पहले उठकर नहाकर, फिर से शिव-गौरा की पूजा करनी होगी, आरती करनी होगी. अब तक सपना थक चुकी थी और भूख-प्यास से बेहाल भी. बाप रे कैसे भूखी प्यासी रात कटेगी. लेकिन, उसने किसी से कुछ कहा नहीं. वहीं डाइनिंग टेबल पर बैठ गई. बार-बार तलब होती कि जा कर एक गिलास पानी ही पी ले, पर वह चुपचाप बैठी रही. उधर सूरज ने मां पापा और सपना के साथ एक बार फिर कुछ फोटो खींचे. आजकल सोशल मीडिया के जमाने में कोई फोटो लेना और उसे शेयर करना नहीं भूलता.

सपना वहीं थकी सी बैठी रही, तभी सासू माता दो गिलास लेकर आई और खुद भी बैठ गईं. उसे गिलास पकड़ाते हुए बोलीं कि नारियल पानी है, पी लो. इधर दो वर्षों से मैंने पीना शुरू किया है. तुम अभी तला मखाना खाकर चाय भी पी लो. सपना मुंह से कुछ ना कह, उठकर सासू मां के गले लग गई. सासू मां की सोच और उनकी बातों से वह भावुक हो गई. उसे लगा कि ये तो लकीर की फकीर नहीं, समय के साथ चलने वाली हैं. अब उसका निर्जला तीज का डर काफूर हो गया और वह पुनः उत्साह से भर गई.



## पूजा तिथि, मुर्हूत, चौघड़िया

तृतीया तिथि 05 सितंबर 2024 को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से प्रारंभ होगी जो कि 06 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि में हरतालिका तीज व्रत 06 सितंबर 2024, शुक्रवार को रखा जाएगा.

## हरतालिका तीज पर बन रहे ये चौघड़िया मुहूर्त

हरतालिका तीज पर पूजन के लिए कई चौघड़िया मुहूर्त बन रहे हैं. द्रिक पंचांग के अनुसार, चौघड़िया मुहूर्त सुबह 06 बजकर 01 मिनट से सुबह 07 बजकर 35 मिनट तक रहेगा. इसके अलावा चौघड़िया मुहूर्त सुबह 07 बजकर 35 मिनट से सुबह 09 बजकर 10 मिनट तक रहेगा. चौघड़िया पूजन मुहूर्त सुबह 09 बजकर 10 मिनट से सुबह 10 बजकर 44 मिनट तक रहेगा. शाम के समय पूजन का मुहूर्त शाम 05 बजकर 01 मिनट से शाम 06 बजकर 36 मिनट तक रहेगा. यह सभी शुभ चौघड़िया मुहूर्त हैं, इस अवधि में पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ माना गया है.

### तांत की साड़ी और सासु मां की डांट



डॉ अनीता शर्मा

याद है पहली तीज (1990) जब मैं पढ़ाई की वजह से अपने मायके में ही थी और मुझे तीज के लिए ससुराल से साड़ी मिलनी थी. मां (सास) ने पतिदेव से यह कहलवा भेजा कि अपनी पसंद की साड़ी खरीद कर भेजवा दो जो मैं तीज पर तुम्हें और सामान के साथ भिजवा सकूं. तो मैं गयी और साड़ी खरीद लाई. उन दिनों मैं एकदम हल्के रंगों को पसंद करती थी, सो क्रीम रंग की तांत की साड़ी खरीद कर ले आयी. जब तीज के दिन पतिदेव सामान के साथ तीज के लिए आये मैंने देखा कि उसमें गहरे हरे रंग की बहुत ही सुंदर साड़ी रखी है. पति की तरफ देखी तो उन्होंने माताजी की अप्रत्यक्ष डांट सुनाई तो वह आज भी यादों में है.

हुआ यूं कि जैसे ही इन्होंने वह मेरी पसंद की हुई साड़ी मां को दिखाई, माँ ने उसे झटक कर रख दिया कि पहली तीज में क्या यही पहनेगी? हर सास को अपनी सजी संवरी बहू अच्छी लगती है और त्यौहारों पर लाल, पीले, हरे जैसे रंग ही. इसलिए वे पुनः खुद बाजार गईं और दूसरी साड़ी ले आईं और मुझे भिजवा दी, उसी साड़ी के साथ. मैंने भी उस दिन मां के पसंद की साड़ी ही पहनी. बहुत ही सुंदर लग रही थी वह साड़ी मुझ पर. तब से धीरे-धीरे रंगों की पसंद भी बदल गयी. क्या संयोग है कि इस बार तीज पर साड़ी देने के लिए मां नहीं है और पहला वाकया याद दिलाने के लिए यह शुभम संदेश.

## तपती धूप में बारिश से सासु मां के शब्द



अर्पणा बहादुर

पहली बार ससुराल में तीज का उपवास रखा तो मन बहुत उत्साहित था. पति की लंबी आयु के लिए उपवास रखना मन को आह्लादित कर रहा था. पति देव भी खूब खुश नजर आ रहे थे. निर्जला व्रत में शाम तक का समय कैसे गुजर गया, पता भी नहीं चला. लेकिन शाम को जब नहा कर पूजा की तैयारी करने लगी, भूख-प्यास से हालत खराब. एक बार तो जी कर गया कि छोड़ो यार! मुझसे अब नहीं सहा जाएगा, बस दो घूंट पानी पी लूं. दो घूंट पानी से आखिर क्या बिगड़ जाएगा! पर तभी नई शादी का जोश उभरा, क्या पति के लिए एक दिन भूखी-प्यासी नहीं रह सकती, हद है! पति के लिए थोड़ा और प्यार उमड़ा और भूख-प्यास दोनों भूल गई. फिर खूज सजी और पूरे विधि-विधान से जेठानी के संग तीज की पूजा की.

पूजा के बाद सासु मां के पांव छूने गई तो उन्होंने आशीष देते हुए कहा कि जाओ, जाकर शरबत पी लो. पहली बार के व्रत में पी लोगी तो आगे भी व्रत में सहुलियत रहेगी. सासु मां के ये बोल कैसे लगे, बता नहीं सकती! जैसे तपती धूप में बदरी की छांव हो या कि बारिश की बूंदें बरस गई हों शीतलता के लिए! मन मयुर नाच उठा और पति पर प्यार के साथ अब सासु मां के लिए श्रद्धा भाव भी कुछ अधिक उमड़ा. ईश्वर को इतना अच्छा घर-वर देने के लिए धन्यवाद कही और जल्दी से कपड़े चेंज किए. फिर पति के हाथ से शरबत पियी, लगातार दो गिलास गटक गई, तब जा कर चैन आया, कलेजे को ठंडक पहुंची.

रात को भूख से नींद नहीं आ रही थी. सुबह पूजा करनी थी. सासु मां ने कहा कि सूर्योदय से पहले पूजा करनी है. सुबह-सुबह उठी और चार बजे ही तैयार हो कर पूजा किया. उसके बाद परंपरा के अनुसार सत्तू और गुड़ से मैंने पारण किया. उसके बाद चाय पी. दिल में संतुष्टि थी कि मैंने परंपरा के अनुसार तीज पूजा की. लेकिन आज सालों बाद पहली तीज के डर, भूख और उत्साह को याद कर मन मुस्कुरा उठता है.

## जब सामान लेकर खुद पहुंची सासु मां



अंशिता सिन्हा

बिहार के जिस क्षेत्र से सम्बंध रखती हूं वहां पर सिर्फ विवाहित स्त्रियां ही नहीं बल्कि अविवाहित लड़कियां भी तीज किया करती थीं. मैं तो हालांकि कभी शादी से पहले तीज नहीं की लेकिन घर में मां और बुआ को बचपन से यह व्रत करते देखते आयी थी. गांव में तो इसे करने का जो तरीका या माहौल होता था वो सचमुच बहुत ही खूबसूरत था जिसके कारण इसे करने की उत्सुकता हमेशा से बनी रही.

शादी के बाद पहली तीज पर मैं मायके में थी. हमारे यहां पहली तीज मायके में ही की जाती है और इस अवसर पर ससुराल से साड़ी, कपड़े, मिठाई और श्रृंगार का सामान भेजा जाता है. पति बाहर जॉब में थे, उनका आना सम्भव नहीं था और ससुराल में भी सिर्फ वृद्ध सास-ससुर थे जिसके कारण सामान लेकर आना सम्भव नहीं लग रहा था. मेरे पति ने मुझसे कहा कि पैसे भेज दूंगा सारी चीजें पसंद से खरीद लेना. यह सुनकर मन थोड़ा मायूस तो जरूर हुआ क्योंकि पहली तीज को आने वाली चीजों का चाव और इंतजार लड़की के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी रहता था. चूंकि समस्या समझ रही थी इसलिए मैंने हामी भर दी. दूसरे ही दिन मेरी सासू मां फोन की और बोलीं- ₹मत लीजिएगा खुद से कुछ भी, मैं खुद लेकर आउंगी सारी चीजें. पहला तीज बहुत खास होता है, इस रस्म को यूं ही कैसे छोड़ दूं.₹

यह सुनकर खुशी और भावुकता से मेरी आंखें नम हो गईं. साथ ही सासू मां के प्रति भी मन स्नेह से भर उठा. तीज से एक दिन पहले ही वे सारी चीजें लेकर मेरे पास पहुंच गईं. साड़ी देते हुए सकुचाते हुए बोलीं, - ₹नए जमाने के हिसाब से खरीदी हूं, पता नहीं हमारी पसंद अच्छी लगेगी कि नहीं. यह सुनते ही मैं उनके गले लग गयी. उन्होंने इतने प्यार से लाया, यही आशीर्वाद है मेरे लिए. फिर उन्होंने सारी पूजा बहुत प्यार से बताकर और समझाकर करवाईं. आज भी उनकी दी हुई साड़ी संभालकर रखी हुई हूं जो मुझे पहली तीज की याद दिला जाती है और मां सरीखी सासू मां की भी.

## बहू की पहली तीज





बिंदु प्रसाद रिद्धिमा


**शादी** के बाद की पहली तीज (हरितालिका तीज ) का हम बिहार झारखंड के साथ-साथ इसके सटे राज्यों की महिलाओं को विशेष इंतजार रहता है. यह भादो शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन मनाई जाती है. उत्तर भारत में शादीशुदा महिलाएं ज्यादातर सावन वाली "हरियाली तीज" करती हैं जिसमें हरी चूड़ी, हरी साड़ी, मेहंदी, खूब मस्ती, सावन के झूले और लजीज व्यंजनों का लुत्फ लेती हैं. जबकि पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों की महिलाएं भादो कृष्ण पक्ष को "सातुड़ी तीज" का व्रत करती हैं जिसमें सुहागिनें दिनभर पूजा कर रात फलाहारी का पारण करती हैं. हरितालिका तीज पर सुहागिनें निर्जला व्रत कर गौरी महादेव की पूजा करती हैं और अगले दिन सुबह सूर्योदय के बाद पारण करती हैं. जन्मों जन्मों तक अहिवात, सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगती हैं. नई साड़ी कपड़े, खूब साज-श्रृंगार, मेहंदी, चूड़ी, पायल का नई-नई ब्याहताओं में खुमार छाया रहता है. अगर बहुएं ससुराल में हैं तो मायके से सौगात आते हैं और मायके में है तो ससुराल से सौगात जाते हैं. ठेकुआ, खमोउनी, पेड़किया, साड़ी, कपड़े, पैसे, श्रृंगार के सामान और खोंईचा की डलिया तीज के सौगात के लिए बनते हैं.

इस बार मेरी बहू की भी पहली तीज है. मेरी बहू गायत्री उत्तर भारत से है. उनके मायके में हरियाली तीज मनाने का रिवाज है. हरितालिका तीज की विधि विधान से बहू को जानकारी नहीं है. कुछ पढ़ाई, परीक्षा के कारणवश उसे अपने मायके में ही हरितालिका तीज मनानी पड़ रही है. आज की युवाओं की एक बात मुझे बहुत भाती है कि वे हरेक परिस्थिति में ढल जाते हैं. मैंने अपनी बहू से कहा कि "कुछ थोड़े नियम विधान से व्रत कर इस बार पूजा कर लो.....अगली बार से हम लोग साथ व्रत पूजा करेंगे. तब पूरी विधि विधान से पूजा कर लेंगे." जैसे हमारे घर परिवार में बालू और मिट्टी से शिव की मूर्ति बनाई जाती है साथ में गौरी ,गणेश और कार्तिक भी विराजमान होते हैं और उनकी पूजा कर उनका अगले दिन विसर्जन किया जाता है. मैंने बहू से कहा कि "तुम इस बार फोटो से ही पूजा कर लो." पर गायत्री ने पारंपरिक पूजा करने की ही ठानी. इस तरह अपने संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते देखना अच्छा लगता है. मेरी बहू गायत्री के लिए मेरा बेटा तीज की पूरी सौगात लेकर अपनी दुल्हनिया के पास तीज मनाने गया है. गौरी महादेव से आशीष मांगती हूं कि दोनों बच्चें जीवन भर साथ रहें, स्वस्थ रहें. सभी सुहागिनों को माता गौरी अहिवात रखें. सब का जीवन मंगलमय और सुखमय रहे.

## ब्रीफ खबरें

### उरुग्वे के फुटबॉलर लुई ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** उरुग्वे के दिग्गज फुटबॉलर लुई सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है. इसी के साथ सुआरेज ने 17 साल के अपने सुनहरे करियर पर विराम लगा दिया. सुआरेज अपने देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं. उन्होंने उरुग्वे के लिए कुल 69 गोल दागे.लुई सुआरेज ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संन्यास की घोषणा की. उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को पैराग्वे के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के खिलाफ मैच खेलकर वह अपने जूते टांग देंगे. 17 साल के करियर में सुआरेज ने उरुग्वे के लिए 142 मैच खेले और 69 गोल दागे.



### रोलेंट ने पाक हॉकी टीम कोच का पद छोड़ा

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस ने दीर्घकालिक अनुबंध की कमी का हवाला देते हुए आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए चीन में टीम से जुड़ने से मना कर दिया. ओल्टमेंस इस साल की शुरुआत से सीनियर टीम के साथ काम कर रहे हैं. उन्हें सीधे हुलुनबुइर में टीम में शामिल होना था, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने इससे इनकार कर दिया.पीएचएफ (पाकिस्तान हॉकी महासंघ) के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'ओल्टमैंस ने पीएचएफ को सूचित कर दिया है कि वह कोचिंग के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि वह दीर्घकालिक और उचित अनुबंध चाहते हैं.' ओल्टमेंस ने 2013 और 2017 के बीच भारतीय हॉकी टीम के हाई परफार्मेंस निदेशक और मुख्य कोच के रूप में भी काम किया था.

### लियोनल मेसी ने शुरू किया अभ्यास

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेसी ने इस हफ्ते मैदान पर व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह एमएलएस के नियमित सत्र के खत्म होने से पहले इंटर मियामी में शामिल हो सकते हैं. मियामी के कोच गेरार्डो 'टाटा' मार्टिनो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अर्जेंटीना की 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर जीत के बाद से 37 वर्षीय मेसी दाएं टखने की चोट के कारण बाहर हैं. वह इस मैच के दूसरे हाफ में गिर गए थे. मेसी शनिवार को इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबले में नहीं खेले.

### नाथन व क्लार्कसन केंद्रीय अनुबंध में शामिल

**वेलिंगटन।** ऑलराउंडर नाथन स्मिथ और जोश क्लार्कसन को पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है. इन दोनों युवा खिलाड़ियों ने केंद्रीय अनुबंध पाने वाले क्रिकेटरों की 20 सदस्यीय सूची में डेवोन कॉनवे और फिन एलन की जगह ली है. पिछले साल डुनेडिन में बांग्लादेश के खिलाफ पदार्पण करने वाले क्लार्कसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीन वनडे और छह टी20 मैच खेले हैं, जबकि स्मिथ ने न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में वेलिंगटन की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है.

---

बांग्लादेश ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया

# दूसरा टेस्ट छह विकेट से जीता, लिटन रहे हीरो

**एजेंसी।रावलपिंडी**

बांग्लादेश ने लगातार दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है. इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया. पहला टेस्ट बांग्लादेश ने 10 विकेट से अपने नाम किया था. दोनों मुकाबले रावलपिंडी में खेले गए. पहले टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान टीम की खूब आलोचना हुई थी. अब बांग्लादेश ने न सिर्फ पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में हराया है, बल्कि पहली बार सूपड़ा साफ भी कर दिया है.

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 274 रन बनाए थे. जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 262 रन पर समाप्त हुई थी. इस तरह पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर दूसरी पारी में 12 रन की बढ़त हासिल की थी. पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 172 रन बनाए और बांग्लादेश के सामने 185 रन का लक्ष्य रखा. इस लक्ष्य को बांग्लादेश ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया. लिटन दास इस मैच के हीरो रहे. उन्होंने पहली पारी में 26 रन पर छह विकेट गंवा चुकी बांग्लादेशी टीम को मेहदी हसन मिराज के साथ मिलकर संभाला था और 138 रन बनाए थे.




### बांग्लादेश ने चौथी बार किसी टीम का क्लीन स्वीप किया

बांग्लादेश की टीम साल 2000 से टेस्ट खेल रही है. तब से लेकर अब तक उसने सिर्फ चार बार दो या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है. पाकिस्तान से पहले बांग्लादेश की टीम 2009 (2-0) और 2018/19 (2-0) में वेस्टइंडीज का और 2014/15 में जिम्बाब्वे (3-0) का सूपड़ा साफ कर चुकी है. इसके अलावा बांग्लादेश ने 2022/23 में आयरलैंड, 2019/20 में जिम्बाब्वे और 2021 में भी जिम्बाब्वे को एकमात्र टेस्ट की सीरीज में हराया था.

### 17वीं बार पाकिस्तान का टेस्ट में सूपड़ा साफ

यह टेस्ट में 17वीं बार है जब पाकिस्तान को दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है. वहीं, अपने घर में पाकिस्तान को दूसरी बार दो या इससे ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ का सामना करना पड़ा है. इससे पहले 2022/23 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को उसके घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था. शान मसूद की टीम को अब बांग्लादेश के खिलाफ शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है.

# ऐतिहासिक जीत के साथ बांग्लादेश की लंबी छलांग

- बांग्लादेश चौथे स्थान पर, पाकिस्तान 8वें पायदान पर खिसका भारत शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी।रावलपिंडी**

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई है. नजमुल हुसैन शांतो की टीम अब चौथे स्थान पर पहुंच गई है. इससे पहले टीम छठे पायदान पर थी. वहीं, पाकिस्तान की टीम आठवें पायदान पर बनी है.

**चौथे स्थान पर पहुंची बांग्लादेश की टीम :** लगातार दूसरे टेस्ट मैच में जीत के साथ बांग्लादेश 33 अंक और 45.83 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है. छह टेस्ट मुकाबलों में यह उनकी तीसरी जीत है. वहीं, पाकिस्तान 16 अंक और 19.04 अंक प्रतिशत के साथ आठवें पायदान पर है. उन्होंने सात में से सिर्फ दो टेस्ट मैचों में जीत का स्वाद चखा है. वहीं, पांच मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है.

### भारत शीर्ष पर बरकरार

भारत और गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया क्रमशः 68.5 और 62.5 अंकों के साथ शीर्ष दो पर बरकरार हैं. भारतीय टीम को सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है. पहला मुकाबला 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा. वहीं, दूसरा मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा. इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर में पांच मैचों की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी.


---

**रचा इतिहास** पैरा ओलंपिक खेलों में अपने नाम दर्ज किया बड़ा रिकॉर्ड

# सुमित का ऐतिहासिक 'स्वर्ण'

**एजेसी।पेरिस**

भारत के दो बार के विश्व चैंपियन सुमित अंतिल ने सोमवार को लगातार पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया. वह ऐसा करने वाले पहले पैरा-एथलीट बन गए हैं. करीब एक महीने पहले नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में देश के लिए सिल्वर जीता था और अब सुमित अंतिल ने स्वर्ण पदक. बस फर्क इतना है कि नीरज ने ओलंपिक में जीता और सुमित ने पैरालंपिक में यह मुकाम हासिल किया. सोमवार को पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में न केवल सुमित ने अपने स्वर्ण का बचाव किया, बल्कि 70.50 मीटर के थ्रो के साथ अपने पुराने पैरालंपिक रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया. 73.29 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले अंतिल ने अपने पहले थ्रो के साथ मौजूदा पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया, उन्होंने भाला 69.11 मीटर तक फेंका और 2021 में टोक्यो में बनाए गए 68.55 मीटर के अपने रिकॉर्ड में सुधार किया. उन्होंने अपने दूसरे थ्रो में इसमें और सुधार किया तथा भाला 70.59 मीटर तक फेंका, इस प्रकार उन्होंने स्वर्ण पदक लगभग सुनिश्चित कर लिया, क्योंकि अन्य कोई भी प्रतियोगी उनके पहले थ्रो के करीब नहीं पहुंच सका. हरियाणा के सोनीपत के 29 वर्षीय अंतिल, जिन्होंने 2023 में पेरिस में विश्व चैम्पियनशिप का स्वर्ण और फिर कुछ महीने पहले 2024 में कोबे, जापान में स्वर्ण जीता था. श्रीलंका के दुलान कोडिथुवाक्कू ने 67.03 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरियन माइकल ने 64.89 के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता. भारत के संदीप चौधरी 62.80 के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे. पुरुषों की एफ64 श्रेणी में स्वर्ण पदक के लिए टूर्नामेंट से पहले पसंदीदा माने जा रहे सुमित अंतिल इस प्रकार पैरालंपिक खेलों में ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया के बाद दूसरे भारतीय बन गए हैं. वह झाझरिया और अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खेलों में कई स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय पैरा-खिलाड़ी भी हैं. इस खास अवसर पर सुमित को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों ने बधाई दी. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, "सुमित द्वारा असाधारण प्रदर्शन! पुरुषों की भाला फेंक एफ64 इवेंट में स्वर्ण जीतने के लिए उन्हें बधाई! उन्होंने असाधारण निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है. उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं.




## शटलर निथ्या श्री ने महिला एकल में कांस्य जीता

**एजेंसियां ।पेरिस**

भारत की सुमति सिवान निथ्या श्री ने सोमवार शाम यहां महिला एकल एसएच6 वर्ग में इंडोनेशिया की पूर्व विश्व चैंपियन रीना लार्लिना को 2-0 से हराकर अपना पहला पैरालंपिक कांस्य पदक जीता. इस वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त 19 वर्षीय निथ्या श्री ने 2022 में टोक्यो में महिला एकल एसएच6 वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली इंडोनेशियाई को कांस्य पदक मैच में केवल 23 मिनट में 21-14, 21-6 से हराया. यह निथ्या श्री के लिए एक तरह का बदला था क्योंकि वह और उनकी जोड़ीदार सोलाईमलाई शिवराजन दिन की शुरुआत में मिश्रित युगल एसएच6 वर्ग में कांस्य पदक मैच में रीना मार्लिना और उनके जोड़ीदार सुभान सुभान से 17-21, 12-21 से हार गई थीं. एसएच6 श्रेणी छोटे कद वाले खिलाड़ियों के लिए है. मिक्स्ड डबल्स मैच इंडोनेशियाई खिलाड़ी से हारने के बाद निथ्या श्री ने पहले गेम में रीना को ज्यादा मौके नहीं दिए. निथ्या श्री ने जल्द ही 7-0 की बढ़त बना ली. रीना ने गेम में वापसी की और लगातार चार अंक जीते और 10-10 पर बराबरी हासिल कर ली. हालाँकि, आगे बढ़ने की उनकी उम्मीदें कम रह गईं क्योंकि भारतीय ने लगातार पांच अंक जीते और उन्होंने पहला गेम 21-14 से जीत लिया. निथ्या श्री ने दूसरे गेम में अपना दबदबा बनाया और एक बार फिर 3-2 से 10-2 तक लगातार सात अंक जीते और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. पहले गेम के विपरीत, 30 वर्षीय इंडोनेशियाई स्टार एक साथ अंक नहीं जुटा सकीं क्योंकि उनकी भारतीय प्रतिद्वंद्वी ने गेम पर अपना नियंत्रण बनाए रखा.निथ्या श्री ने अंततः दूसरा गेम 21-6 से जीत लिया और केवल 23 मिनट में मैच समाप्त कर दिया. यह पेरिस पैरालंपिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का पांचवां और तीन स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक सहित कुल 15वां पदक है. भारत वर्तमान में समग्र पदक तालिका में 15वें स्थान पर है.




---

**ऐलान :** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल डेट घोषित

# लॉर्ड्स के मैदान में 11 जून से होगा फाइनल

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मैच किन दो टीमों के बीच खेला जाएगा, इसका फैसला होने में अभी भले ही समय बचा हो, लेकिन यह कब और कहां खेला जाएगा, इसका फैसला हो चुका है. आईसीसी ने ऐलान किया है कि 11 से 15 जून के बीच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सीजन का फाइनल मैच लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा. इस ऐतिहासिक टेस्ट मैच के लिए 16 जून को रिजर्वडे के तौर पर भी रखा गया है. यह पहला मौका होगा जब आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा. इससे पहले दोनों फाइनल मैच लंदन के द ओवल मैदान पर खेले गए थे. ऑस्ट्रेलिया डिफेंडिंग चैंपियन है, जिसने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल मैच में भारत को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था, वहीं इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण में फाइनल मैच न्यूजीलैंड और भारत के बीच खेला गया था, जहां न्यूजीलैंड ने खिताब अपने नाम किया था.



### भारत है टॉप पर

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 टीमों के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा. मौजूदा समय में भारत टॉप पर है, वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर है. मौजूदा स्थिति हो देखकर ऐसा लग रहा है कि फाइनल मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है. आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं.

### टूर्नामेंट में नौ टीमें ले रही भाग

इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, साउथअफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के नाम शामिल हैं. पाकिस्तान, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के लिए फाइनल में पहुंचने के दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं. जबकि बाकी सभी टीमों के पास फाइनल में पहुंचने का मौका बन सकता है.

# नॉकआउट पर अहमदाबाद और जयपुर की नजर

**एजेंसी।चेन्नई**

अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी अहमदाबाद पाइपर्स के पास नॉकआउट में अपना दावा पेश करने का एक आखिरी मौका होगा, जब बुधवार को अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024 में उनका सामना जयपुर पैट्रियट्स से होगा. यूटीटी 2024 के अंतिम लीग मैच में दोनों टीमों के बीच पांच अंकों का अंतर है. अहमदाबाद एसजी पाइपर्स 30 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर, जबकि जयपुर पैट्रियट्स 25 अंकों के साथ 8वें स्थान पर है. पूरे सीजन में कई बार देखा गया है कि समीकरण बदल सकते हैं. इस प्रकार दोनों टीमों के पास अभी भी सेमीफाइनल में जगह बनाने का एक और मौका है. यूटीटी 2024 में पहली बार भाग लेने वाली टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि दोनों टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी- अपनी टीमों के पक्ष में रुख मोड़ने में सक्षम हैं. अहमदाबाद स्थित इस टीम की उम्मीदें टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी बर्नाडेट स्जोक्स पर टिकी होंगी, और रोमानियाई स्टार का जयपुर पैट्रियट्स की थाई खिलाड़ी सुथासिनी सवेत्ता से संभावित मुकाबला दिन का मुख्य आकर्षण हो सकता है. फ्रांस के मानुष शाह और लिलियन बार्डेट से भी अहमदाबाद एसजी पाइपर्स को जरूरी बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद की जाएगी. दूसरी ओर, जयपुर पैट्रियट्स को दक्षिण कोरियाई स्टार चो सेउंगमिन, मौमिता दत्ता और स्नेहित एसएफआर जैसे खिलाड़ियों से नॉकआउट की दौड़ में आगे रहने की उम्मीद होगी.

### टीमें

**अहमदाबाद एसजी पाइपर्स**

मानुष शाह, बर्नाडेट स्जोक्स (रोमानिया), लिलियन बार्डेट (फ्रांस), रीथ टेनिसन, कृतिकवा सिन्हा रॉय, जश मोदी .

**जयपुर पैट्रियट्स**

चो सेंगमिन (दक्षिण कोरिया), सुथासिनी सावेटाबुत (थाईलैंड), स्नेहित एसएफआर, रोनित भांजा , मौमिता दत्ता, नित्यश्री मणि .

---

## पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया

### कामयाबी पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं



राष्ट्रपति द्रौपदू मुर्मू ने सुमित की स्वर्णिम सफलता पर उन्हें बधाई दी. उन्होंने कहा कि पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने वाले सुमित की कामयाबी पर पूरे देश को नाज है. उन्होंने कहा कि लगातार दो स्वर्ण पदक जीतकर सुमित खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं. इससे आने वाले समय में युवाओं को भी काफी प्रेरणा मिलेगी.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दीं बधाई



सुमित अंतिल की स्वर्णिम सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई संदेश भेजा. पीएम मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में सुमित के प्रदर्शन को असाधारण करार दिया. पुरुषों की जेवलिन F64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'सुमित ने असाधारण निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है. उनके आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं.

# रसातल में पाकिस्तानी क्रिकेट, फैंस का गुस्सा चरम पर

**एजेंसियां ।कराची**

पाकिस्तान के क्रिकेट फैन्स बौखलाए हुए हैं. उनके गुस्से का कारण पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का बांग्लादेश के आगे बिना लड़े सरेंडर है. बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को उसके घर में आकर दो टेस्ट मैच हराकर कागजी शेरों की पोल खोल दी है.पाकिस्तानी टीम का यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है, क्योंकि आज तक बांग्लादेश से पाकिस्तान कभी टेस्ट मैच नहीं हारा था (पहले सभी 10 टेस्ट मैच पाकिस्तान ने जीते थे). रसातल में पहुंच चुकी पाकिस्तानी टीम को लेकर वहां के क्रिकेट फैन्स और पूर्व खिलाड़ी सोशल मीडिया पर अपनी टीम को जमकर कोस रहे हैं.अंदरुनी परेशानियों से जूझ रहे पाकिस्तान में क्रिकेट एकमात्र सहारा है, जिससे वहां की जनता थोड़ी राहत महसूस करती है, लेकिन इनदिनों क्रिकेट भी पाकिस्तान को जख्म दे रहा है. टी-20 वर्ल्ड कप में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तानी क्रिकेट फैन्स को उम्मीद थी कि अपने घर में बांग्लादेश को बुलाकर उनके खिलाड़ी थोड़ी खुशी देंगे, लेकिन जिस बांग्लादेशी टीम को पाकिस्तान बेहद कमतर आंक रहा था, उस टीम ने क्रिकेट के हर क्षेत्र में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को औकात दिखाई है.

सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी क्रिकेट फैन्स अपने खिलाड़ियों के मीम्स शेयर कर रहे हैं. खासकर उनके निशाने पर पूर्व कप्तान बाबर आजम है, जो पिछली 16 पारियों में एक बार भी अर्द्धशतक तक नहीं पहुंचा है.

---

**हॉकी** हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ओलंपिक कांस्य अब बीती बात

# चीन में होनेवाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर हैं नजरें

**एजेंसी।नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने का जश्न खत्म करके अब चीन में इस महीने होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने पर फोकस करना होगा. हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता. हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा .हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, 'पेरिस ओलंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिये तैयार है. पेरिस ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है. हम अतीत के अच्छे प्रदर्शन के भरोसे नहीं रह सकते.' भारत के अलावा कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं. भारत को आठ सितंबर को चीन से खेलना है. इसके बाद नौ सितंबर को जापान से, 11 सितंबर को मलेशिया, 12 सितंबर को कोरिया और 14 सितंबर को पाकिस्तान से मुकाबला है. शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी जबकि फाइनल 17 सितंबर को है.



## हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चीन रवाना

**एजेंसी।बेंगलुरु**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मंगलवार को चीन के हुलुनबुइर के लिए रवाना हुई. पेरिस 2024 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अपना खिताब बचाने का प्रयास करेंगे. इस टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन भी शामिल हैं. भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ सितंबर को मेजबान चीन के खिलाफ करेगा. उसके बाद 9 सितंबर को जापान, 11 सितंबर को मलेशिया और 12 सितंबर को कोरिया से भिड़ेगा. 14 सितंबर को अंतिम पूल चरण मैच में भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा. पूल में शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी. इसके बाद विजेता टीमें 17 सितंबर को फाइनल में भिड़ेंगी. चीन रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "पेरिस ओलंपिक के बाद हमें एक छोटा ब्रेक मिला. एक नई ऊर्जा और फ्रेश माइंड के साथ टीम एशिया में सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने वाले देशों से भिड़ने और अपनी क्षमता साबित करने के लिए तैयार है. पेरिस में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा. हमारा लक्ष्य उच्च स्तर की हॉकी खेलना और अपनी लय बरकरार रखना होगा." उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने कहा, "इतनी कम उम्र में टीम का उप कप्तान बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. हालांकि, एक तरह से हम सभी टीम में कप्तान और उप कप्तान हैं और पूरी टीम की जिम्मेदारियां साझा हैं. इस बार टीम में कुछ नए खिलाड़ी हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं और जो प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं.



# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हमेशा मुकाबला 50-50 रहा : पैट कमिंस

**एजेंसी।नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगी. इस सीरीज में अभी करीब दो महीने से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन क्रिकेट जगत के गलियारों में इसकी चर्चा तेज हो गई है. सक्रिय क्रिकेटर से लेकर पूर्व क्रिकेटर तक दोनों टीमों की क्षमता पर बयान दे रहे हैं, और अब इस कड़ी में ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का नाम जुड़ गया है. कमिंस ने कहा, "बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और हमेशा मुकाबला 50-50 का रहा है." 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में महत्वपूर्ण पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे. भारत ने 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं. कमिंस ने हाल के वर्षों में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सामने आई चुनौतियों को स्वीकार किया. हालांकि, असफलताओं के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आत्मविश्वास से भरे हुए हैं.

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान ने भारत के खिलाफ पिछली असफलताओं को नहीं, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उनकी हालिया जीत को ध्यान में रखा है. कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो सीरीज में हम सफल नहीं रहे, इसलिए काफी समय हो गया है. लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपनी गलतियों को सुधारें. आप जानते ही होंगे कि हमने उनके खिलाफ कई बार खेला है, जहां उन्होंने हमें हराया है, लेकिन हमने उनके खिलाफ कई बार जीत भी दर्ज की है, जिससे हमें आत्मविश्वास मिलेगा. हमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की जीत को ध्यान में रखना चाहिए.



## ब्रीफ खबरें

### कटिहार में सात पैक्स अध्यक्षों पर केस दर्ज

**कटिहार ।** कटिहार जिला सहकारिता पदाधिकारी ने खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 में किसानों से धान की खरीदारी कर चावल की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को नहीं करने वाले सात पैक्स अध्यक्षों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है. इन सात पैक्स अध्यक्षों में उत्तरी भण्डारतल, भर्री, जाजा, किरोरा, शाहपुर, गायघट्टा और सालेहपुर शामिल हैं. इस संदर्भ में मंगलवार को सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 के दौरान 44993.854 टन धान की अधिप्राप्ति की गई थी.

### क्रासिंग बंद होने से ग्रामीणों में उबाल

**कटिहार ।** कटिहार रेलमंडल के तेलता और सुधानी रेल खंड के बीच स्थित टंगी गेट लेवल क्रासिंग को बंद करने की योजना के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया है. रेलवे अधिकारियों का दावा है कि क्रासिंग से आवाजाही कम है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण लोग कम आवाजाही करते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि क्रासिंग के आगे कब्रिस्तान है, जिसका इस्तेमाल बिजौल के लोग भी करते हैं. अगर क्रासिंग बंद होती है, तो उन्हें 4 से 5 किमी दूर से आना होगा. इसके अलावा, किसानों के खेत क्रासिंग के दोनों ओर हैं, जिससे समस्या उत्पन्न होगी.

### 36 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवादा ।** जिले के रजौली में मंगलवार को रजौली थानाक्षेत्र के सम्राट होटल के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक स्कूटी सवार शराब कारोबारी देशी महुआ शराब के साथ जा रहा है. सूचना के आलोक में उक्त स्थल पर पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया. स्कूटी सवार कारोबारी को जांच के लिए रोका गया और स्कूटी जांच के दौरान उक्त स्कूटी से 36 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ. शराब बरामदगी के बाद उक्त शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

### मंत्री अशोक चौधरी को मंत्रिमंडल से बाहर करने की उठने लगी आवाज, जदयू दफ्तर के बाहर लगा पोस्टर

# कहा-जब तक बर्खास्त नहीं होंगे, तब तक बर्दाश्त नहीं...

**संवाददाता ।पटना**

मंत्री अशोक चौधरी के द्वारा भूमिहार समाज पर दिए गए बयान को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है. पक्ष विपक्ष के तमाम भूमिहार नेता अशोक चौधरी का विरोध कर रहे हैं. इसी कड़ी में अब सवर्ण सेना के द्वारा जदयू कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया गया है. इस पोस्टर में मंत्री को दस सिर वाला रावण दर्शाया गया है. साथ ही लिखा गया है कि रावण रुपी अशोक चौधरी. जदयू कार्यालय के साथ साथ पटना के अलग-अलग सड़कों पर ये पोस्टर लगाया गया है. पोस्टर सवर्ण सेना के द्वारा लगाया गया है. साथ ही मंत्री को बर्खास्त करने की मांग भी की गई है. सवर्ण सेना ने कहा है कि जब तक बर्खास्त नहीं तब तक बर्दाश्त नहीं. पोस्टर को सवर्ण सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता पुरुषोत्तम राज के द्वारा लगाया गया है. इस पोस्टर को जदयू कार्यालय, इनकम टैक्स गोलंबर समेत कई जगहों पर लगाया गया है.




पोस्टर में अशोक चौधरी को रावण रूपी दिखाया गया है. प्रभु श्रीराम की तस्वीर है और नीचे भूमिहार लिखा गया है. श्रीराम के द्वारा रावण रूपी अशोक चौधरी पर तीर चलाते हुए दिखाया गया है. पोस्टर पर लिखा है रावण रूपी अहंकारी मंत्री अशोक चौधरी का घमंड तोड़ेगा बिहार का भूमिहार समाज. जातिवादी मानसिकता वाले मंत्री को बर्खास्त करो, जब तक बर्खास्त नहीं तब तक बर्दाश्त नहीं.

सवर्ण सेना ने कहा है कि एनडीए को वोट भी दे भूमिहार और अपमान भी भूमिहार, दोनों संभव नहीं. बता दें कि अशोक चौधरी ने जब से भूमिहारों को लेकर विवादित बयान दिया है तब से ही बिहार में सियासी हलचल तेज है. भूमिहार समाज के द्वारा अशोक चौधरी का विरोध किया जा रहा है. मंत्री ने जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी की हार का ठीकरा भूमिहारों पर फोड़ दिया था. उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रम में भूमिहारों को खुल्लम खुल्ला धमकाया. भूमिहारों को धमकाने के अंदाज में कहा, ऐसे में नहीं मिलेगा विस का टिकट, आपलोगों का कोई उसूल नहीं. इतना ही नहीं भूमिहारों के खिलाफ अति पिछड़ों को भी उकसाने की कोशिश की थी. जिसके बाद से उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है.

### नवगछिया के समीप मालगाड़ी हुई बेपटरी, ट्रेनों का परिचालन बाधित

**भागलपुर ।** कटिहार-बरौनी रेल खंड के नवगछिया के समीप एक बड़ा हादसा होने से टल गया है. नवगछिया स्टेशन के समीप मालगाड़ी डीरेल हो गई. मालगाड़ी के एक डिब्बे का पहिया खुल कर बेपटरी हो गया. यह मालगाड़ी उत्तरप्रदेश के फूलपुर से खाद लोड कर कटिहार जा रही थी. तभी नवगछिया स्टेशन पर ट्रेन बैक करने के दौरान यह हादसा हुआ है. घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है. दुर्घटना के बाद डाउन लाइन की गाड़ियों के परिचालन पर असर पड़ा है. कटिहार की ओर जाने वाली लाइन पर परिचालन अभी रुका हुआ है. अपलाइन से ही गाड़ियों का परिचालन कराया जा रहा है. स्थानीय टीम डिरेल हुई बोगी को ठीक करने में लगी हुई है.

वही बरौनी से भी टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है. बताया जा रहा है कि नवगछिया स्टेशन के मालगोदाम में मालगाड़ी को खड़ी की गई थी. वहां 22 बोगी से यूरिया खाद उतारा गया था. 25 बोगी को यूरिया खाद को कटिहार में अनलोड होना था. नवगछिया स्टेशन मालगाड़ी की एक बोगी बेपटरी हो जाने से आवागमन प्रभावित हो गया. मालगाड़ी को एक नंबर प्लेटफार्म पर लाने के दौरान नवगछिया स्टेशन पर इंजन की तरफ से 26वां बोगी और गार्ड की ओर से 17वां बोगी पटरी से उतर गई. इस कारण डाउन ट्रेक पर आवागमन प्रभावित हो गई. एक्सीडेंट रिलिफ ट्रेन बरोनी स्टेशन से मंगवाया जा रहा है. एआरटी ट्रेन आने के पश्चात ही दुर्घटनाग्रस्त बोगी को हटाया जा सकेगा.

### गया में पांच साल की मासूम के साथ हैवानियत

# बदमाशों ने पहले सामूहिक दुष्कर्म किया, फिर हत्या कर फेंक दी लाश

- वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

**संवाददाता ।गया**

गया जिले से पांच साल की बच्ची के साथ हैवानियत हुई है. हैवानों ने पहले उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसकी निर्मम हत्या कर दी. घटना की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस पहुंची और बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. वहीं वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. यह पूरा मामला सोमवार की रात्रि करीब दस बजे शेरघाटी थाना क्षेत्र की है.

मिली जानकारी के मुताबिक शेरघाटी थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की बच्ची के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. इसके बाद उसकी हत्या कर दी. घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. वहीं गांव के ही दो आरोपी युवकों को पकड़ कर गांव वालों ने पुलिस को सौंप दिया. दोनों आरोपी युवकों ने पुलिस और गांव वालों के सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया. फिलहाल पुलिस दोनों आरोपी गौतम और संदीप को गिरफ्तार कर लिया और थाने लाकर पूछताछ कर रही है.

**दो युवक बच्ची को उठाकर ले गए :** इस संबंध में गांव वालों ने बताया कि सोमवार की रात्रि बच्ची अपने मां के साथ सो गयी थी. रात्रि करीब दस बजे गांव के दो युवक बच्ची को उठा कर ले गया. कुछ देर में मां की आंख खुली तो बच्ची को खोजने लगी. इसी दौरान बच्ची की बड़ी बहन शौच के लिए नदी किनारे गई थी और कुछ युवकों को देख कर शोर मचाने लगी. गांव वालों ने गांव के ही दो युवक गौतम और संदीप को पकड़ लिया. उधर गांव वाले और परिजन बच्ची को खोज रहे थे. इसी बीच नदी किनारे बच्ची की लाश पड़ी थी. गांव वालों ने दोनों युवकों की पिटाई की तो आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया. घटना की सूचना के बाद शेरघाटी थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. साथ ही गांव वालों ने दोनों आरोपी युवक को पुलिस को सौंप दिया. इस संबंध में थाने की पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता ।भागलपुर**

जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 9वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ बीच सड़क पर एक युवक के द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है. स्कूल जा रही छात्रा को बीच सड़क पर रोककर मोहम्मद शेरू ने अचानक से छेड़खानी और मारपीट करने लगा. वहीं छात्रा ने बताया कि मैं सुबह अपने स्कूल जा रही थी. तभी अचानक से बीच सड़क पर मोहम्मद शेरू ने आकर मुझे रोक लिया और वह मुझसे मेरा मोबाइल नंबर मांगने लगा. मैंने उसे मोबाइल नंबर देने से मना कर दिया, तभी वह अचानक से मेरा हाथ पकड़ कर जबरदस्ती करने लगा और हमारे साथ मारपीट करने लगा. इसी बीच वहां आसपास के लोग जमा हो गए और मोहम्मद शेरू ने मुझे छोड़ दिया. डरी सहमी बच्ची किसी तरह अपने स्कूल पहुंची और सारी बात अपने शिक्षक को बताई और स्कूल के प्रधानाध्यापक घटनास्थल पर पहुंचे तो मोहम्मद शेरू और उसके परिवार वालों ने स्कूल के शिक्षक के साथ भी बदसलूकी करने लगे. छात्रा ने थाना में आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है. वहीं कहलगांव थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है.



### आरक्षण की सीमा बढ़ाने का मामला

## कानून को 9वीं अनुसूची में डालने की बात बेमानी : विजय चौधरी

**संवाददाता ।पटना**



बिहार सरकार में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि जब आरक्षण की सीमा बढ़ाने वाला कानून ही पटना हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है, तो इसके 9वीं अनुसूची में डालने की बात बेमानी है. वे मंगलवार को पार्टी कार्यालय में समस्तीपुर के कई लोगों के जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर बोल रहे थे. चौधरी ने कहा कि जातीय गणना सफलतापूर्वक कराकर पिछड़े, अति पिछड़े एवं दलित वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा बढ़ाने की सोच एवं परिकल्पना एकमात्र नीतीश कुमार की थी. यह सही है कि सभी दलों ने इसका समर्थन किया. फिर अचानक से किसी दल या दूसरे नेता द्वारा इसका श्रेय लेना बेतुका एवं आधारहीन है. उन्होंने कहा कि बिहार सरकार उक्त कानून को फिर से बहाल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मुस्तैदी से लगी हुई है. बिहार की जनता किसी गफलत में आने वाली नहीं है.

### नालंदा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का मामला

## पानी पीने से एक लड़की की मौत, नौ बीमार

**संवाददाता ।नालंदा**

नालंदा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कथित तौर पर दूषित पानी पीने से एक लड़की की मौत हो गई और कम से कम नौ छात्राएं बीमार पड़ गईं. नालंदा जिला प्रशासन ने कहा कि जिस लड़की की मौत हुई है, वह स्कूल की छात्रा नहीं थी और वह स्कूल में अपनी सहेलियों से मिलने आई थी.

नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने मंगलवार को कहा, कि स्कूल के अन्य छात्रों के अनुसार, स्कूल परिसर के अंदर लगे आरओ सिस्टम से पानी पीने के बाद सोमवार को कुछ छात्राओं ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की. बीमार छात्राओं को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई. यह लड़की स्कूल की छात्रा नहीं थी. बीमार नौ छात्राओं की हालत में सुधार हो रहा है.

**पानी के नमूने वैज्ञानिक जांच के लिए भेजे हैं : डीएम**

डीएम ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में लगे 'आरओ सिस्टम' से पानी पीने के बाद छात्राएं बीमार हुई हैं. हमारे संज्ञान में यह भी आया है कि स्कूल के 'आरओ सिस्टम' का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा था. हमने पानी के नमूने वैज्ञानिक जांच के लिए भेजे हैं.

जिला प्रशासन ने स्कूल के 'वार्डन' के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने का भी आदेश दिया है और उसे ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. उसके खिलाफ जल्द ही सख्त विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी.

## कारोबार

### सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को लगातार 5वें दिन गिरावट का रुख बना नजर आ रहा है. मंगलवार की गिरावट की वजह से 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर से और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये के स्तर से नीचे फिसल गया है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में मंगलवार को 24 कैरेट सोना 72,910 रुपये से लेकर 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी मंगलवार को लुढ़क कर 66,840 रुपये से लेकर 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है.

### कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है. ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है.
अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.09 डॉलर यानी 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 77.43 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है.

### 2023 में डबल हुआ भारत-रूस का व्यापार

**नयी दिल्ली ।** अमेरिका और सहयोगी देशों के द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद भी भारत और रूस के बीच आपसी व्यापार तेजी से बढ़ रहा है. पिछले साल यानी 2023 में दोनों देशों का आपसी व्यापार लगभग डबल होकर 65 बिलियन डॉलर के पार निकल गया. रॉयटर्स की एक हालिया रिपोर्ट में रूस के सबसे बड़े बैंक सबैंक के हवाले से यह जानकारी दी गई है. रिपोर्ट में सबैंक के डिप्टी सीईओ एनातोली पोपोव के हवाले से कहा गया- भारत के साथ रूस का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और द्विपक्षीय भुगतान को बिना किसी के परेशानी के प्रोसेस किया जा रहा है. हालांकि रूस को अन्य देशों के साथ आपसी भुगतान को प्रोसेस करने में परेशानियां हो रही हैं.




मुंबईः अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को मुंबई हवाईअड्डे पर पहुंचते हुए तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.

# नौ कैरेट सोने के ज्वेलरी की हॉलमार्किंग होगा अनिवार्य

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

आजकल सोने के दाम आसमान छू रहे हैं. इस कारण 9 कैरेट, 14 कैरेट, 18 कैरेट की ज्वेलरी की डिमांड भी बढ़ रही है. ऐसे में अब जल्द ही देश में 9 कैरेट सोने (केटी) के ज्वेलरी की हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया जा सकता है. आजकल के वक्त में जेनजेडएएस के बीच कम कैरेट की ज्वेलरी की बढ़ती डिमांड और चेन चोरी होने की घटनाओं को देखते हुए सरकार इस कदम को उठाने पर विचार कर रही है. गौरतलब है कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पहले ही 14 कैरेट, 18 कैरेट, 22 कैरेट, 23 कैरेट और 24 कैरेट की बनी ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया है. 2022 से ही यह नियम लागू हो चुके हैं. वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व का दूसरे सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है. आगे भी देश में ज्वेलरी की डिमांड बढ़ने वाली है. आगे आने वाले फेस्टिव सीजन और शादी के सीजन के कारण साल 2024 में सोने की डिमांड 750 टन तक पहुंचने की संभावना है. पिछले साल के मुकाबले 2024 की पहली छह महीने में देश में सोने की मांग में 1.5 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है.

**9 कैरेट ज्वैलरी का चलन तेजी से बढ़ा :** लाइव मिंट में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, आगे आने वाले दिनों में भारतीय मानक ब्यूरो ज्वेलरी सभी स्टेकहोल्डर्स ने इस मामले पर बातचीत करके इसे अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है. मामले से अवगत व्यक्ति ने जानकारी दी है कि आगे आने वाले दिनों में 9 कैरेट सोने की शुद्धता का जांच करके जल्द ही शुद्धता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा.



बता दें कि सोने की बढ़ती कीमतों के कारण में देश में 9 कैरेट ज्वैलरी का चलन भी बढ़ रहा है. अगस्त 2024 में 10 ग्राम सोने की कीमत 68,000 रुपये थी. वहीं 9 कैरेट सोने की कीमत 25,000 से लेकर 30,000 रुपये के बीच में थी.

**जीजेईपीसी ने इस कदम का किया स्वागत :** सोने की निर्यात का परिषद जीजेईपीसी ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे ग्राहकों को सही सर्टिफिकेट वाला शुद्ध गोल्ड मिल सकेगा. ध्यान देने वाली बात ये है कि एक समय पर देश में 22 कैरेट गोल्ड की सबसे ज्यादा मांग थी जो बाद में 18 कैरेट हो गई. वहीं अब 14 कैरेट और 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी की मांग में भी तेजी से इजाफा हो रहा है. पिछले कुछ दशकों में सोने की कीमतों में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है. इस कारण सोना चोरी और लूटपाट की घटनाओं में भी इजाफा देखने को मिल रहा है. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में चेन चोरी होने की देशभर में 7,000 घटनाएं दर्ज हुई थी. वहीं, 2022 में यह बढ़कर 9,278 पर पहुंच गई है. ऐसे में केवल एक साल में चेन चोरी होने की घटनाओं में 32.54 फीसदी का इजाफा दर्ज हुआ है.

### उतार-चढ़ाव के चलते सेंसेक्स-निफ्टी फ्लैट हुआ बंद

## डिफेंस बैंकिंग व कंज्यूमर स्टॉक्स में रही तेजी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी फ्लैट बंद हुआ है. हालांकि मंगलवार के सत्र में बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. मंगलवार के सेशन में मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में भी रौनक देखने को मिली है जिसके चलते बाजार का मार्केट कैप ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा है. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 82,555 और निफ्टी 25,279 अंकों पर फ्लैट बंद हुआ है. मंगलवार के ट्रेड में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में जोरदार खरीदारी देखी गई जिसके चलते निफ्टी का कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स 538 अंकों के उछाल के साथ क्लोज हुआ है. बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी का बैंक इंडेक्स 250 अंकों से ज्यादा उछाल के साथ बंद हुआ. इसके अलावा फार्मा स्टॉक्स में खरीदारी रही. जबकि आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी, रियल एस्टेट सेक्टर के शेयर गिरकर बंद हुए. मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में मंगलवार के सेशन में खरीदारी रही और निफ्टी में दोनों ही इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए.

**ऑलटाइम हाई पर मार्केट कैप :** भारतीय शेयर बाजार में तेजी खासतौर से बैंकिंग और मिड-कैप और स्मॉल-तैप शेयरों में खरीदारी के चलते मार्केट कैप रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है.

### 2024-25 वर्ल्ड बैंक ने बढ़ाया भारत के जीडीपी का अनुमान

# 7 फीसदी की ग्रोथ दिखाएगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में भले ही सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की जीडीपी घटकर 6.7 फीसदी रही हो लेकिन विश्व बैंक को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी के दर से ग्रोथ दिखाएगी. वर्ल्ड बैंक ने 2024-25 के लिए भारत के जीडीपी ग्रोथ रेट के अपने अनुमान को 6.6 फीसदी से 7 फीसदी कर दिया है.

भारत के जीडीपी अनुमान को बढ़ाने के पीछे वर्ल्ड बैंक का मानना है कि निजी खपत और निवेश में उछाल के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत प्रदर्शन करेगी जिसके चलते आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है. इससे पहले इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 भारत के लिए 7 फीसदी जीडीपी का अनुमान जताया है. आईएमएफ ने भी अपने अनुमान में 20 बेसिस प्वाइंट को बढ़ाकर 7 फीसदी किया था. भारत के बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 फीसदी के दर से भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास करने का अनुमान जताया है.




**भारत के बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 फीसदी के दर से भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास करने का अनुमान जताया है**

वर्ल्ड बैंक के मुताबिक कृषि क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में डिमांड में सुधार के दम पर मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की आर्थिक विकास दर 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है. जून 2024 में वर्ल्ड बैंक ने 6.6 फीसदी का अनुमान जताया था. विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा, चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ मजबूत बनी रहेगी. विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून तथा निजी खपत में सुधार के दम पर भारत के जीडीपी के पूर्वानुमान में संशोधन किया गया है. वर्ल्ड बैंक ने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट रिपोर्ट में कहा, भारत जो दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है उसकी आर्थिक विकास दर 2024-25 में सात फीसदी रहने की उम्मीद है. रिपोर्ट के मुताबिक कृषि क्षेत्र में सुधार से इंडस्ट्री में आई मामूली गिरावट की भरपाई हो जाएगी और सर्विसेज मजबूत बनी रहेगी. कृषि में सुधार से ग्रामीण मांग में भी मजबूती आएगी.

## पेज एक का शेष



### दिल्ली में झारखंड के लोगों..

इसमें लगभग वो सभी चीजें बनाई गई है। यहां रहने से लेकर खाने तक की जरूरत पूरी होगी. यहां आस-पास बहुत से सरकारी कार्यालय भी है. रेलवे स्टेशन भी बहुत करीब है. मेट्रो की सुविधा है. यहां बहुत सुगमता से आपने कार्यों को कर पाएंगे.

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है भवन :** कनॉट प्लेस के बंगला साहिब रोड में इस भवन का निर्माण कराया गया है. ये बिल्डिंग बेहद खास है. अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है. यहां कई सरकारी कार्यालय हैं. इसे देखते हुए इसका निर्माण कराया गया है. कार्यक्रम की शुरुआत मांदर-नगाड़े की थाप और पारंपरिक गीतों से की गयी. दिल्ली के जनजातीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य-गीत पेश किए.

**ये हुए शामिल :** झारखंड भवन के उद्घाटन के मौके पर राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति की झलक पेश की गयी. मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, हफीजुल अंसारी, इरफान अंसारी, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, सांसद जोबा माझी, महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहु, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव और विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो, केंद्र सरकार के सचिव अलका तिवारी, सचिव मनोज कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल सहित कई उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### बाड़मेर में फाइटर जेट मिग-29 क्रैश

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर में सोमवार रात वायुसेना का फाइटर जेट मिग-29 क्रैश हो गया. इस पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं. बताया जा रहा है कि बाड़मेर के कवास इलाके में सोमवार (2 सितंबर) रात 10 बजे के करीब वायुसेना का फाइटर जेट तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया, लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा.

### जींद में भीषण हादसा, सात की मौत

**जींद।** हरियाणा के जींद में मंगलवार देर रात एक भीषण हादसा हुआ. यहां टाटा मैजिक की तेज रफ्तार ट्रक से भिड़ंत हो गई. इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं. ये हादसा हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर हुआ. कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव के लोग राजस्थान के गोगामेड़ी धाम में पूजा के लिए जा रहे थे. वह सभी लोग टाटा मैजिक में सवार थे.

### मणिपुर में ड्रोन हमले पर बोले सीएम

**नयी दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को कुकी आतंकियों द्वारा ड्रोन के जरिए आम लोगों और सुरक्षा कर्मियों पर बम गिराने की घटना की निंदा की है. उन्होंने इसे आतंकी घटना बताया है. साथ ही कहा कि कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा. कहा, 'सरकार स्थानीय लोगों पर इस अकारण हमले के लिए कड़ी कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है.'

### शिक्षक भर्ती मामले में धरना-प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने की मांग करते हुए अभ्यर्थियों ने मंत्री आशीष पटेल और अनुप्रिया पटेल के घर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने मंत्री आशीष पटेल और अनुप्रिया पटेल के आवास को घेरकर इस भर्ती की पुरानी सूची तैयार करने वाले अधिकारियों को हटाने की मांग की.

### बीमा कार्यालय में आग लगी, दो मरे

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के पप्पनामकोड में पब्लिक सेक्टर जनरल इंश्योरेंस (बीमा) कंपनी 'न्यू इंडिया एश्योरेंस' के एक दफ्तर में मंगलवार को भीषण आग लग गई. इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों में से एक की पहचान वैष्णा (35) के रूप में हुई है, जो बीमा कंपनी की कर्मचारी थी. दूसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है.

### मशहूर नाटककार लौटाएंगे पुरस्कार

**कोलकाता।** मशहूर नाटककार चंदन सेन ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार-हत्या मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए राज्य पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया. चंदन सेन को साल 2017 में रंगमंच के क्षेत्र में राज्य का सर्वोच्च पुरस्कार 'दीनबंधु मित्र पुरस्कार' दिया गया था.

### सिंधुदुर्ग कलेक्टर का हुआ तबादला

**मुंबई।** राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग कलेक्टर का अचानक तबादला कर दिया है और इस पोस्ट को घटाकर गैर-आईएएस जूनियर प्रशासनिक स्तर श्रेणी का कर दिया है जिससे विभिन्न हलकों में लोग भौंचक हैं. सिंधुदुर्ग के कलेक्टर किशोर एस. तावड़े को एक सामान्य पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है.

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति का विमान जब्त

**कराकास।** वेनेजुएला ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो द्वारा इस्तेमाल किए गए विमान को वाशिंगटन द्वारा जब्त किए जाने की निंदा करते हुए इसे 'बार-बार होने वाला आपराधिक कृत्य' बताया है. रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने डोमिनिकन गणराज्य में विमान को जब्त कर लिया है. उसने दावा किया है कि इस विमान की खरीद में अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन हुआ है.

### लाल सागर में हूती का फिर हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र हूती समूह ने लाल सागर में पनामा ध्वज वाले "ब्लू लैगून" जहाज पर हमले की जिम्मेदारी ली है. हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने सोमवार को हूती द्वारा संचालित अल-मसीराह टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, "हमने लाल सागर में जहाज ब्लू लैगून को निशाना बनाते हुए कई मिसाइलों और ड्रोन के जरिए सीधा हमला किया."

### तुर्किये में अमेरिकी सैनिकों पर हमला

**अंकारा।** तुर्किये के इजमिर में दो अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया गया. हमलावर कुछ युवक थे जो दक्षिणपंथी तुर्की युवा समूह के सदस्य हैं. हमले में शामिल 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है. तुर्किये के युवा संघ (टीजीबी) ने एक बयान जारी कर कहा, 'हमने अमेरिका के सबसे बड़े हमलावर जहाज यूएसएस वास्प पर तैनात अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया है.'

### बुलडोजर से भरोसे का माहौल बना

**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को केंद्र की योजनाओं और विपक्ष के बयानों पर प्रतिक्रिया दी. जयराम रमेश द्वारा जाति जनगणना को लेकर आरएसएस पर उठाए गए सवाल पर मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोगों के लिए जाति जनगणना राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है. जाति जनगणना सामाजिक सरोकार से जुड़ा सवाल है.

यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का ब्रुनेई का पहला द्विपक्षीय दौरा, भारत-ब्रुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों के 40 साल पूरे, 4 को सिंगापुर रवाना होंगे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे ब्रुनेई, क्राउन प्रिंस ने किया भव्य स्वागत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्रुनेई पहुंच गए. उनका स्वागत क्राउन प्रिंस ने किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के निमंत्रण पर 3 और 4 सितंबर को ब्रुनेई की यात्रा पर हैं. इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरे से दोनों देश के ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी.

इससे पहले दारुस्सलाम और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए. भारत-ब्रुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों ने 40 साल पूरे कर लिए हैं. इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई दारुस्सलाम के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने पहुंचे हैं. यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई का पहला द्विपक्षीय दौरा है. रवाना होने से पहले इस यात्रा को लेकर पीएम ने अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं. कहा, "अगले दो दिनों में मैं ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर का दौरा करूंगा. इन देशों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, भारत के इन देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा." पोस्ट में मुलाकात का पूरा ब्योरा दिया गया है. आगे लिखा है, भारत-ब्रुनेई दारुस्सलाम राजनयिक संबंधों ने 40 शानदार वर्ष पूरे कर लिए हैं. मैं महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने के लिए उत्सुक हूं. सिंगापुर में, मैं राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली ह्सियन लूंग और ईएसएम गोह चोक टोंग के साथ बातचीत करूंगा. हम प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं. मोदी 4 सितंबर को ब्रुनेई से सिंगापुर के लिए रवाना होंगे. वहां वे सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली ह्सियन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे. मोदी सिंगापुर के बड़े कारोबारियों से भी मुलाकात करेंगे, जिनसे डिजिटलाइजेशन और सतत विकास के नए और उभरते क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया. एजेंसी

### पीएम मोदी का ब्रुनेई दौरा क्यों है अहम

करीब साढ़े चार लाख की आबादी वाले ब्रुनेई का प्रधानमंत्री मोदी का दौरा ऐतिहासिक है. ब्रुनेई एक छोटा तेल समृद्ध सल्तनत है. यह दक्षिण-पूर्व एशिया में जनसंख्या के हिसाब से सबसे छोटा देश भी है. आधिकारिक तौर पर यह मुस्लिम देश है और मलय इसकी आधिकारिक भाषा है. इसकी भौगिलिक स्थिति भी काफी अहम है. यह दक्षिण-पूर्वी एशिया, बोर्नियो द्वीप के उत्तरी तट के साथ, दक्षिण चीन सागर और मलेशिया की सीमा पर स्थित है .दक्षिण चीन सागर के जरिए हिंद और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के करीब है. इसकी अर्थव्यवस्था लगभग तेल और गैस के व्यापार पर आधारित है.

छह बंधकों की मौत से बढ़ा हमास से संघर्ष विराम समझौता करने का दबाव

# चौतरफा घिरे पीएम नेतन्याहू

**एजेंसी। तेल अवीव/गाजा/लंदन**

ग़ज़ा में शनिवार को मृत पाए गए छह इसराइली बंधकों को वापस लाने में नाकाम रहने पर प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू पर अपने सहयोगी देशों का संघर्ष विराम समझौता के लिए दबाव बढ़ता जा रहा है. उधर हमास ने चेतावनी दी है कि अगर युद्धविराम पर समझौता नहीं हुआ तो अन्य बंधक भी 'कफ़न में अपने घर लौटेंगे.' नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब समझौता वार्ता को अंजाम देने के उनके तरीक़े को लेकर इसराइल में दूसरी रात भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा. दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दबाव बढ़ रहा है क्योंकि ब्रिटेन ने ये कहते हुए इसराइल को और हथियार देने पर रोक लगा दी है कि उनका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय क़ानून के उल्लंघन के लिए हो सकता है. लेकिन इसराइली प्रधानमंत्री अब भी अपने रुख़ पर अड़े हुए हैं और उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ग़ज़ा के फिलाडेल्फ़ी कॉरिडोर पर इसराइली सेना का नियंत्रण ज़रूरी है. हमास के साथ समझौता वार्ता में यह कॉरिडोर प्रमुख मुद्दा बना हुआ है. सोमवार को ताज़ा विरोध-प्रदर्शनों में हज़ारों इसराइली जनता सड़कों पर उतर आई. बंधकों के परिवार ने 11 महीने बाद भी उनके प्रियजनों को घर वापस लाने में नेतन्याहू की विफलता के ख़िलाफ़ ग़ुस्से का इजहार करने के लिए इस प्रदर्शन का आह्वान किया था. वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू के लिए कहा कि वो बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौते और युद्धविराम के लिए पर्याप्त कोशिश नहीं कर रहे हैं. बाइडन ने ये बात ऐसे वक़्त पर कही है, जब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि अमेरिका की तरफ़ से इसराइली पीएम को एक और नया "अंतिम" प्रस्ताव भेजा जा सकता है. बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर अचानक हमला किया था. हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 अन्य को बंधक बना लिया गया था. इसके बाद से ही इजरायल की सेना हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला कर रही है.



### गाजा-मिस्र बॉर्डर पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर पर आईडीएफ की तैनाती इजरायल के लिए रणनीतिक जरूरत : नेतन्याहू

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि गाजा-मिस्र बॉर्डर पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर पर इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) को तैनात रखना देश की सुरक्षा के लिए ''रणनीतिक जरूरत'' और अनिवार्य है. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि 14 किमी लंबी ये जमीन की पट्टी इजरायल के लिए अपने युद्ध उद्देश्यों को पूरा करने के लिए जरूरी है. उन्होंने कहा कि फिलाडेल्फी कॉरिडोर हमास को हथियार मुहैया कराने का एक मुख्य रास्ता है. 2005 के विघटन के बाद इजरायल ने मिस्र के साथ एक सीमा को छोड़कर गाजा की सभी सीमाओं को नियंत्रित किया. इसी सीमा के माध्यम से हथियार गाजा पट्टी तक पहुंचे और हमास के लोगों को हथियार दिए गए. नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल को यह सुनिश्चित करने के लिए इस क्षेत्र



पर नियंत्रण रखना चाहिए कि हथियारों की तस्करी न हो. नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हमास को वीकेंड में गाजा सुरंग में छह बंधकों की कथित हत्या के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. इस बीच, हमास ने एक प्रेस बयान में साफ किया कि शव इजरायली सेना को राफा में एक सुरंग में मिले थे. उन्होंने यह भी कहा कि वे इजरायली गोलाबारी में मारे गए. इजरायल में रविवार और सोमवार को लाखों इजरायली लोगों ने रैली निकाली. उन्होंने मांग की कि नेतन्याहू गाजा में बंधकों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए हमास के साथ युद्ध विराम पर बातचीत करें.

### इजरायल को कुछ हथियार निर्यात नहीं करेगा ब्रिटेन लगाई गई आंशिक रोक

यूके सरकार ने इजरायल के साथ हो रहे हथियारों के कुछ निर्यात लाइसेंस पर रोक लगा दी है. साथ में कहा गया है कि उस पर प्रतिबंध पूरी तरह से नहीं लगाया गया है, ये आंशिक है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक विदेश सचिव डेविड लैमी ने सोमवार को देश की संसद को इस विषय पर जानकारी दी. उन्होंने कहा कि करीब 350 में से 30 हथियारों के निर्यात लाइसेंस पर रोक लगा दी गई है. लैमी ने कहा कि हमारे आकलनों से स्पष्ट है कि यूके के हथियारों का इस्तेमाल अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन करने के लिए किया जा सकता है. विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो महीने के आकलन से गाजा में चल रहे संघर्ष में इजरायल के आचरण से चिंताएं उत्पन्न हुई हैं. इजरायल ने यूके सरकार के इस कदम की निंदा करते हुए इसको हमास और ईरान के पक्ष में लिया गया फैसला करार दिया. विदेश मंत्री काट्ज ने अपने एक बयान में यूके सरकार के इस कदम को इजरायल के लोगों के लिए बहुत ही निराशाजनक बताया. काट्ज ने कहा कि ''इजरायल कानून का पालन करने वाला देश है'' और ब्रिटेन जैसे मित्र देश से उन्हें इजरायल के समर्थन की उम्मीद थी. इसके बाद उन्होंने उम्मीद जताई कि ''इजरायल और ब्रिटेन के बीच गहरी दोस्ती'', जो इजरायल के एक देश बनने के समय से चली आ रही है, वह आगे भी कायम रहेगी.

### हमास ने इजरायल को दी चेतावनी, कहा- 'जिद नहीं छोड़ी तो बंधकों की वापसी ताबूत में होगी'

हमास ने इजरायल को चेतावनी दी है कि सैन्य दबाव के जरिए बंधकों को रिहा कराने की उसकी जिद के परिणाम बुरा होगा. बंधकों को "ताबूतों में अपने परिवारों के पास पहुंचाया जाएगा." हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने सोमवार को एक बयान में कहा, "कैदियों की सुरक्षा के लिए तैनात लड़ाकों को नए निर्देश दिए गए हैं. उन्हें बता दिया गया है कि इजरायली सेना के बंदी गृहों तक पहुंचने से पहले बंधकों से कैसे निपटना है." शिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में ओबैदा के हवाले से ये जानकारी दी गई है. रिपोर्ट के मुताबिक ओबैदा ने कहा है कि बंधकों की मौत के जिम्मेदार इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इजरायली आर्मी होगी. उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, "नेतन्याहू समझौते के बजाय अगर सैन्य दबाव से काम लेंगे तो जान लें कि बंधक ताबूतों में अपने परिवारों के पास लौटेंगे. अब उनके परिवारों को यह चुनना है कि वे उन्हें (बंधकों) जीवित चाहते हैं या मृत." यह बयान गाजा से दो महिलाओं और चार पुरुषों के शव बरामद होने के बाद आया है.

# आंध्र प्रदेश में हालात खराब नौसेना ने बचाई 22 की जान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आंध्र प्रदेश में लगातार बारिश के बाद कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. ऐसे में भारतीय नौसेना आंध्र प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी है. नौसेना के मुताबिक यहां एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) तैनात किए गए हैं. नौसेना की मदद से विभिन्न इलाकों में फंसे हुए 22 लोगों को बचाया गया है. आंध्र प्रदेश में लगातार बारिश के बाद बाढ़ जैसी स्थिति के कारण स्थानीय प्रशासन से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, भारतीय नौसेना के विमान, बाढ़ राहत दल (एफआरटी) और विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान की गोताखोरी टीमों को तैनात किया गया है. यह टीमें मानवीय सहायता और आपदा राहत का कार्य कर रही हैं. नौसेना के मुताबिक प्रभावित इलाकों में खोज और बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए कुल चार हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान तैनात किया गया है.

नौसेना ने यहां दो एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर और दो चेतक हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं. नौसेना के मुताबिक जहां फंसे हुए लोगों को खतरनाक स्थिति से बाहर निकाल गया है. वहीं अत्यधिक पानी बढ़ जाने के कारण फंसे हुए व्यक्तियों के लिए 1000 किलोग्राम से अधिक भोजन हवाई मार्ग से एयर ड्रॉप किया गया है. आंध्र प्रदेश में बचाव प्रयासों को बढ़ाने के लिए 10 एफआरटी भी तैनात किए गए हैं. आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए



अतिरिक्त नौसेना कार्य दल और संबंधित उपकरणों के साथ बचाव दल को स्टैंडबाय रखा गया है. गौरतलब है कि बीते दिनों केरल के वायनाड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ था. तब वहां भी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) का इस्तेमाल किया गया था.

### उत्तरकाशी में भूस्खलन की संभावना, घर खाली करने के दिए गए नोटिस

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में वरुणावत पर्वत के आसपास लैंडस्लाइड जोन में लोगों को उनके घर खाली करने का नोटिस दिया गया है. हाल के दिनों में इस क्षेत्र में भूस्खलन की कई घटनाएं हुई हैं, जिसके चलते जिला प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए सभी निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया है. प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तरकाशी में हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद ऊपर की पहाड़ियों पर भूस्खलन हुआ था, जिससे आगे होने वाली बारिश में ऊपर का मलबे नीचे आने की संभावना है.

# जेल से भागने की कोशिश में 129 कैदियों की मौत

**एजेंसी। किंशासा (कांगो)**

कांगो की राजधानी किंशासा में माकाला सेंट्रल जेल से भागने की कोशिश में कम से कम 129 कैदी मारे गए और 59 अन्य घायल हो गए. सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उप-प्रधानमंत्री तथा गृह एवं सुरक्षा मंत्री जैकमैन शबानी ने बताया कि मरने वालों की संख्या 129 हो गई है. इनमें से 24 की मौत 'चेतावनी' के बाद गोलीबारी से हुई, और अन्य की मौत धक्का-मुक्की या दम घुटने से हुई. उन्होंने बताया कि कम से कम 59 घायल कैदियों की इलाज किया जा रहा है. इसके अलावा,



कुछ महिलाओं की भी इलाज किया जा रहा है जिनके साथ कथित तौर पर रेप किया गया था. शबानी ने कहा कि जेल तोड़ने के प्रयास के दौरान प्रशासनिक भवन, रजिस्ट्री, अस्पताल और खाद्य डिपो में आग लगा दी गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने शिन्हुआ को बताया कि सोमवार तड़के मकाला केंद्रीय कारागार में कई घंटों तक गोलियों की आवाजें सुनी गईं. न्याय मंत्री कॉन्स्टेंट मुताम्बा ने जुलाई में कहा था कि मकाला केन्द्रीय कारागार में कैदियों की अधिक संख्या को कम करने के लिए 1,284 कैदियों को सशर्त रिहा किया जाएगा. एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, 1,500 कैदियों की क्षमता वाली इस जेल में 12,000 से अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश अभी दोषी नहीं ठहराये गये हैं. मकाला सेंट्रल जेल में भागने की पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं. वर्ष 2017 में एक धार्मिक संप्रदाय ने जेल पर हमला किया था और दर्जनों कैदियों को छुड़ा लिया था.

### नेतृत्व परिवर्तन पर पार्टी हाईकमान के फैसले का करेंगे पालन: सिद्धारमैया

**मैसूर।** मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की चर्चा के बीच सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टी आलाकमान और विधायकों के निर्णय का पालन करेंगे. मुख्यमंत्री ने यह बात अपने गृहनगर मैसूर में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए कही. पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता आर.वी. सिद्धारमैया ने कहा कि मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा? इस संबंध में पार्टी के विधायक और आला कमान निर्णय लेंगे. वे जो भी निर्णय वे लेंगे, मैं उसका पालन करूंगा.

# पाकिस्तान में हुए भूस्खलन की चपेट में आई यात्री वैन

- दो सैनिकों समेत तीन की मौत, बीते 24 घंटों में मानसून से संबंधित घटनाओं में 20 लोग मारे गए, 43 लोग हुए घायल

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक यात्री वैन भूस्खलन की चपेट आ गई. इस हादसे में दो सैनिकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया. दासू के जिला पुलिस अधिकारी मुख्तियार अहमद ने बताया कि सोमवार को उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र की ओर जा रही यात्री वैन दासू क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आ गई.

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के कुछ हिस्सों में और अधिक बारिश होने की संभावना है. जिससे कई क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ की वजह से यात्रा और भी मुश्किल हो जाएगी. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले महीने पाकिस्तान में बीते 24 घंटों में मानसून से संबंधित घटनाओं में 20 लोग मारे गए थे. जिससे अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 215 हो गई है. एनडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बारिश से उत्पन्न दुर्घटनाओं और बाढ़ के कारण कुल 43 लोग घायल हुए हैं. वहीं जुलाई में शुरू हुए मानसून सीजन में अब तक घायल होने वालों की संख्या 405 हो गई है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मृतकों में 108 बच्चे और 32 महिलाएं शामिल हैं. पूर्वी पंजाब प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां 86 लोगों की मौत हुई. इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में 65 और दक्षिणी सिंध प्रांत में 37 लोगों की मौत हुई है.



### बीते दो माह में वर्षा जनित दुर्घटनाओं में 293 लोगों की मौत

पाकिस्तान में पिछले दो महीनों में मानसून की बारिश से उत्पन्न दुर्घटनाओं में कुल 293 लोग मारे गए हैं और 564 अन्य घायल हुए हैं. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने कहर बरपाया हुआ है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, प्राधिकरण ने बताया कि भारी बारिश के कारण देश भर में 19,572 घर, 39 पुल और कई स्कूल आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं. इसके अलावा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक लगभग 1,077 मवेशी भी मारे गए हैं. अधिकांश क्षति और हताहतों की सूचना पूर्वी पंजाब प्रांत से मिली, जहां मूसलाधार बारिश के कारण 112 लोगों की जान चली गई और 302 अन्य घायल हो गए. वहीं, उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 88 लोगों की मौत हो गई और 129 घायल हो गए. एजेंसी ने कहा कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है.

**उपलब्धि** ड्रोन को करेगा बेअसर, उत्पादन का दस्तावेज नौसेना आयुध निरीक्षण महानिदेशक (डीजीएनएआई) को सौंपा

# डीआरडीओ का आधुनिक शेल, नौसेना को बनाएगा शक्तिशाली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय नौसेना को आधुनिकतम फायरिंग शेल मिलने जा रहा है. यह रक्षा उत्पादन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है. इससे एक ओर जहां नौसेना की शक्ति बढ़ेगी वहीं नौसेना ड्रोन के खिलाफ भी मजबूती से मुकाबला करने में सक्षम बनेगी. डीआरडीओ ने मंगलवार को 30 एमएम हाई एक्सप्लोसिव प्रीफॉर्म्ड फ्रैगमेंटेशन (एचईपीएफ) शेल के उत्पादन का दस्तावेज नौसेना आयुध निरीक्षण महानिदेशक (डीजीएनएआई) को सौंपा है. इसे मौजूदा एके-630 नेवल गन से दागा जा सकता है. इस आधुनिक शेल की विशेषताएं इन-सर्विस एम्युनिशन के समान हैं. एचईपीएफ शेल बेहतर विखंडन या फ्रैगमेंटेशन घातकता प्रदान करता है. इसका यह गुण इसे ड्रोन के झुंडों को बेअसर करने में प्रभावी बनाता है. डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला एआरडीई द्वारा विकसित यह 30 एमएम एचईपीएफ शेल, ड्रोन के विरुद्ध भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में और अधिक वृद्धि करेगा. यह निर्माण आयुध अनुसंधान एवं विकास स्थापना के निर्देशों और नौसेना आयुध निरीक्षणालय, जबलपुर के सहयोग से गन फायरिंग प्रूफ परीक्षणों के अधीन किया गया है. परीक्षण परिणामों ने एके 630 गन में इस आधुनिकतम शेल के अनुकूलन की उपयुक्तता की पुष्टि की है, जिसके बाद इस 30 एमएम हाई एक्सप्लोसिव प्रीफॉर्म्ड फ्रैगमेंटेशन शेल के समावेशन का मार्ग प्रशस्त हो सका है.

### एचईपीएफ शेल के समावेशन की मंजूरी

दस्तावेज सौंपे जाने के साथ ही, रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय (नौसेना)/डीजीएनएआई ने एचईपीएफ शेल के समावेशन की मंजूरी प्राप्त कर ली है. रक्षा मंत्रालय के अनुसार सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शेल के विनिर्माण का कार्य शुरू करने हेतु एआरडीई द्वारा 30 एमएम एचईपीएफ शेल के लिए उत्पादन दस्तावेज़ तैयार किया गया है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने उत्पादन दस्तावेज सौंपे जाने के लिए एआरडीई को बधाई दी है. इस समारोह के दौरान डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और नौसेना मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे.

### भारत के पहले लड़ाकू मानव रहित विमान ने भरी उड़ान



बेंगलुरु में मंगलवार को फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस के संस्थापक सुहास तेजस्कंदा, सीईओ नरसिम्हन और मुख्य तकनीकी अधिकारी प्रज्वल के साथ. मंगलवार को बेंगलुरु में भारत के पहले लड़ाकू मानव रहित विमान, एफडब्ल्यूडी 200बी ने पहली उड़ान भरी. **(फोटो : आईएएनएस)**

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)